माघ शुक्ल पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 20 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 331, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 16

माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज 15

# डबल इंजन सरकार ने निवेशकों के अनुकूल बनाया माहौल

- प्रधानमंत्री ने यूपी व योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा कर सभी राज्यों और राजनीतिक दलों को सबक लेने का दिया संदेश
- बोले, आपने जितना कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी@4.0**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के बहुप्रतिक्षित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में शामिल हुए और रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं की शुरुआत की। यहां उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश की प्रशंसा करते हुए अन्य राज्यों को यहां से सबक लेने का संदेश दिया। कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले सात साल में डबल इंजन सरकार ने लालफीताशाही को हटाकर निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाया है और उनके स्वागत के लिए 'लाल कालीन' बिछाए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और उत्तर प्रदेश से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब उत्तर प्रदेश की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। स्वयं को उत्तर प्रदेश का सांसद बताकर यहां से जुड़ी हर उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि उद्योग जगत के साथियों के लिए उत्तर प्रदेश में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी उतना सोचा नहीं होगा जितनी तेजी से उत्तर प्रदेश अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। मोदी ने कहा कि चुनाव सिर पर होने के बावजूद निवेशक विश्वास के साथ सरकार की नीतियों, योजनाओं, प्रस्तावों के साथ खड़े हैं। कहा कि सात साल पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उप्र. में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीना झपटी की ही खबरें आती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि उत्तर प्रदेश को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है जो राज्य की तस्वीर बदलने वाले हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने विभिन्न उद्योग समूहों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी की शुरुआत की और स्टालों को देखा। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह समेत औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी और राज्यपाल आनंदी बेन।

- रिमोट का बटन दबाकर किया 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदर्शनी देखी




प्रदर्शनी में एक स्टॉल का अवलोकन करते प्रधानमंत्री।

## रक्षामंत्री ने की मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तारीफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है, जो राज्य को विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि किसी भी विचार, घटना या मुद्दे को अलग तरीके से देखने का प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आश्वस्त हूं कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ेगा और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश को वैश्विक पटल पर आगे ले जाएंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन की खास बातें

- जब भी पर्यटन को निकलें, कुल बजट के 20 प्रतिशत से लोकल वस्तु अवश्य खरीदें
- उत्तर प्रदेश में ना केवल क्राइम कम हुआ बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ
- चुनाव नजदीक होने पर लोग नए निवेश से बचते हैं किंतु उत्तर प्रदेश ने सोच तोड़ दी
- तब की सरकारों की सोच थी कि नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ, तरसा के रखो
- मोदी की गारंटी के साथ ही पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न देने की गारंटी मान रही
- पुरानी सोच को हमने बदला, जीवन आसान होगा तो निवेश-कारोबार भी आसान होगा
- जबतक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिलता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठने वाली
- यही वो समाजिक न्याय है, जिसका सपना जेपी नारायण और लोहिया जी ने देखा था
- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मुफ्त बिजली मिलेगी, अतिरिक्त कमाई भी होगी
- देश-दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर पहुंचना चाहिए भारत में उत्पादित खाद्य पदार्थ

## योगी ने श्रीगणेश की मूर्ति भेंट कर किया स्वागत



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री का आभार जताते हुए आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। योगी ने यहां अपने संबोधन में यूपी की व्याख्या 'अनलिमिटेड पोटेंशियल' शब्दावली से की।

## जब योगी की नम आंखें बनीं चर्चा का विषय



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगभग 15 मिनट के स्वागत के भाषण के बीच अचानक उनकी नम होतीं आंखे देखकर सभी चौंक गए। प्रधानमंत्री ने भी इस पर गौर किया। पहले ऐसा लगा कि योगी की आंखों में कुछ चला गया है और उन्हें अपनी पलकें तेजी से झपकाते हुए लगभग बंद कर लेनी पड़ रहीं हैं। हालांकि योगी ने न तो अपना संबोधन रोका और न ही वह शब्दों से डगमगाए। इसी बीच उन्होंने अपना भगवा रंग का रुमाल निकाल कर आंखें पोंछ लीं। योगी के इस संकल्प-शक्ति की चर्चा रही, सभी ने प्रशंसा की।

## कांग्रेस के लोग परिवार को ही भारत रत्न देते रहे



प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। दुर्भाग्य से ये बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे हैं।

## एक नजर

### चंदा कोचर व उनके पति की गिरफ्तारी अनुचित

**मुंबई।** बम्बई उच्च न्यायालय ने ऋण धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर तथा उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को 'सत्ता का दुरुपयोग' करार देते हुए कहा कि कोचर दंपती की गिरफ्तारी 'बिना सोचे समझे' और कानून का उचित पालन किए बिना की गई थी। न्यायमूर्ति अनुजा प्रभुदेसाई और न्यायमूर्ति एनआर. बोरकर की खंडपीठ ने छह फरवरी को कोचर की गिरफ्तारी को अवैध ठहराया था।

### रिश्वत लेते हुए ईपीएफओ अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने सोमवार को सॉफ्टवेयर कंपनी से दो लाख रुपये रिश्वत लेते हुए ईपीएफओ के अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि तमिलनाडु के तिरुनेवेली में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में कार्यरत अधिकारी पी. काबिलन को पता चला था कि कंपनी को नए कर्मचारियों के ईपीएफ योगदान से नई नौकरियों के सृजन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र की योजना के तहत तीन करोड़ रुपये मिले हैं। उसने 15 लाख रिश्वत मांगी थी।

### आईआईएम के 3 परिसरों का आज होगा लोकार्पण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को जम्मू, बोधगया और विशाखापत्तनम में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के परिसरों का उद्घाटन करेंगे और 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इनमें आईआईटी भिलाई, आईआईटी तिरुपति, आईआईटी जम्मू, आईआईआईटीडीएम कांचीपुरम, कानपुर में आईआईएस और उत्तराखंड के देवप्रयाग एवं त्रिपुरा के अगरतला में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के दो परिसर शामिल हैं।

# सपा ने 11 और सीटों पर उम्मीदवार उतारे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**लोकसभा चुनाव**

- मुख्तार के भाई अफजाल की गाजीपुर से उम्मीदवारी बनी चर्चा
- नीरज मौर्य आंवला, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप लड़ेंगे चुनाव

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी (सपा) ने सोमवार को उप्र से 11 और लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। इस सूची में दो नाम ऐसे हैं जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गए। सपा ने गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी और मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक को प्रत्याशी बनाया है। मुजफ्फरनगर, रालोद के प्रभाव वाली सीटों में से एक है। ऐसे में अब साफ हो गया है कि सपा और रालोद के रास्ते जुदा हैं। हरेंद्र मलिक को पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाटों का बड़ा नेता माना जाता है। मलिक अल्पसंख्यक समाज में भी अच्छी पकड़ रखते हैं।

अफजाल अंसारी के गाजीपुर से सपा के सिंबल पर लड़ने की चर्चा पहले से ही थी। हाल ही में अखिलेश ने उन्हें टिकट देने के संकेत दे दिए थे। संवादाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा था कि आप जैसा सोच रहे हैं वैसा ही है। साल 2016 में अफजाल की पार्टी कौमी एकता दल के सपा में विलय को लेकर ही अखिलेश नाराज हुए थे और अखिलेश का शिवपाल से पहली बार मनमुटाव भी शुरू हुआ था। अफजाल ने उस वक्त पत्रकारों से कौमी एकता दल के सपा में विलय का फैसला रद करने के लिए अखिलेश यादव को ही जिम्मेदार ठहराया था। सपा की लोकसभा उम्मीदवारों की इस दूसरी सूची में पीडीए की झलक भी दिख रही है। सूची में कई चेहरे पुराने हैं। गाजीपुर और मुजफ्फरनगर के अलावा सपा ने आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा, मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, चंदौली से वीरेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पहली सूची में 16 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए थे।

## ईडी के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को आबकारी नीति मामले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। उनकी आम आदमी पार्टी (आप) ने ईडी के छठे समन को अवैध बताते हुए कहा कि एजेंसी को केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। केजरीवाल को ईडी ने छठी बार समन भेजा है। केजरीवाल द्वारा इस मामले से संबंधित कई समन को नजरअंदाज करने पर जांच एजेंसी ने शहर की एक अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

# मां ने दो बेटियों का गला घोंटा

संवाददाता, स्वार (रामपुर)

- अपने पेट में दरांती घोंपकर की जान देने की कोशिश
- आरोपी मां रात भर बेटियों के शवों के पास बैठी रही



रोशनी व महक के फाइल फोटो।

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के मझरा खेमवाला में रविवार देर रात छह माह की गर्भवती मां ने अपनी दो बेटियों रोशनी (9) और महक (5) की गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने पेट में दरांती (हंसिया) घोंपकर आत्महत्या का प्रयास किया। देवर अमित उर्फ गुड्डू ने बंद कमरे में भाभी व भतीजियों को जगाने के लिए आवाज दी तो कोई हलचल नहीं हुई। खिड़की की जाली काटकर देखा तब घटना का पता चला। परिजनों ने घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि गांव लच्छीवाला के मझरा खेमवाला निवासी अमर सिंह का बेटा अरविंद उत्तराखंड के पिपलिया सुल्तानपुर पट्टी स्थित रेडिको खेतान कंपनी में सुरक्षा गार्ड है। रविवार रात वह ड्यूटी पर था तभी उसकी पत्नी संतोष ने बेटी रोशनी व महक की हत्या कर दी। आरोपी मां रात भर बेटियों के शवों के पास बैठी रही। आत्महत्या करने का भी प्रयास किया। सुबह पति ने फोन किया तो पत्नी का मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद उसने भाई अमित को फोन किया तो वह भाभी संतोष के कमरे पर पहुंचा। आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कमरे की खिड़की की जाली काटकर देखा तो बच्चियों के शव बिस्तर पर पड़े थे। महिला भी वहीं पड़ी थी उसके पेट में दरांती घुसी हुई थी। एसपी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से परेशान थी।

# किसान नेताओं ने एमएसपी पर केंद्र का प्रस्ताव ठुकराया

चंडीगढ़, एजेंसी

- 21 फरवरी को दिल्ली कूच करने का किया एलान

किसान नेताओं ने सरकारी एजेंसियों द्वारा पांच साल तक दाल, मक्का और कपास की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किए जाने के केंद्र के प्रस्ताव को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि यह किसानों के हित में नहीं है तथा बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी कूच करने का एलान किया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हम सरकार से अपील करते हैं कि या तो हमारे मुद्दों का समाधान किया जाए या अवरोधक हटाकर हमें शांतिपूर्वक विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली जाने की अनुमति दी जाए। किसानों के साथ वार्ता के बाद, तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा एमएसपी पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव दिया था।

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने सरकार के प्रस्ताव को सोमवार को खारिज कर दिया कि इसमें किसानों की एमएसपी की मांग को भटकाने की कोशिश की गई है और वे स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट में अनुशंसित एमएसपी के लिए 'सी -2 प्लस 50 प्रतिशत फूर्मला से कम कुछ भी स्वीकार नहीं करेंगे। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि हमारे दो मंचों पर चर्चा करने के बाद यह निर्णय लिया गया है कि केंद्र का प्रस्ताव किसानों के हित में नहीं है और हम इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हैं। पंधेर ने कहा कि हम 21 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे दिल्ली के लिए शांतिपूर्वक कूच करेंगे।

# संभल में मोदी ने किया कल्कि धाम का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, संभल




प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करते मुख्यमंत्री साथ में आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य।

**नवजागरण**

- प्रधानमंत्री बोले- यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का अद्भुत पल है
- मोदी के नेतृत्व में आस्था का सम्मान व आजीविका की गारंटी दोनों हैं : योगी

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संभल जिले के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का एक और अद्भुत क्षण है। आज यूपी में प्रभु राम और प्रभु कृष्ण की भूमि से भक्ति भाव और आध्यात्मिकता की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री सोमवार को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी व साधु-संतों के साथ ही भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री सीधे कल्कि धाम के गर्भगृह पहुंचे। उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्माओं ने वैदिक मंत्रों के बीच पूजन कराया। प्रधानमंत्री ने पूजन के बाद कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला को स्थापित किया। शिलान्यास के बाद सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने ही 22 जनवरी को देश ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 साल के इंतजार को पूरा होते देखा है। अरब की धरती पर आबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं। अब हम यहां संभल में भगवान कल्कि धाम के शिलान्यास के गवाह बन रहे हैं। मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कालखंड में हमने विश्वनाथ धाम के वैभव को काशी की धरती पर निखरता हुआ देखा है। महाकाल के महालोक की महिमा हमने देखी है। हमने सोमनाथ का विकास देखा है, केदार घाटी का पुनर्निर्माण देखा है। हम विकास और विरासत के मंत्र को भी आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे देश के संत और आचार्य नए मंदिर बनवा रहे हैं वैसे ही मुझे ईश्वर ने राष्ट्र रुपी मंदिर के नवनिर्माण का दायित्व सौंपा है। मैं दिन रात राष्ट्र रुपी मंदिर को भव्यता देने में लगा हूं उसके गौरव का विस्तार कर रहा हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और न ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जैसे शबरी को राम के आने का विश्वास था वैसे ही उन्हें भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन का विश्वास था। प्रधानमंत्री के साथ जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, स्वामी कैलाशानंद ब्रह्मचारी व सद्गुरु रितेश्वर जी महराज भी मंचासीन रहे।

## ‘अमृत विचार’ आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ. प्र.

## शहर में आज



- मिस्टनगंज स्थित स्थित दुर्गा मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ प्रातः 5 : 30 बजे।
- सीबीएसई की उर्दू की परीक्षा सेंट एथोनी हायर सेंकेड्री स्कूल में सुबह 10 :30 बजे

# कई दरोगा हुए इधर से उधर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार की देर शाम कई दरोगा इधर से उधर कर दिए हैं। जबकि कई दरोगा को पुलिस लाइन से थानों में तैनाती दी गई है।

दरोगा रमेश चन्द दुबे को प्रभारी चौकी चौक से थाना कोतवाली भेजा है। इसके अलावा अमित कुमार सिंह को चौकी प्रभारी मसवासी से प्रभारी चौकी चौक थाना कोतवाली, रोहित कुमार को थाना स्वार से चौकी प्रभारी मसवासी बनाया गया है। इसके अलावा दरोगा अशोक कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी जिला चिकित्सालय कोतवाली बनाया। दिनेश कुमार यादव को प्रभारी चौकी कोसी मन्दिर से थाना साइबर क्राइम, राम सिंह भदौरिया को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी कोसी मन्दिर भेजा है। कृष्ण कुमार सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी बाजार, कुशलपाल सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी कस्बा स्वार भेजा है। बीना देवी को चौकी रज्जड़ गंज से पुलिस लाइन, मनोज कुमार पांडेय को पुलिस लाइन से चौकी रज्जड़ थाना गंज भेजा गया है। पंकज कुमार को प्रभारी चौकी मंडी गंज से थाना मिलक, अभिनव देशवाल को प्रभारी चौकी हवालिया से चौकी प्रभारी, गौरव कुमार को पुलिस लाइन से चौकी हवालिया शहर, शिवराज सिंह को थाना गंज से न्यायालय सुरक्षा भेजा है। फूल सिंह को न्यायालय सुरक्षा से थाना गंज भेजा है। नीरज कुमार शर्मा को पुलिस लाइन से थाना सिविल लाइन, संदीप कुमार को पुलिस लाइन से थाना सिविल लाइन भेजा है। अशोक को पुलिस लाइन से थाना सिविल लाइन, संजीव कुमार को पुलिस लाइन से थाना शाहबाद भेजा है। रमाकन्त मिश्रा को पुलिस लाइन से शाहबाद और राजेश्वर सिंह को पुलिस लाइन से थाना सिविल लाइन भेजा गया है।

### कोआर्डिनेटर भेजेंगे दावेदारों के नामों की सूची, दौड़ में बेगम नूरबानो, अफरोज अली खां और संजय कपूर

# कांग्रेस से टिकट पाने में कौन पड़ेगा भारी, 11 ने पेश की दावेदारी

सुहेल जैदी, रामपुर

**अमृत विचार :** रामपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए 11 कांग्रेसी नेताओं ने दावेदारी पेश की है। दौड़ में बेगम नूरबानो, अफरोज अली खां और संजय कपूर शामिल हैं। हालांकि, नूरमहल का पलड़ा भारी है क्योंकि, कांग्रेस की राजनीति की धुरी हमेशा से नूरमहल रहा है। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो वर्ष 1996 और वर्ष 1999 में लोकसभा का चुनाव जीती थीं। सूत्र बताते हैं कि बेगम नूरबानो चुनाव लड़ने वालों की कांग्रेस की सूची में प्रथम श्रेणी में हैं।



पूर्व सांसद बेगम नूरबानो।



अफरोज अली खां।



पूर्व विधायक संजय कपूर।

पूर्व सांसद नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां के दौर में रामपुर कांग्रेस का गढ़ होता था। जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष, सभी विधायक और सांसद समेत अधिकतर ग्राम प्रधान कांग्रेस के होते थे। इस विरासत को बेगम नूरबानो ने वर्ष 1996 में लोकसभा चुनाव जीतकर आगे बढ़ाया। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी से वर्ष 1998 में चुनाव हार गईं। इसके बाद उन्होंने मुख्तार अब्बास नकवी को वर्ष 1999 में करारी शिकस्त देकर चुनाव जीत लिया। बेगम नूरबानो वर्ष 2004 में फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा से चुनाव हार गईं। इसके बाद बेगम नूरबानो वर्ष 2009 में एक बार फिर पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा से चुनाव हारीं। इस चुनाव के बाद जिले में कांग्रेस के वोटों का ग्राफ नीचे आना शुरू हो गया।

पूर्व विधायक अफरोज अली खां वर्ष 2004 में बसपा से लोकसभा चुनाव लड़े थे और वह एक लाख 30000 हजार वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे। दूसरे स्थान पर पूर्व सांसद बेगम नूरबानो रहीं और फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने यह चुनाव जीत लिया था। पूर्व विधायक संजय कपूर एक बार बिलासपुर विधानसभा से विधायक रहे चुके हैं।

### आजम खां के जेल में होने से कांग्रेस को मिल सकता है लाभ

पूर्व मंत्री आजम खां दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सीतापुर जेल में बंद हैं। इस मामले में उन्हें और उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम को सात साल की सजा हुई है। आजम खां के जेल में बंद होने से लोकसभा चुनाव में इस बार नतीजे चौंकाने वाले हो सकते हैं। क्योंकि नवाबों और आजम खां का हमेशा 36 का आंकड़ा रहा है। इस बार आजम खां जेल में हैं और उनके कहने के मुताबिक, रामपुर जिले में लोकसभा सीट पर सपा का प्रत्याशी घोषित होगा। सूत्र बताते हैं कि आजम खां इस बार कमजोर प्रत्याशी उतारकर नूरमहल को लाभ पहुंचा सकते हैं।

> जनपद रामपुर की लोकसभा सीट से कांग्रेस का टिकट पाने के लिए 11 लोगों ने दावेदारी पेश की है। जिले की रिपोर्ट शीघ्र ही हाईकमान को सौंप दी जाएगी। पार्टी का प्रत्याशी कौन होगा, यह हाईकमान को तय करना है।
> –हाजी इकराम कुरैशी, लोकसभा क्षेत्र कोआर्डिनेटर

### ये हैं दावेदार

बेगम नूरबानो, अफरोज अली खां, संजय कपूर, धर्मेंद्र देव गुप्ता, प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित, मुतीउर रहमान खां उर्फ बब्लू, आलमगीर अंसारी, हाजी नाजिश आदि शामिल हैं।

## एक नजर

### रोहित कुमार बने मसवासी चौकी प्रभारी

**मसवासी, अमृत विचार :** मसवासी चौकी प्रभारी अमित चौधरी को थाना शहर कोतवाली की चौक चौकी का चार्ज मिलने के बाद रोहित कुमार को मसवासी चौकी प्रभारी का कार्यभार सौंपा गया है। मसवासी चौकी प्रभारी अमित चौधरी लगभग बीते तीन माह से उपनगर मसवासी चौकी पर तैनात थे। आगामी लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कई थाना व चौकी प्रभारियों का तबादला किया है। जिसके क्रम में मसवासी चौकी प्रभारी अमित चौधरी को शहर कोतवाली की चौकी चौक का प्रभारी बनाया है। वहीं उनकी जगह रोहित कुमार को मसवासी चौकी प्रभारी नियुक्त किया है।

### किसान के निधन पर जताया शोक

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सड़क हादसे का शिकार हुए मुंडिया कलां गांव निवासी किसान राम कुंवर के घर पहुंचकर भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने अपनी शोक संवेदना जताई। उन्होंने अपने पदाधिकारियों व किसानों के साथ दो मिनट का मौन भी रखा। मृतक की आत्मा की शांति व परिजनों के धैर्य के लिए प्रार्थना की है।

# सीबीएसई : 583 परीक्षार्थियों ने दी हिंदी की परीक्षा

### 12वीं के 16 छात्र रहे अनुपस्थित, नौ केंद्रों पर हुई परीक्षा, इलेक्टिव हिंदी के एक परीक्षार्थी को लेकर केंद्र पर रही विशेष निगरानी

कार्यालय संवावाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में रविवार को सीबीएसई 12वीं के हिंदी की परीक्षा में 583 परीक्षार्थी शामिल हुए। पहले दिन 16 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्रों के गेट पर तलाशी ली गई। परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रही। सरल प्रश्न पत्र देखकर परीक्षार्थी खुश नजर आए।

सीबीएसई 12वीं के हिंदी में 599 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थी केंद्रों पर पहुंचे। प्रथम दिन हिंदी कोर व हिंदी इलेक्टिव विषयों की परीक्षा हुई। केंद्र में प्रवेश करते ही अपनी परीक्षा कक्ष संख्या जानने को उत्सुक दिखे। कक्ष में परक्षार्थियों की तलाशी ली गई। कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा हुई। कक्ष निरीक्षकों ने सख्त निगरानी की। हिंदी इलेक्टिव विषय में केवल दो अभ्यथियों ने पंजीकरण कराया था। उनका परीक्षा केंद्र दयावती मोदी एकेडमी मोदीपुर आवंटित किया गया था। इनमें से केवल एक परीक्षार्थी ने परीक्षा दी, जबकि एक गैर हाजिर रहा। हिंदी कोर विषय में 597 अभ्यर्थियों का पंजीकरण हुआ था। इसमें 582 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 15 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्न पत्र आसान तो रहा, लेकिन हिंदी में लिखने को अधिक होता है। इसलिए दीर्घ सूत्रीय उत्तर विस्तार से लिखने के लिए समय अवधि कुछ अधिक होनी चाहिए।



ग्रीनवुड स्कूल परीक्षा केंद्र में प्रश्न पत्रों को लेकर चर्चा करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आते छात्र। ● अमृत विचार



> प्रश्नपत्र सरल होने से कोई खास दिक्कत नहीं हुई। इंग्लिश मीडियम वालों को हिन्दी का पेपर कठिन लगता है। पेपर करने में बहुत आनंद आया। – किशोर कुमार



> बहुत सरल प्रश्नपत्र रहा। हांलकि परीक्षा देने से पहले प्रश्नपत्र को लेकर डर लग रहा था। लेकिन, प्रश्न पत्र हाथ में आने के बाद हाथ नहीं रुका लगातार लिखते रहे। – मनीष



> हिंदी विषय अंग्रेजी के मुकाबले कुछ कठिन लगता है। पर इस बार प्रश्न पत्र आसान रहा लेकिन, लिखने को बहुत था, उसको शार्ट करके लिखा है। –नीरज कुमार



> हिंदी विषय में दीर्घ सूत्रीय उत्तर विस्तार से लिखना होता है। इसके लिए समय हिंदी में अतिरिक्त देना चाहिए। हिन्दी की प्रश्न पत्र सरल था इससे राहत मिली। – अनुराग

### इन केंद्रों पर हुई परीक्षा

ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल में 28, केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ में 30, सनवे स्कूल में 43, सेंट एंथनी स्कूल फॉर गर्ल्स में 183 सापेक्ष 179, सेंट मेरी स्कूल में 22 सापेक्ष 21, सेंट पॉल्स स्कूल पनवरिया में 14, दयावती मोदी एकेडमी मोदीपुर में 58, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल में 83 एवं न्यू एज पब्लिक स्कूल बिलासपुर में 136 सापेक्ष 126 अभ्यर्थियों ने परीक्षा केंद्रों में हिंदी कोर विषय की परीक्षा दी।

### हिंदी इलेक्टिव विषय का एक परीक्षार्थी रहा गैर हाजिर

सिटी कोआर्डिनेटर डॉ. सुमन तोमर ने बताया कि परीक्षा केंद्र दयावती मोदी एकेडमी में एक परीक्षार्थी हिंदी इलेक्टिव विषय का भी शामिल हुआ। जिसके लिए एक अतिरिक्त परीक्षा कक्ष व कक्ष निरीक्षकों को निरीक्षण के लिए सुनिश्चित किया गया। हालांकि इलेक्टिव हिंदी विषय में दो अभ्यर्थियों का पंजीकरण था। इनमें एक अभ्यर्थी अनुपस्थित ही रहा।

## मेले में 139 को मिला रोजगार, खिले चेहरे

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक के जनूनागर में केमरी रोड स्थित साफ्ट सॉल्यूसन्स के प्रशिक्षण केंद्र में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें 139 अभ्यर्थियों का नौकरी के लिए चयन किया गया। सभी को प्रशास्ति पत्र बांटे गए।

गांव जनूनागर केमरी रोड स्थित साफ्ट सॉल्यूसन्स के प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार सुबह 10 बजे रोजगार मेला लगा। मेले का उद्घाटन नोडल अधिकारी, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन डॉ. मोहम्मद आसिफ, मंडल संयोजक व्यापार मोर्चा भाजपा कमल शर्मा एवं प्रबन्धक एसबीएम एकेडमी ने किया। विभिन्न नियोक्ता कम्पनियों ने चयनित युवक-युवतियों को नियुक्त पत्र एवं कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षत हुए प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न सेवायोजन कंपनियों द्वारा युवक-युवतियों का साक्षात्कार किया गया। रोजगार मेले में लगभग 242 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसके सापेक्ष विभिन्न सेवायोजन कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के बाद कुल 139 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया।

# प्रानपुर रोड के अतिक्रमण पर गरजी जेसीबी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तोपखाना स्थित प्रानपुर रोड पर नगर पालिका परिषद की टीम ने 12 स्थानों से अतिक्रमण हटवाया। सड़क किनारे फड़, ठेले विक्रेताओं और दुकानों पर लगे टिनशेड हटाई। इस कार्रवाई से आसपास के दुकानदारों में खलबली मची रही। दुकानदारों से दोबारा से अतिक्रमण नहीं करने को कहा।

सोमवार अपराह्न तीन बजे नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के निर्देशानुसार, कर विभाग के राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डॉ. अविनाश के नेतृत्व में टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची। टीम ने दुकानों के आगे अस्थायी अतिक्रमण को जेसीबी हटवाना शुरू किया।



तोपखाना स्थित प्रानपुर रोड पर चबूतरे को तोड़ती जेसीबी।

नगर पालिका के एमआरएफ सेंटर तक दुकानों के आगे टिनशेड और चबूतरों को जेसीबी से ध्वस्त कराया। टीम की इस कार्रवाई को देखते हुए अन्य दुकानदारों ने सामान समेटना शुरू कर दिया। सड़कों पर होर्डिंग-बैनर और फ्लैक्सी लगे थे, उनको भी हटा दिया। इस दौरान टीम ने लोगों को दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत भी दी। कहा कि अगर किसी ने दोबारा अतिक्रमण किया तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवेंद्र गौतम, द्वारिका नाथ, सम्पत्ति लिपिक सद्दाम समेत कोतवाली पुलिस मुस्तैद रही।

### 10 दिन पहले लोगों को दिए गए थे नोटिस

तोपखाना स्थित प्रानपुर रोड के अतिक्रमणकारियों को दस दिन पहले नोटिस दिए गए थे। जिसमें सप्ताह भर का समय भी दिया गया था। समय सीमा पूरी होने पर फोर्स नहीं मिलने के कारण अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। स्थिति यह हो गई थी कि कई कई फिट बाहर सामान रखकर सड़क को संकरा कर दिया था। जिससे आए दिन राहगीरों को जाम की समस्या को झेलना पड़ता था। समयावधि पूरी होने पर पालिका की ओर से सोमवार को टीम ने अतिक्रमण अभियान चलाया गया। पालिका अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमण हटाए जाने के लिए नोटिस दिए गए थे। हीं हटाए जाने पर अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया है।

> तोपखाना स्थित प्रानपुर रोड पर अस्थायी अतिक्रमण को हटा दिया गया है, दुकानदारों को चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण होता मिला तो जुर्माने के संग कार्रवाई की जाएगी।
> –दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका परिषद

## किसानों को संगठन से जोड़ें पदाधिकारी

**मिलक, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में कैंप कार्यालय पर पंचायत हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती के लिए गांवों में जाकर चौपालों पर बैठकर किसानों को संगठन में जोड़ने का काम करें।

जिले में संगठन की मजबूती के लिए बहुत जल्द एक समीक्षा बैठक प्रदेश अध्यक्ष कुर्मी हरिनाम सिंह वर्मा और युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह की अगुआई में होगी। जिले की स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए उच्चधिकारियों से प्रदेश अध्यक्ष बात करेंगे। बैठक में जिला प्रमुख सचिव प्रेम पाल सिंह, तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र गंगवार, जिला उपाध्यक्ष हरपाल सिंह, ओम प्रकाश, नरेंद्र गंगवार, कल्लू राम पांडे आदि रहे।

# सड़क पर उतरेंगे किसान : हसीब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू (टिकैत) से जुड़े किसान अगले आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। एमएसपी की गारंटी पर कानून समेत कई मांगों को लेकर 21 फरवरी को ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी।

प्रदेश कार्यालय में सोमवार को हुई पंचायत में प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 21 फरवरी को जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर रैली निकाली जाएगी। एमएसपी समेत विभिन्न मांगों को लेकर कलक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन होगा। किसान इसके लिए तैयार रहें और ज्यादा से ज्यादा ट्रैक्टरों के साथ प्रदेश कैंप कार्यालय पर पहुंचे। प्रदेश महासचिव ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों का आंदोलन खत्म कराने के लिए जो वादे किए थे, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हो सका। प्रदेश महासचिव ने ब्लाक और तहसीलवार पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी। पंचायत में मंडल उपाध्यक्ष मोहम्मद तालिब, राहत खां, मुराद हुसैन, जुबैद आलम, रामोतार, मास्टर सुब्हान अली, होम सिंह, साबिर अली, अर्जुन सिंह, लाला, गुफरान अली गुलाम मोहम्मद, शाने आलम, चौधरी राजपाल सिंह, नल सिंह, पिंकू चौधरी, रघुबर सिंह, दीप चंद लोधी, हरपाल सिंह, गोपाल सिंह, नेकपाल सिंह भी मैजूद रहे।



किसानों को संबोधित करते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

**भाकियू के प्रदेश कार्यालय में हुई पंचायत में बनाई रणनीति**

**व्यवस्था** स्वार और शाहबाद के 16 स्कूलों में लगे पैनल, 219 स्कूलों में लगेंगे

# सोलर पैनल लगवाने के लिए भेजा प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग ने 219 परिषदीय विद्यालयों में रोशनी के लिए सोलर पैनल लगाने का प्रस्ताव भेजा है।अब शासन से आदेश होने का विभाग इंतजार कर रहा है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद स्कूल सौर ऊर्जा से रोशन होंगे। इससे शिक्षकों को काफी राहत मिलेगी।

बेसिक शिक्षा स्कूलों को इंग्लिश मीडियम की तर्ज पर बनाने की पहल की गई है। स्कूलों में बच्चे ज्यादा से ज्यादा अपना दाखिल कराए। शासन की ओर से कुछ न कुछ नए तरीकों से बच्चों को जागरूक किया जाता रहता है। जिले में मौजूद समय में 1596 स्कूल है।अब विभाग द्वारा सोलर पैनल लगवाने के लिए कवायद की जा रही है। विभाग द्वारा कुछ माह पहले ही प्रधानमंत्री जन विकास योजना के तहत 219 स्कूलों में सोलर पैनल लगवाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया। इससे सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उधर, स्कूलों में पैनल लगाने का काम चल रह है। स्वार और शाहबाद ब्लॉक क्षेत्र 16 स्कूलों में कुछ माह पहले सोलर पैनल लग गए थे। इसके बाद बच्चों और शिक्षकों को काफी राहत मिल गई। बच्चे आसानी से प्रोजेक्टर से पढ़ना सीख रहे हैं। अब विभाग और स्कूलों में सोलर पैनल लगवाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।



सोलर पैनल।

> प्रधानमंत्री जन विकास योजना के तहत 219 स्कूलों में सोलर पैनल के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, हालांकि 16 स्कूलों में पहले से सोलर पैनल लगे हुए हैं। –संजीव कुमार, बेसिक शिक्षाधिकारी

## मदरसा बोर्ड की परीक्षा से 171 परीक्षार्थी रहे नदारद

**रामपुर, अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड की परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। दोनों पालियों में 171 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहली पाली में मुंशी, मौलवी और दूसरी पाली में आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्रों का जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने निरीक्षण भी किया। पहली पाली में 540, दूसरी पाली 547 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुल 1087 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

सुबह आठ से 11 बजे प्रथम पाली में 663 में से 123 परीक्षार्थी, दूसरी पाली अपरान्ह दो बजे से शाम पांच बजे तक 595 में से 48 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि दोनों पालियों में आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई।

# देश का भविष्य बनाने में युवा निभाएं भूमिका

कार्याल संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने कहा कि युवाओं को देश का भविष्य रचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। भारत की आजादी के 75वें वर्ष के निर्णायक पड़ाव पर देश 2047 तक अगले 25 वर्षों में अमृत भारत का निर्माण करने की विकास यात्रा पर बढ़ रहा है। इससे पहले स्वयं सेवकों ने गांव घाटमपुर में स्वच्छता जागरूकता निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के पहले दिन राष्ट्रीय एकता और युवा का पाठ पढ़ाया गया। गांव घाटमपुर वाल्मीकि मंदिर परिसर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आरंभ प्राचार्य ने प्रार्थना और राष्ट्रीय सेवा योजना गीत के साथ कराया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. दशरथ सिंह ने स्वयं-सेविकाओं से कहा कि शिक्षा के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रम छात्रों के जीवन को बेहतर बनाते हैं। विभिन्न बीमारी जैसे दिल का दौरा, हार्टअटैक, मिर्गी बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि भीम अनार्य ने स्वच्छता पर महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजिया परवीन ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य ही सेवा, चाहे वो समाज की हो या देश की। डॉ. इफ्तेखार अहमद कादरी ने कहा कि जीवन को शिक्षा के द्वारा ही ठीक किया जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रीति लता तथा डा. मोहम्मद कासिम ने राष्ट्रीय एकता और युवा विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। डा.निशात बानो, डॉ. नागेन्द्र पाल, डॉ. मनोरम, डॉ. प्रीति बाला, डॉ. योगेश चंद्र ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. प्रीति लता ने किया जबकि, डॉ. मोहम्मद कासिम ने सभी का आभार जताया।



कार्यक्रम में शामिल छात्राएं, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

**शिविर**

**स्वयं सेविकाओं ने निकाली जागरूकता रैली**

## एक नजर

### डूंगरपुर के तीन मामलों में कोर्ट में हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के तीन मामलों में सोमवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान बचाव पक्ष की ओर सफाई साक्ष्य पेश किए गए। इस मामले में अब 22 फरवरी को सुनवाई होगी। 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने लोगों ने गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। पूर्व मंत्री आजम खां के इशारे पर उनसे मारपीट, लूटपाट कर उनके घर को जेसीबी ध्वस्त करने का आरोप लगाया था। इन मुकदमों में आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली, जिबरान समेत अन्य कई आरोपी हैं। इस मामले में सोमवार को कोर्ट में सुनवाई हुई।

### नकली नोट छापने के मामले में किशोर बरी

**रामपुर, अमृत विचार :** नकली नोट छापने के मामले में कोर्ट ने आरोपी किशोर को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। मामला स्वार थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां के रहने वाले किशोर को स्वार पुलिस ने नकली नोट छापने के मामले में वर्ष 2014 में पकड़ा था। अधिवक्ता जफर मोहम्मद खान ने बताया कि किशोर को न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है।

### टिप्पणी मामले में विवेचक ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान अब्दुल्ला आजम ने आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। विवेचक ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में पांच मार्च को सुनवाई होगी। लोकसभा चुनाव के दौरान अब्दुल्ला आजम ने कोतवाली क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी। उनके खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज हुआ था।

### तमंचों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को नया गांव की तरफ जाने वाले खड़ंजे से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों के पास से 315 बोर का एक-एक तमंचा व एक-एक कारतूस बरामद हुआ। मोहल्ला भट्टी टोला के रहने वाले इन आरोपियों में मुशर्रफ खां पुत्र फज्जन खां तथा नादिर पुत्र नाजिम शामिल हैं। इन्हें गिरफ्तार करने वाले उप निरीक्षक राजीव त्रिपाठी तथा अमित कुमार ने शस्त्र अधिनियम में मुकदमें दर्ज कराए हैं। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि दोनों के विरुद्ध कातिलाना हमला, गैंगस्टर, चोरी, गुण्डा एक्ट आदि की धाराओं में दर्जन भर से अधिक मुकदमे पहले से भी दर्ज हैं।

### भगवान राम पर टिप्पणी में नाबालिग पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** गांव गुलड़िया कलां निवासी प्रकाश सागर ने सोमवार सुबह अपनी इंस्टाग्राम आईडी से भगवान राम पर अमर्यादित टिप्पणी की। हिंदी संगठनों की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच की तो पता चला कि आईडी दिल्ली से ऑपरेट हो रही थी। इस पर दिल्ली से भी अलर्ट जारी हुआ। पोस्ट पर शाहबाद क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियां थीं। शाहबाद पुलिस को सक्रिया किया गया। कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि पोस्ट करने वाला कोतवाली क्षेत्र के गुलड़िया गांव का रहने वाला नाबालिग है। इसकी उम्र 14 साल है। दिल्ली में रहकर मजदूरी करने गया था, वहीं से उसने पोस्ट की। हालांकि उसके बारे में जानकारी जुटाने पर दिल्ली से ले आया गया। बचाव में भीम आर्मी से जुड़े कुछ लोग भी कोतवाल से मिलने पहुंचे। विहिप के शाहबाद नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता ने मामला दर्ज कराया है।

## दुष्कर्म पीड़िता के पिता ने एसपी से लगाई गुहार

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा। कहा कि गांव के कुछ लोग उसकी पुत्री का अपहरण कर ले गए थे। छेड़खानी कर दुष्कर्म किया था। कई दिन बाद गांव में छोड़ गए थे।

पुलिस ने घटना को छेड़खानी में दर्ज किया। न्यायालय में बयान के बाद भी आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म की धारा नहीं बढ़ाई गई। अब आरोपी फैसला करने का दबाव बना रहे हैं। ग्रामीण का आरोप है कि आरोपी उसे धमकियां देकर मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। बताया कि गांव के ही छह युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इनमें एक युवक हत्या का आरोपी भी शामिल है। पुलिस से शिकायत करने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। 17 फरवरी को आरोपियों ने घर पर में घुसने की कोशिश की। ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक से जांच कर और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### हत्या करने के बाद मोबाइल फोन किया स्विच ऑफ, परिजनों ने खिड़की तोड़कर देखा तो बेसुध मिली घायल संतोष

# बेटियों को मारने के बाद रातभर शवों के पास रही हत्यारोपी मां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/स्वार

**अमृत विचार :** लच्छीवाला के मझरा खेमवाला निवासी सुरक्षा गार्ड अरविंद की गर्भवती पत्नी संतोष दोनों बेटियों की हत्या के बाद रातभर शवों के पास ही रही। इस दौरान उसने दराती घोंपकर खुद को भी घायल किया। उसने हत्या के बाद अपना मोबाइल का स्विच ऑफ कर लिया। पत्नी का मोबाइल स्विच ऑफ आने पर सुबह नौ बजे अरविंद ने अपने छोटे भाई अमित उर्फ गुड्डू को फोन किया और पत्नी के मोबाइल का स्विच खुलवाने को कहा। जब भाई ने जाकर देखा भाभी के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर कमरे के अंदर से कोई हलचल न होने पर उसे शक हुआ। महिला के देवर ने दराती से कमरे की खिड़की की जाली काट अंदर जाकर देखा तो दोनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी। भाभी के पेट में दरांती घुसी हुई थी।



दो बच्चियों की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

#### हत्याकांड

देवर ने बेहोश घायल भाभी के पेट से दरांती निकाली। चीख पुकार सुनकर परिजन आ गए। दोनों बेटियों की हत्या का राज खुला।

बताया कि मिलक क्षेत्र के गांव पटिया निवासी संतोष की शादी 2010 में अरविंद से हुई थी। वैवाहिक जीवन में संतोष ने चार बेटियों को जन्म दिया। आसपास



भर्ती घायल संतोष।

के लोगों ने बताया कि उसकी दो बेटियों की पहले ही बीमारी से मौत हो चुकी है। अब दो बेटियां रोशनी कक्षा छह और महक कक्षा दो की छात्रा थी। वे दोनों गांव के ही मौर्या पब्लिक स्कूल में पढ़ती थी। रविवार को पति दोनों बेटियों और पत्नी को छोड़कर ड्यूटी करने चला गया था। घर में पत्नी संतोष (33) और दोनों बेटियां थीं। अरविंद के पिता अमर सिंह ने बताया कि देर रात भोजन करने के बाद बहू संतोष अपनी दोनों बेटियों के साथ कमरे में जाकर सो गई। सुबह पूरा परिवार जाग गया, लेकिन अरविंद की पत्नी व उसके बच्चे नहीं उठे। अमित ने जाकर देखा तो कमरा अंदर से बंद था। आवाज लगाने के बाद भी कोई उत्तर नहीं मिला। उसने कमरे की खिड़की और उसकी जाली तोड़कर अंदर देखा तो बच्चे बिस्तर पर पड़े और संतोष बेसुध थी। संतोष ने रात को दोनों बेटियों का गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद पूरी रात दोनों के शवों को देखती रही। सुबह सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से परेशान थी। उसने अपनी दोनों बेटियों के भविष्य की चिंता को देखते हुए उनकी हत्याकर दी।

#### कोख में पल रहे बच्चे को भी खतरा

दो बेटियों की हत्या करने के बाद अपने पेट में दंराती घोपने से महिला की कोख में पल रहे बच्चे को भी खतरा है। डॉक्टर ने बताया कि पेट पर हमले के कारण उसकी कोख में पल रहे बच्चे को भी गंभीर खतरा बना हुआ है। फिलहाल महिला का उपचार किया किया जा रहा है।

#### पिता की लाडली थी रोशनी और महक

अरविंद के पिता अमर सिंह भायतीय स्टेट बैंक में क्लर्क के पद रिटायर्ड हो चुके हैं। वह संपन्न परिवार से हैं। अरविंद अपनी पत्नी व दोनों बच्चियों से बहुत प्रेम करता था। उसकी बड़ी बेटी रोशनी के पेट में तकलीफ रहती थी। उसने बेटी के पेट का ऑपरेशन भी कराया था। जिस पर काफी पैसा भी खर्च किया था, जो अपनी दोनों बेटियों को भुला नही पा रहा है।

#### चार बेटियां हुईं पैदा परेशान रहती थी संतोष

जिस तरह से बेटियों को मारा गया है, उससे ऐसा भी लग रहा है कि कहीं महिला ने बेटे की चाहत में तो बेटियों को तो नहीं मारा डाला। क्योंकि महिला ने चार बेटियां को जन्म दिया था। हालांकि महिला कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। इसके अलावा कहीं लोगों के तानों से परेशान होकर महिला ने अपनी बेटियों को मौत के घाट उतार दिया। लोगों का कहना था कि ऐसी हत्यारोपी मां को इस दुनिया में रहने का कोई अधिकारी नहीं है। जिसने बेटियों की हत्या कर दी। बेटियों को मारते समय मां का कलेजा तक नही कांपा।

# बेटी और देवर ने की थी मुतवल्ली की हत्या

### गांव परचई में चार दिन पहले अवैध संबंधों का राज खुलने के डर से घटना को दिया था अंजाम

संवाददाता, सैदनगर (रामपुर)

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव परचई में चार दिन पहले इमामबाड़े में मुतवल्ली की हत्या उनकी सगी बेटी हमशीरन और उसके प्रेमी देवर गुड्डू ने ही की थी। दोनों ने अवैध संबंधों का राज खुलने के डर से घटना को अंजाम दिया था। सोमवार को पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

गांव परचई निवासी तस्वीर मियां (60) इमामबाड़े में रहकर झाड़ फूंक का काम करते थे। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे इमामबाड़े में धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सोमवार दोपहर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मुतवल्ली हत्याकांड का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि



घटना का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, पास में मौजूद हत्यारोपी देवर-भाभी। ● अमृत विचार

#### खुलासा

- पुलिस ने घटना का किया खुलासा, दोनों आरोपी जेल भेजे गए

मुतवल्ली की हत्या उनकी बेटी ने अपने देवर के साथ मिलकर की थी। तस्वीर मियां की इकलौती बेटी अपने पति के साथ पिता के घर रहती थी। काफी समय से आरोपी का अपने शादीनगर निवासी देवर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। देवर बाहर से जब भी आता तो वह भाभी के पास ही रुकता था। हत्या से कुछ घंटे पहले तस्वीर मियां ने बेटी को देवर के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बदनामी के डर से हत्या की थी।

पुलिस ने घटना का खुलासा करने के लिए सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली। कुछ लोगों के मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाया था। पुलिस को मृतक की बेटी और उसके देवर पर शक हुआ तो दोनों को हिरासत में लिया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस को हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार भी मिला है। फिलहाल पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार और रविवार को पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा हुई थी। जिसमें पूरे प्रदेश से काफी संख्या में सॉल्वर पकड़े गए। जबकि धमोरा में भी रविवार को पहली पारी में एक सॉल्वर पकड़ा गया था। जिसके बाद पुलिस उसके साथ तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार करने के बाद उनके मुकदमा दर्ज कर लिया था। सोमवार को कुछ लोगों ने परीक्षा में कुछ युवाओं पर परीक्षा में नकल का आरोप लगाते हुए कचहरी तक युवा पैदल गए। उसके बाद ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

## बिलासपुर पुलिस ने एक वारंटी पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस उसको थाने ले आई। जहां उस पर विधिक कार्रवाई कर दी है।

थाना बिलासपुर पुलिस ने वारन्टी ज्ञानप्रकाश पुत्र किशनलाल निवासी ग्राम देवीपुरा थाना बिलासपुर धारा 506 में उसके मकान से गिरफ्तार किया है।

# विश्वकर्मा योजना के आवेदन पत्रों के सत्यापन में लाएं तेजी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- जिलाधिकारी ने एसडीएम बीडीओ और ईओ के साथ वर्चुअल माध्यम से की बैठक

**अमृत विचार :** वर्चुअल बैठक में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के आवेदन पत्रों के सत्यापन में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि एसडीएम, खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी सत्यापन प्रक्रिया के दौरान निर्धारित पात्रता का विशेष ध्यान रखें।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत जनपद में ऑनलाइन आवेदन पत्रों के सत्यापन को लेकर जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक की। ग्राम पंचायत सचिव, स्थानीय निकाय क्षेत्र से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों की प्राथमिक चरण में अधिशासी अधिकारी से अधिकृत कर्मचारियों के माध्यम से सत्यापन कराने का कहा। उन्होंने योजना के अंतर्गत निर्धारित पात्रता रखने वाले व्यक्ति को ही पात्र लाभार्थी की श्रेणी में शामिल करने पर जोर दिया। कहा कि कोई पात्र कारीगर योजना का लाभ पाने से वंचित न रह जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली इस योजना में किसी भी स्तर पर लापरवाही व निर्देशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत बढ़ई, लोहार, ताला बनाने वाले, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, झाड़ू बनाने वाले, नाई, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने वाले सहित 18 परंपरागत व्यवसायों से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पकारों को लाभान्वित करने की योजना है। इस योजना के अंतर्गत रियायती ब्याज दर के साथ अलग-अलग किश्तों में ऋण सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंदकिशोर कलाल और उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार सहित समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## खाना बनने के दौरान प्रधान के पति ने की फायरिंग, भगदड़

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** शादी समारोह में प्रधान के पति ने झगड़ा कर मिष्ठान का सामान फेंक दिया। विरोध करने पर पथराव व हवाई फायरिंग कर दी। जिससे भगदड़ मच गई। हालांकि पुलिस ने चुनावी रंजिश बताई है। फायरिंग होने की बात से इनकार किया है।

मामला थाना क्षेत्र के रूपपुर गांव से जुड़ा है। गांव निवासी नेपाल सिंह पुत्र जयपाल सिंह ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है। रविवार शाम गांव निवासी ब्रह्मा देवी पत्नी भागीरथ की पुत्री की शादी थी। जिसे लेकर गांव के एक सरकारी विद्यालय में टेंट लगा हुआ था। बारात के लिए मिठाइयां व खाना बनाने का काम चल रहा था। इसी दौरान सोमवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे प्रधान के पति शीशपाल कई लोगों के साथ वहां पहुंच गए। प्रधान के पति विद्यालय में लगे टेंट को हटाने लगे। मिठाई वाले बर्तनों को भी फेंक दिया। नेपाल सिंह ने विरोध किया तो पीटने की कोशिश की। पुलिस ने ब्रह्मा देवी की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर शांति भंग करने का मामला दर्ज कर प्रधान के पति का चालान कर दिया है।

> झगड़ा पथराव और फायरिंग जैसी कोई बात नहीं है। चुनावी रंजिश के चलते मामला बनाया जा रहा है। कार्रवाई कर दी गई है।
> – हरिओम सिंह, थाना प्रभारी

# सॉल्वर से पूछताछ के बाद ब्रोकर और अभ्यर्थी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा में पकड़े गए बिहार के सॉल्वर के बताने पर शहजादनगर पुलिस ने शहर के मोहल्ला राजद्वारा के रहने वाले ब्रोकर राजेश गुप्ता और विष्णु विहार के रहने वाले अभ्यर्थी तेजवीर को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को कोर्ट में पेश किया गया।

जिले में 11 केंद्रों पर शनिवार और रविवार को पुलिस भर्ती की परीक्षा हुई थी। धमोरा में राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र को रविवार को बॉयोमेट्रिक उपस्थिति के दौरान फिंगर प्रिंट नहीं मिलने पर बिहार के जिला जमोई थाना झाझा ग्राम खुरिप्रासा के रहने वाले दिलीप को पकड़ लिया था। वह तहसील शाहबाद के मोहलिया गांव निवासी अभ्यर्थी राजीव पुत्र नानक सिंह की जगह परीक्षा देने आया था। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि ब्रोकर राजद्वारा के कुतुब मियां का फाटक निवासी जगऔतार का बेटा राजेश है। इसके अलावा तेजवीर सिंह पुत्र फूलचन्द निवासी मोहल्ला विष्णु विहार का नाम बताया। इसके बाद पुलिस ने दोनों को जीरो प्वाइंट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर एक फर्जी आधार कार्ड, एक पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रवेश पत्र, एक फोटो युक्त प्रवेश पत्र, तीन एक मोबाइल और अन्य सामान मिला है।



शहजादनगर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

#### फरार अभ्यर्थी की तलाश में पुलिस ने दी दबिश

**शाहबाद, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा में अपने स्थान पर सॉल्वर बैठाने में फंसे अभ्यर्थी की तलाश में सोमवार को पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिशें दीं। लेकिन 24 घंटे बाद भी वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। बार-बार पुलिस के पहुंचने से गांव वाले भी सकते में रहे। पुलिस का दावा है कि जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा में शाहबाद के मोहलिया गांव निवासी राजीव का केंद्र शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा में था। चेकिंग के दौरान राजीव के स्थान पर बिहार का सॉल्वर दिलीप कुमार परीक्षा देने आने के दौरान पकड़ा गया। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई और दिलीप को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में सॉल्वर के साथ ही राजीव पर भी केस दर्ज किया गया था। केस दर्ज होते ही राजीव गांव से फरार हो गया। बताया गया कि गांव में रविवार को एक शादी का कार्यक्रम था। राजीव उसमें भी शामिल होने नहीं पहुंचा। राजीव की तलाश में रविवार को ही पुलिस गांव पहुंच गई, लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ा। पुलिस ने गांव में दबिशें दीं, लेकिन उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

#### छह-छह लाख में हुआ था सौदा

शहजादनगर थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि छह-छह लाख में सौदा हुआ था। जोकि ब्रोकर राजेश गुप्ता ने तय किया था। आरोपी अभ्यर्थी राजीव के स्थान पर दिलीप चला गया था। जबकि दूसरी पाली में तेजवीर की जगह विस्डम स्कूल थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद में होना था। हालांकि पुलिस ने पहले ही आरोपी को पकड़ लिया। राजद्वारा में पहले भी और लोग पकड़े जा चुके है।

**जरूरत** | 14 पदों के सापेक्ष छह की तैनाती, प्रभारी का पद भी है रिक्त, स्टाफ को होती है दिक्कत

# अस्पताल में चीफ फार्मासिस्ट और फार्मासिस्ट का टोटा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्टों का टोटा है। यहां चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट के 14 पद स्वीकृत हैं। 14 में से महज 6 ही सेवाएं दे रहे हैं, शेष आठ पद रिक्त है। प्रभारी अधिकारी का पद कई वर्षों से रिक्त है। यह स्थिति तब है कि अस्पताल में आए दिन प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण करते रहते हैं। लेकिन इसके बाद भी अभी तक चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं हुई है।

जिला अस्पताल में 150 बेड हैं और यहां इमरजेंसी, मेल सर्जिकल, बर्न, आर्थोपेडिक, जनरल समेत कई वार्ड हैं। चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट के 14 पद स्वीकृत हैं। जिसमें आठ चीफ फार्मासिस्ट, छह फार्मासिस्ट है।

इनमें आठ के सापेक्ष चार चीफ फार्मासिस्ट, छह फार्मासिस्ट के सापेक्ष चार की तैनाती है जबकि, शेष दो पद रिक्त हैं। आरके पांडेय, शकील अहमद, दिनेश गंगवार, एनके जैन चीफ फार्मासिस्ट के पद पर तैनात हैं। इसके अलावा फार्मासिस्ट में हरीश चंद्र धोनी, सरिता गुप्ता, दानिश कमाल और सुधांशु शुक्ला तैनात है। प्रभारी अधिकारी फार्मेसी का पद पन्द्रह साल से रिक्त चल रहा है।

इनमें से जिनकी तैनाती है, चीफ फार्मासिस्ट की कमी को देखते हुए उनसे जरूरत के अनुसार डयूटी कराई जा रही है। ऐसे में कोई भी अवकाश पर चला जाता है कि अस्पताल प्रशासन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट की तैनाती को लेकर हर माह शासन को लिखकर भेजा जा रहा है। बताया कि इनकी शासन स्तर से तैनाती होनी है। अगर इन पदों पर पदोन्नति हो गई तो अस्पताल प्रशासन को काफी हद तक राहत मिल सकती है।

#### ओपीडी में पहुंचे 1039 रोगी

एक दिन के अवकाश के बाद सोमवार को जिला अस्पताल खुला तो यहां 1039 रोगियों की ओपीडी हुई। सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक चार चिकित्सकों ने रोगियों को देखा। इसमें ज्यादातर खांसी, जुकाम, बुखार, ब्लड प्रेशर और सांस रोगियों को देखा गया। जनरल फिजिशियन डा. डीके वर्मा, डा. संजय अग्रवाल, डा. शशांक और बाल रोग विशेषज्ञ डा. पल्लव सिंघल ने छोटे बच्चों को देखा। डा. डीके वर्मा ने रोगियों को सलाह दी कि ताजा भोजन और पानी गर्म कर पीना बेहतर है। सर्दी खांसी और बुखार होने पर तत्काल इलाज कराएं।

> जिला अस्पताल में 14 के सापेक्ष छह की तैनाती है, शेष आठ पदों पर तैनाती को लेकर लिखा गया है। शेष पर चीफ फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट के पद रिक्त है। इनकी तैनाती को लेकर हर माह शासन को लिखा जा रहा है।
> –डॉ. एचके मित्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

## एसपी ने पिंक बूथ का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक सोमवार को शहजादनगर थाने पहुंचे। उसके बाद महिला पिंक बूथ का एसपी ने फीता काटा। इस दौरान आसपास के लोग एवं महिला सिपाही मौजूद रहीं। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा नव निर्मित महिला पिंक बूथ थाना शहजादनगर का लोकार्पण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मिलक, थाना प्रभारी शहजादनगर उपस्थित रहे।

## पत्र देकर कार्रवाई की मांग

**रामपुर, अमृत विचार:** गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला पुरानागंज निवासी जमुना प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा है कि उसकी पत्नी और बेटे से किसी बात लेकर रंजिश है। कई बार उसको जान से मारने की धमकी दे चुकें है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले पीड़ित गंज थाने में तहरीर दे चुका है।

# लेखन विधि का कराया अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीआरपीएफ स्थित केन्द्रीय विद्यालय में छात्रों को सूचना तकनीक, मीडिया दक्षता प्रशिक्षण कार्यशाला के पांचवें दिन लेखन विधि का अभ्यास कराया गया।

एसआईटी के निदेशक डॉ. प्रदीप अधिकारी ने छात्रों से कहा कि लेखन के चार मुख्य प्रकार हैं, व्याख्यात्मक, वर्णनात्मक, प्रेरक और कथात्मक। इन चार लेखन शैलियों में से प्रत्येक का एक अलग उद्देश्य है, और उन सभी को विभिन्न प्रकार के लेखन कौशल की आवश्यकता होती है। यह बात मीडिया एवं सूचना संचार तकनीक विषय पर पन्द्रह दिनों से चल रहे प्रशिक्षण के दौरान केंद्रीय विद्यालय सभागार में छात्रों से पुस्तक लेखक डा. कुलदीप सिंह चौहान ने बताई। उन्होंने कहा कि लेखन कौशल में केवल लिखने का शारीरिक कार्य शामिल नहीं है। डॉ. प्रदीप ने कहा कि स्मार्टफोन और टेबलेट जैसी मोबाइल प्रौद्योगिकी का उपयोग छात्रों और शिक्षकों के बीच संचार की पहुंच और प्रभाव को बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। शिक्षक छात्रों और के साथ संवाद करने, अनुस्मारक और अपडेट भेजने और सवालों के जवाब देने के लिए मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग कर सकते हैं। जबकि हमें अपना पर्सनल डेटा सुरक्षित रखने के लिए मोबाइल से फोटो लेते समय नेट बंद रखना चाहिए। कार्यशाला में अध्यापक पुलक, नोशीन आदि मौजूद रहे।



कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते डॉ. प्रदीप अधिकारी। ● अमृत विचार

- केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ में हुई सूचना तकनीकी कार्यशाला

## एक नजर

### पुलिस ने चोरी के प्रयास में आरोपी पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : शहजादनगर पुलिस ने चोरी के प्रयास के मामले में एक आरोपी को पुलिस पकड़ने के बाद थाने ले आई। पुलिस ने वारंटी राजू पुत्र तुलसी राम निवासी अताईनगर को घर से गिरफ्तार कर लिया।

### जमीन से कब्जा हटवाने की मांग, पत्र भेजा

रामपुर, अमृत विचार : मिलक थाना क्षेत्र के गांव नरखेड़ा निवासी देवीदास ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि गाटा संख्या 335 में खेल का मैदान है, लेकिन कुछ लोगों ने उस पर मकान बना लिए हैं। जबकि गाटा संख्या 338 में खलियान में दर्ज है, लेकिन कुछ लोगों ने कब्जा करके अपने खेतों में मिला है और खेती की जा रही है।

### मामूली बात को लेकर युवक को पीटा

रामपुर, अमृत विचार : कोतवाली निवासी मुन्ने का पास के ही रहने वाले कुछ लोगों से विवाद चला आ रहा है। आरोप है कि सोमवार दोपहर को आरोपियों ने उसे रास्ते में रोककर पीट दिया। जिससे वह घायल हो गया। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है।

# औद्योगिक क्षेत्र में कानपुर के बाद आता था रामपुर का नाम : आकाश

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का विकास भवन में देखा सजीव प्रसारण, विधायक बोले- परिस्थितियां ऐसी हुईं कि जनपद में बंद होती गईं फैक्ट्रियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर विधायक आकाश सक्सेना ने उद्यमियों से कहा कि देश के आजाद होने के बाद प्रदेश में कानपुर के बाद रामपुर औद्योगिक क्षेत्र में दूसरे स्थान पर था। जिले में छोटी-बड़ी 52 फैक्ट्रियां थीं। लेकिन कुछ परिस्थितियां ऐसी हुईं कि यहां फैक्ट्रियां बंद होती गईं।

कहा कि वर्ष 2017 के बाद जनपद में तेजी से इण्डस्ट्रीज स्थापित हो रही हैं। अधिकारियों से कहा कि उद्यमियों की छोटी से छोटी समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं। ताकि उद्यमियों को अपने इण्डस्ट्री स्थापित करने में आसानी हो और लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार के साधन प्राप्त हों। शहर विधायक और जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने स्वाति मैंथॉल, रेडियंस पार्क होटल, फुट प्रिंट्स, ग्रीन एनर्जी एवं इकोआर्गेनिक समेत कई उद्यमियें को प्रमाण पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने उद्यम प्रोत्साहन और औद्योगिक परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश स्तर पर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 समारोह का आगाज किया। प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में दिखाया गया। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने उद्यमियों से कहा कि शहर की समृद्धि तभी होती है, जब शहर में उद्योग धंधे हो। उद्योग स्थापित करने में एनओसी, बिजली, पानी का कनेक्शन एवं भूमि सभी समय से उपलब्ध होंगे। जनपद में उद्योग स्थापित करने के लिए अच्छा वातावरण है। उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार ने बताया कि जिले में उद्यम को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को अनुकूल माहौल दिया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर से विभिन्न प्रकार की एनओसी ससमय दिलाई जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हंसराज पप्पू समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।



विकास भवन में कार्यक्रम देखते अधिकारी। ● अमृत विचार



प्रधानमंत्री का सजीव प्रसारण देखते विधायक शफीक अंसारी, साथ में अन्य।



संबोधन सुनते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और अधिकारी। ● अमृत विचार

### यूपी बनने जा रहा बड़ा निवेशक : शफीक

स्वार, अमृत विचार : औद्योगिक विकास परियोजनाओं का आगाज 4 .0 को लेकर जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का आयोजन तहसील मुख्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम में विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहा कि सोमवार का दिन बहुत महत्वपूर्ण रहा। सेरेमनी ( जीबीसी 4 .0 ) के जरिये प्रदेश भर में 10 लाख करोड़ से ज्यादा की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं का शुभारंभ हो रहा है। प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वार भी खुल रहे हैं। सरकार आत्मनिर्भर भारत बनने की गारंटी दे रही है। विधायक ने कहा कि यूपी बहुत बड़ा इनवेस्टर्स बनने जा रहा है। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। यूपी के इन्वेस्टर्स बनने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को मजबूत कर रहे हैं। इस मौके पर एसडीएम अवनीश कुमार, तहसीलदार, आकाश संत, रोहतास सिंह चौहान, पंकज सैनी, गुरुनाम सिंह संधू, अफसर अली, फैजान वल्ली समेत नगर के उद्यमी मौजूद रहे।

### विकसित होने की दिशा में बढ़ रहा है देश व प्रदेश : राज्यमंत्री

बिलासपुर, अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 .0 के राजधानी लखनऊ में हुए समारोह का तहसील सभागार में सीधा प्रसारण दिखाया गया। कृषि राज्यमंत्री व अधिकारी ने प्रसारण देखा। सोमवार दोपहर तहसील पहुंचे कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने सभाकक्ष में एलइडी पर सेरेमनी समारोह देखा। यहां राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 10 लाख करोड़ की 14 हजार परियोजनाओं का लोकार्पण प्रदेश के लिए गौरव की बात है। इन परियोजनाओं से रोजगार, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में लाभ पहुंचाने का काम किया जाएगा। उनकी सरकार विकसित भारत की संकल्पना तथा विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में सतत अग्रसर है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय, तहसीलदार निश्चय कुमार, खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, राज्यमंत्री पुत्र गुरकीरत सिंह, व्यापारी नेता धन्नूमल बंसल, सुदर्शन मदान, हाफिज ताहिर, राजीव अग्रवाल, रोहित सक्सेना मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने बापू मॉल संचालित कराने की मांग की

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि बाबू मॉल में दुकानों को शुरू करवाया जाएं। व्यापारियों ने राजकीय हामिद इंटर कॉलेज के सामने संकरी सड़क पर बने हुए डिवाइडर को खत्म करने की मांग उठाई।

सोमवार दोपहर राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के साथ एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इसमें बताया कि शहर के विकास के लिए 400 दुकानों वाला बापू मॉल शुरू कराने के लिए व्यापार मंडल संघर्ष कर रहा है। नगर पलिका परिषद की आय बढ़ेगी। बताया कि शहर में पुरानी इमारतें भी काफी लंबे समय से खाली है।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

▶▶ निर्माण लागत भी आम जनता और व्यापारी अपने खर्चे पर कराने को तैयार

रामपुर विकास प्राधिकरण की ओर से पांच हजार दुकानें तैयार कराई जा सकती हैं। निर्माण लागत जनता व व्यापारी देने को तैयार हैं। इस समय रजा इंटर कॉलेज, पुरानी तहसील, नेहरू पालिका इंटर कॉलेज, हामिद कॉलेज, नाहिद सिनेमा व शाहबाद गेट सिकत्तर साहब की कोठी भूत बंगला में आरडीए की सहमति से मार्केट तैयार कराना आवश्यक है। इस दौरान विजय अग्रवाल, शाहिद अली, मेराज सैनी, अब्दुल बासित खान, मोहम्मद इमरान खान, सोहेल खान, फैसल अली, विष्णु सैनी, शराफत खान, रोहित सिंह, दिलशाद अहमद, नजमी खान, हरिओम सैनी, पप्पू खान, नाजिम खान, शहादत अंसारी, सुदेश यादव आदि मौजूद रहे।

## भाकिसं के जिलाध्यक्ष ने लगाई सुरक्षा की गुहार

मिलक, अमृत विचार : भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने मिलक थाने की पुलिस पर विरोधियों से मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जमीन के धंधेबाज और प्रॉपर्टी डीलर उनकी जान के दुश्मन बन गए हैं।

सोमवार को पत्रकार वार्ता में किसान नेता ने कहा कि सितंबर 2022 में एक गरीब किसान की जमीन का बैनामा दबंग व्यक्ति ने अपने नाम करा लिया था। उन्हें उसे वापस कराया। इससे गुस्सा कर तत्कालीन उपनिबंधक मोहम्मद वसीम ने अपनी एक महिला मित्र से फोन पर जान से मारने की धमकी दिलाई थी। आरोप है कि तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक मिलक से मिलकर आरोपियों मेरे खिलाफ 23 अगस्त 23 को रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया। महिला से छेड़खानी, विरोध करने पर गाली गलौज व मारपीट एवं धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज कराया।

# विकास के लिए खुले केंद्र के दरवाजे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंडल के सभी सांसदों और विधायकों से मुलाकात की। इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना के पास आते ही प्रधानमंत्री रूक गए। पीठ थपथपाते हुए कहा कि रामपुर के विकास के लिए केंद्र सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं। इसलिए, निश्चिंत होकर जनता के हित में कार्य करें।

सोमवार को संभल में कल्कि धाम का शिलान्यास समारोह हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। समारोह से पहले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंडल के सभी सांसदों और विधायकों से मिले। इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना के पास आते ही प्रधानमंत्री रुक गए। कहा कि रामपुर के कैसे हालचाल हैं। सब कुछ ठीक चल रहा है। कोई समस्या तो नहीं है। इसके बाद शहर विधायक ने कहा कि रामपुर में सब कुछ ठीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी तरह मेहनत से काम करते रहिए। जनता के बीच में रहकर जनता के हित के बारे में सोचिए और उसी दिशा में कार्य करें। सरकार रामपुर के विकास और जनता के कल्याण में कोई कमी नहीं आने देगी। केंद्र सरकार के दरवाजे हमेशा रामपुर के लिए खुले हैं।



प्रधानमंत्री से मुलाकात करते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

**मुलाकात**

▶▶ कल्कि धाम के शिलान्यास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले शहर विधायक



रजा डिग्री कॉलेज के गेट पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाते छात्र नेता।

# मंडलायुक्त के सेवा विस्तार की खुशी में बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह को सेवा विस्तार मिलने पर भाजपा के युवा नेता फसाहत अली खान शानू के नेतृत्व में सोमवार को भी जिले भर में जश्न मनाया। लोगों ने मिठाई बांटकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अयान खां के नेतृत्व में डिग्री कॉलेज के बाहर छात्रों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। फसाहत ने बताया कि मंडलायुक्त का समृद्ध सामाजिक एवं प्रशासनिक अनुभव मंडल के विकास का एक नया मार्ग प्रशस्त करने में मदद करेगा।

## महामंत्र का पाठ कर संत को दी श्रद्धांजलि

बिलासपुर, अमृत विचार : संत मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के देवलोक गमन से व्यथित जैन समुदाय ने मंदिर में बैठकर महामंत्र का पाठ किया। उनके आदर्शों एवं उपदेशों को जीवन में उतारने का संकल्प भी लिया गया।

बिलासपुर के मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में एकत्र हुए समाज ने पाठ के माध्यम से पूज्यनीय संत को श्रद्धांजलि दी। जैन समाज के मुख्यमंत्री नवीन जैन ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जैन परंपरा के महान संत थे। उनके जाने से हुए शोक का वर्णन नहीं किया जा सकता। पाठ में समाज के अध्यक्ष नरेश कुमार जैन, पूनम जैन, हिमांशु जैन, प्रियांश जैन, रिंकी जैन, प्रत्यक्ष जैन, नितिन जैन, अमित जैन, सचिन जैन, रूबल जैन, आरती जैन, स्मिता जैन, सोनिया जैन, स्वदेश जैन आदि मौजूद रहे।

# गुरुदेव विद्यासागर राष्ट्र के थे गुरु

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : दिनेश कुमार जैन ने गुरुदेव विद्यासागर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि गुरुदेव केवल जैन धर्म के ही नहीं, राष्ट्र के गुरु थे। उन्होंने अपनी ज्ञान धारा से जनमानस को सराबोर किया।

खारी कुआं स्थित कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को शोकसभा हुई। इस दौरान बताया कि संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर मुनिराज ने 17 फरवरी की रात्रि 2.35 बजे अपनी आत्मा को ध्यानस्थ करते हुए ब्रह्माण्ड में विलीन कर दिया। शोकसभा में देवेन्द्र कुमार जैन, लीना जैन, सरिता जैन, दिनेश कुमार जैन सेठी, मुनीश शर्मा, प्रदीप कुमार जैन, निर्भय कुमार जैन, भारत भूषण जैन, अजय जैन सेठी, सुमन जैन व सुरभि जैन आदि शामिल रहे। दिनेश कुमार ने कहा कि इस संसार से प्रयाण, इस देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। ईश्वर पूज्य गुरुदेव की दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करें। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार जैन ऑनलाइन उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव ने मुनिराज के चरणों में कोटि-कोटि नमन कर सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन संगीता रस्तोगी ने किया।



स्कूल में शोक सभा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

**शोकसभा**

▶▶ खारी कुंआ स्थित कन्या इंटर कॉलेज में हुई शोकसभा

▶▶ कहा- अपनी ज्ञान धारा से जनमानस को सराबोर किया

# बायोगैस संयंत्र से भी जल सकता है घर का चूल्हा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▶▶ आवेदन के साथ राशन कार्ड की प्रति भी लाएं साथ

अमृत विचार : परियोजना अधिकारी यूपी नेडा मुकेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के माध्यम से फैमिली साइज बायोगैस संयंत्र (गोबर गैस) क्षमता एक घनमीटर से 25 घनमीटर पर अनुदान कार्यक्रम के तहत कराई जा रही है। लाभ लेने वाले लोग आवेदन के साथ राशन कार्ड की प्रति भी लाएं।

बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से वर्ष 2023-24 में संचालित राष्ट्रीय बायोगैस मैन्योर मैनेजमेन्ट कार्यक्रम (एनबीएमएमपी) के तहत बायोगैस संयंत्रों की स्थापना होनी है। योजना में लाभार्थी के चयन के लिए शर्तों में चिह्नित इन्टरप्रोन्योर द्वारा लाभार्थी चयन की कार्रवाई स्वयं के प्रयासों तथा परियोजना कार्यालय की सहायता से किया जाएं। चयनित लाभार्थी द्वारा फैमिली साइज बायोगैस संयंत्र के निर्माण के लिए 10 रुपये के नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर नियम व शर्तों का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पर लाभार्थी के अतिरिक्त ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं। आवेदन के साथ राशन कार्ड, मतदाता फोटो पहचान पत्र की प्रति लगाएं। संयंत्र की स्थापना से पूर्व प्रस्तावित स्थल का लाभार्थी के साथ फोटोग्राफ, संयंत्र का स्थान, कार्य प्रारम्भ करने का फोटोग्राफ (गड्ढा खुदाई व चिनाई सहित) संयंत्र की स्थापना एवं कमिशनिग का फोटोग्राफ प्रस्तुत करना होगा।

**प्रतियोगिता** ग्रीनवुड स्कूल में सहोदया मैथ ओलम्पियाड का परिणाम घोषित, 32 प्रतिभागियों ने मारी बाजी

# प्रतियोगिता से निखरता है व्यक्तित्व और प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्रतियोगिता व्यक्तित्व व प्रतिभा को निखारती है। इसकी असफलता अधिक परिश्रम करने की प्रेरणा देती है, जबकि सफलता अभ्यर्थी को अतिरिक्त योग्यता के लिए अग्रसर करती है। सफलता पाने के बाद कभी आलस्य या अहंकारी नहीं होना चाहिए। विनम्रता का गुण विकसित करना चाहिए। यह विचार ग्रीनवुड स्कूल के निदेशक शाहिद खान ने मैथ ओलम्पियाड के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए व्यक्त किए।

रामपुर सहोदया मैथ ओलम्पियाड 2024 के अंतर्गत ग्रीनवुड स्कूल में सोमवार को मैथ ओलम्पियाड विजयी प्रतिभगियों को पुरस्कृत किया गया। सहोदया मैथ ओलम्पियाड का परिणाम घोषित किया गया। विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता 26 जनवरी को आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 11वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए थे। ग्रीनवुड स्कूल के निदेशक, संयुक्त निदेशक समीना खान, प्रधानाचार्य एनके तिवारी व उप प्रधानाचार्य शकील अहमद ने ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रतियोगिताओं के अनुभवों के आधार पर आगे चलकर स्पर्धात्मक प्रतियोगिता में सफलता मिलती है। प्रतियोगिता के कोर्डिनेटर शकील अहमद ने कहा कि स्पर्धा में ईर्ष्या का स्थान नगण्य है। प्रतिभागी स्वच्छ प्रतिस्पर्धा से तनावमुक्त रहता है। कार्यक्रम में सुष्मिता, आदित्य, मोहम्मद नाजिम, फिरोज हैदर, शादाब खान, मोहम्मद सादिक आदि सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



ग्रीनवुड स्कूल में प्रमाण पत्र दिखाते प्रतिभागी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### सालिम 92 प्रतिशत अंक पाकर रहे अव्वल

कक्षा छह के विद्यार्थी मोहम्मद सालिम ने सर्वाधिक 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 11 के विद्यार्थियों में अब्दुल्लाह सऊद, शुभ रस्तोगी, तन्वी चौधरी, तहरीम बी, मुंतहा बी, जारिया तबरेज, दीपक राज गौतम, हर्षिता यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब्दुल रहीम खान, उस्मान अहमद, जोरा नूर, अब्दुल मतीन, तान्या ठाकुर, अबु हमजा, आफरीन अली, मुस्कान व शीरीन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। फराज खान, अब्दुलाह अहमद, तनाज खान, रितिका राठी, कुशाग्र संजीव, प्रतीक्षा, सारा अमजद, ललित सैनी, मोहम्मद अशर, भाव्या गर्ग, केशव, गर्वित जैन, दिव्यम हैदर व रुद्र दीक्षित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# रैली में जल संचयन पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों ने विभिन्न गांवों में रैली निकालकर जागरूकता की अलख जगाई। महिला सशक्तीकरण आधारित विषय पर गोष्ठी हुई। स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तीकरण को लेकर जागरूक किया।

एनएसएस के अंतर्गत आंबेडकर, आजाद, राधाकृष्णन एवं रानी लक्ष्मीबाई दल के स्वयंसेवक व सेविकाओं ने जगतपुर, पैगा, सींगनखेड़ा व पाखड़वाला ग्रामों में विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता का प्रसार किया। विद्यार्थियों ने मतदाता, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता, शिक्षा एवं गरीब उन्मूलन जैसे समसमयिक विषयों पर ग्रामीणों को जाग्रत किया। इस दौरान अशिक्षित, बेरोजगार, बुजुर्ग, महिला व युवाओं को कौशल विकास का हस्ताक्षर चलाकर प्रशिक्षण प्रदान किया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने पढ़ी लिखी लड़की रोशनी घर की, जल ही जीवन है, दुल्हन ही दहेज है, शिक्षा ही धन है नारों के साथ अभिग्रहीत ग्रामों में नारों के साथ रैली निकाली। कौशल विकास के लिए युवाओं में जागरूकता, महिला सशक्तीकरण एवं भारतीय समाज में महिलाओं की भूमिका पर गोष्ठी हुई। दोपहर बाद स्वयंसेवकों के लिए बौद्धिक गोष्ठी हुई। स्वयंसेवकों ने गांवों में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान डॉ. इरम नईम, डॉ. वंदना, डॉ. शाहिदा, डॉ. बेबी तबस्सुम, डॉ. संजीव कुमार और डॉ. दुर्गेश यादव आदि रहे।



सफाई करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

▶▶ स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तीकरण को चलाया जागरूकता अभियान

## एक नजर

### युवती के अपहरण के मामले में दो पर रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** युवती के अपहरण के मामले में पड़ोसी दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर में बताया कि 12 फरवरी की सुबह 10 बजे उसकी 19 वर्षीय बेटी घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं लगा। उसे शक है कि पड़ोस में रहने वाले शद्दीक और गुलाम मोहम्मद उसकी बेटी को बहला-फुसला कर ले गए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है।

### बादलों में छिपा रहा सूरज

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार को पूरे दिन मौसम बदलता रहा। सुबह सर्दी का अहसास हुआ और दोपहर में गर्मी हो गई। अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शाम को बादलों की ओट में सूरज छिपा रहा। कृषि वैज्ञानिकों की माने तो फरवरी में पारा बढ़ने से रबी की फसलों को नुकसान हो सकता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत ने बताया कि मौसम के तेजी से बदलने पर रबी की फसलों को नुकसान पहुंचने की संभावना बढ़ गई है। बताया कि फरवरी के महीने में पारा तेजी से ऊपर नीचे हो रहा है जोकि रबी की फसलों के उत्पादन पर प्रभाव डाल सकता है।

# 60 लाख रुपये से सैजनी नानकार की बनेगी सड़क, मिलेगी सहूलियत

## 600 मीटर आबादी क्षेत्र में सीसी, 200 में होगा पैचवर्क, सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सैजनी नानकार, कचरी वाले कारखाने व आसपास रहने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है। यहां आठ सौ मीटर की सड़क को शासन से मंजूरी मिल गई है। विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब जल्द ही लोक निर्माण विभाग सड़क की मरम्मत कराएगा। 60 लाख रुपये की लागत से सड़क की हालत सुधारी जाएगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फरवरी में सड़क को शासन से स्वीकृति मिली है।

सैजनी नानकार की ओर जाने वाली सड़क की हालत सुधारने को लेकर इंडियन नेशनल लीग पार्टी के जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अली के नेतृत्व में यहां के लोगों ने प्रदर्शन किया था। लोगों का कहना था कि कचरी वाले कारखाने से लेकर डिग्री कॉलेज की ओर जाने वाली सड़क सैजनी नानकार काफी खस्ताहाल है। यहां



सैजनी नानकार की सड़क पर गड्ढों में जलभराव। ● अमृत विचार

बारिश का पानी भरा जाता है। गहरे गड्ढे हो गए हैं। आए दिन वाहन पलट जाते हैं और वाहन सवार चोटिल होते हैं। कीचड़, जलभराव होने की वजह से स्कूली बच्चे और राहगीरों को आने जाने में काफी दिक्कतें होती है। समस्या को देखते हुए लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क किया। इसके बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क का जायजा लिया। एई, जेई ने सड़क की स्टीमेटस बनाकर शासन को भेजा। शासन से सड़क की हालत सुधारने की मंजूरी मिल गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि 800 मीटर की सड़क को सुधारा जाएगा। जिसमें 600 मीटर में सीसी, 200 मीटर की सड़क में पैचवर्क कराए जाना है। इसके लिए विभाग की ओर से टेंडर निकाले जाएंगे।

### सड़क निर्माण में खामी मिली तो होगी कार्रवाई

सैजनी नानकार की 800 मीटर की सड़क पर कार्य कराए जाने पर किसी भी प्रकार लापरवाही बरती गई तो ऐसे में विभाग के अधिकारियों का कहना है कोई भी शिकायत आई तो कार्रवाई अवश्य होगी। एक्सईएन लोनिवि केवी सिंह ने बताया कि खस्ताहाल सड़क की स्थिति को सुधारने के लिए शासन से स्वीकृति मिल गई है। इसके लिए उन्होंने संबंधित एई, जेई को निर्देशित किया है कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया को जल्द ही पूरा कराया जाएं। जब कार्य शुरू हो जाए तो स्वयं दोनों अधिकारी साइड पर जाकर निरीक्षण करें। उसके बाद कार्य की आख्या कार्यालय में दें। सड़क की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बल्कि आख्या के आधार पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक में घुसी बाइक व कार, युवक की मौत

**स्वार, अमृत विचार:** शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक व कार पुल पर खराब खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

मंगलवार को अहसान खां के बेटे भूरा की शादी होनी है। घर पर मेहमान भी आए हुए हैं और खुशी का माहौल है। सोमवार रात क्षेत्र के गांव हमीरपुर निवासी राजा (20) पुत्र हसीन खां, मुनाजिर बाइक से जा रहे थे। साथ ही कार सवार गांव डिलारी निवासी शाहनवाज व दूल्हे का भाई नावेद छतरपुर से थाना मिलकखानम के गांव डिलारी जा रहे थे। जैसे ही बाइक व कार डिलारी के पुल पर पहुंची तो यहां खराब खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार राजा की मौत हो गई। जबकि बाइक व कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने जानकारी पुलिस को दी। मिलकखानम पुलिस मौके पर पहुंच गई। एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी में भेजा गया। जहां चिकित्सक ने घायल मुनाजिर की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर किया। परिजन व रिश्तेदार सीएचसी पहुंचे। शादी खुशियां मातम में बदल कर रह गई।



कैंप कार्यालय में बैठक में बोलते राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल।

## गांवों में लोगों को दिलाए पार्टी की सदस्यता : पटेल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अपना दल एस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल ने बैठक में शामिल पदाधिकारियों से कहा कि गांव-गांव जाकर लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाएं। पांचों विधानसभाओं के जोन अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष को निर्देशित किया कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां में जुट जाएं। केंद्र में तीसरी बार एनडीए गठबंधन सरकार बनवाने के लिए काम करें। इसके अलावा अपने अपने को बूथ को जिताएं।

सिविल लाइंस स्थित कैंप कार्यालय पर अपना दल एस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें स्वार विधानसभा के विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक समुदाय के जनहित में मुद्दे उठाने व पार्टी की विचारधारा को लोगों में प्रचार प्रसार करके एनडीए गठबंधन में साथ देने का सहयोग करें। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह संधू ने की। इस अवसर पर कलीम अख्तर अंसारी, सजीव पटेल, नेम सिंह, मोहम्मद वकील, समी मंसूरी, कुलदीप चौधरी, जसवंत पटेल, रामपाल आदि रहे।



भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में शामिल लोग। ● अमृत विचार

## किसानों का हित भाजपा में ही है संभव : चौधरी

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह ने कहा है कि किसानों का हित भाजपा में ही संभव है। वह क्षेत्र के गांव किशनपुर में ग्राम परिक्रमा यात्रा के अंतर्गत बूथ संख्या-11 पर आयोजित भाजपाइयों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। किसान वर्ग के लोगों तक उसका लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा स्वार ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मौर्य, भाग सिंह, रामप्रसाद आदि रहे।

## छात्रा की आत्महत्या के मामले में तीसरा आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**रामपुर, अमृत विचार :** घर में घुसकर दुष्कर्म के प्रयास से आहत महिला भाजपा नेता की कक्षा आठ में पढ़ने वाली बेटी के आत्महत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया है। तीसरा आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है।

आत्महत्या का यह मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की एक कालोनी का है। महिला भाजपा नेत्री की करीब 13 साल की बेटी कक्षा आठ की छात्रा थी। करीब सात दिन पहले दोपहर करीब दो बजे उसने घर के कमरे में गले में दुपट्टा डालकर पंखे से लटक कर जान दे दी थी। पुलिस ने देर रात महिला भाजपा नेता की तहरीर के आधार पर इस मामले में कुनाल गुप्ता, अभिषेक चंद्रा और ओम वशिष्ठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक की परीक्षा आज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर और बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल की परीक्षा मंगलवार से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय ने नौ जिलों में परीक्षा के लिए 115 केंद्र बनाए हैं। बरेली कॉलेज में परीक्षा में पहले दिन 1391 छात्र शामिल होंगे। इससे पहले डेढ़ बजे तक ही कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

बरेली कॉलेज की परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि नए परीक्षा भवन और 10 कक्ष परीक्षा के लिए निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा के लिए दस सदस्यीय टीम बनाई गई है, जिसमें प्रो. संगीता सिंह को एसएस, क्षमा द्विवेदी, रेनू चौधरी और कविता को एएस बनाया गया है। परास्नातक के अलावा नर्सिंग की परीक्षा का भी केंद्र बनाया गया है, लेकिन उसके सिर्फ बीस छात्र परीक्षा में शामिल होंगे।

**परीक्षा**

**▸▸ नौ जिलों में 115 केंद्र बनाए गए, बरेली कॉलेज में पहले दिन 1391 छात्र देंगे परीक्षा**

परीक्षा की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम भी परीक्षा में चेकिंग करेगी। दोपहर 1:30 बजे तक कक्षाएं संचालित होने के बाद परिसर को खाली करा लिया जाएगा ताकि परीक्षा के दौरान कोई दिक्कत न हो।

## मुफ्त ग्लूकोमा निरीक्षण केंद्र का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रेडिको खेतान की सेंट्रल सीएसआर कमेटी प्रमुख अनीता चौहान ने कहा कि रेडिको हमेशा से ही लोगों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहा है। रेडिको खेतान ने फंड्स कैमरा एवं लेजर विधि की मशीनें डालमियां अस्पताल में लगवाई हैं। डॉ. लाल ने बताया कि ग्लूकोमा का मुरादाबाद मंडल में भी कोई मुफ्त परीक्षण केंद्र नहीं है। यदि ये मशीनें यहां लगवाई जाएं, तब रामपुर के लोगों का मुफ्त ग्लूकोमा परीक्षण हो सकेगा।

डालमिया अस्पताल में मंडल का प्रथम मुफ्त ग्लूकोमा निरीक्षण केंद्र शुरू हो गया है। कार्यक्रम का आरंभ जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, नगर विधायक आकाश सक्सेना, रेडिको खेतान के सेंट्रल सीएसआर कमेटी प्रमुख अनीता चौहान एवं रेडिको रामपुर के यूनिट हेड अमर सिंह ने सामूहिक रूप से किया। रेडिको के यूनिट हेड ने कहा कि रामपुर के लोगों को आंखों की बीमारी का समय रहते इलाज करने में यह केंद्र मील का पत्थर प्रतीत होगा। इस दौरान विकास सक्सेना, अमर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अलोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष विकास सक्सेना, उप महा प्रबंधक इन्दर पाल सिंह, डॉ. किशोरी लाल, डॉ. विक्रम लाल रहे।



फीता काटकर ग्लूकोमा निरीक्षण केंद्र का आरंभ करते विधायक। ● अमृत विचार

**▸▸ डालमिया अस्पताल में मंडल का प्रथम मुफ्त ग्लूकोमा निरीक्षण केंद्र शुरू**

## सड़कें खोदकर छोड़ने का आरोप

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** जल निगम के ठेकेदारों की मनमानी के खिलाफ प्रधान संगठन के मोर्चा खोल दिया है। प्रधानों का कहना है कि जल निगम के ठेकेदारों ने गांव में सड़कें खोदकर दी हैं। ग्रामीणों का विरोध ग्राम प्रधानों को झेलना पड़ रहा है।

सोमवार को पटवाई के पंचायत घर में ग्राम प्रधानों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने की। उपाध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत सड़कों की खोदाई कर छोड़ दी गई है। इसकी मरम्मत नहीं की गई है, जिससे गांवों के लोगों को परेशानी हो रहा है। इसके अलावा ग्राम पंचायतों के पात्र लोगों के भी राशन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। इससे प्रधानों का विरोध गांव में बढ़ रहा है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। इस मौके पर ग्राम प्रधान कालूराम कश्यप, खुशनबी, श्याम सिंह,सुनील कुमार,राजकुमार, राहुल, हरपाल सिंह, होरी लाल, जमुना प्रसाद, चरणजीत सिंह एवं जुनैद अहमद समेत ग्रान प्रधानों ने अपनी समस्याएं बताईं। उन्होंने समाधान की मांग की।




पटवाई के पंचायत घर में बैठक में शामिल प्रधान संगठन के पदाधिकारी।

**चर्चा**

**▸▸ पटवाई के पंचायत घर में हुई ग्राम प्रधानों की बैठक**

## महिला से मारपीट करने में दो पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** रंजिश के चलते दो लोगों ने महिला की बेटी को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

टांडा थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी खुशनबी का कहना है कि वह कुछ दिन पहले वह खेत पर गई थी। जबकि उसकी बेटी घर पर अकेली थी। इस दौरान गांव का ही रहने वाला गुच्छन मौका पाकर घर में घुस गया। जहां उसकी बेटी से गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौका पाकर फरार हो गया। बाद में जब महिला घर आई,युवती ने सारा मामला मां को बताया। उसने थाने में जाकर तहरीर दी। पुलिस ने गुच्छन और ताज मोहम्मद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## भाईचारे के लिए संघर्ष कर रहे राहुल गांधी : नूरबानो

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने कहा है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 24 फरवरी को मुरादाबाद से शुरू होगी। राहुल गांधी के मुरादाबाद आगमन को लेकर पूरे मंडल के लोगों में उत्साह है। न्याय यात्रा में वह स्वयं भी रामपुर के कांग्रेसियों के साथ शामिल होंगी।

अजीतपुर में हुई बैठक में सोमवार शाम कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि 24 फरवरी को मुरादाबाद से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू हो रही है। राहुल गांधी इस देश के भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं। वह मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह समाज में फैली नफरत के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। अब वक्त आ गया है कि हम राहुल गांधी का साथ दें। नूरबानो ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा तादाद में मुरादाबाद पहुंचकर राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें और उनकी बात को सुनें। एआईसीसी के सदस्य मुतीउर्रहमान खां बब्लू ने कहा कि राहुल गांधी एक मजबूत चट्टान के रूप में खड़े हैं। उन्हें इंसाफ के रास्ते से कोई नहीं हटा सकता। न ही वह जनविरोधी ताकतों के आगे झुक सकते हैं, क्योंकि वह एक मजबूत योद्धा हैं। उनका संघर्ष लोकसभा चुनाव में रंग लाएगा। देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि 24 फरवरी को जिले भर से काफी संख्या में लोग मुरादाबाद जाएंगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस मेहरबान अली, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस आरिफ अल्वी,अलतमश अली खान,अय्यूब अली, रईस अहमद, सईद अहमद, मोइन खान ,बब्बू ,तौकीर अहमद, नब्बू ,ताहिर, सलीम सैफी, जाहिद नेताजी, सलामत जान आदि मौजूद रहे।



अजीतपुर में हुई सभा में बोलतीं पूर्व सांसद बेगम नूरबानो। ● अमृत विचार

**▸▸ अजीतपुर में हुई बैठक में कार्यकर्ताओं से भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का आह्वान**



तहसील में सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

## तहसील में चला सफाई अभियान

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** मंगलवार को स्थानीय तहसील में जिलाधिकारी के आने के मद्देनजर तहसील परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह को आना था। किंतु वह अपरिहार्य कारणों के चलते यहां न आ सके। मंगलवार को डीएम टांडा पहुंचकर तहसील सभागार में विशेष समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगे। डीएम की आमद के मद्देनजर तहसील परिसर और निरीक्षण भवन में सोमवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

**उर्स** | सालाना उर्स के दौरान मजार को रंग-बिरंगी लाइनों से सजाया

## अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर मांगी दुआ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सैजनी नानकार में चार दिवसीय उर्स मुबारक के दूसरे दिन सोमवार को सज्जादनशीन अबरार मियां ने कहा कि हमें बुजुर्गों के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। इनके आस्ताने से हर किसी को फैज मिलता है। इन बुजुर्गों ने अल्लाह की राह में दिन-रात इबादत करके गुजारी। मुसलमान अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम भी दिलाएं। कुरआन शरीफ भी पढ़ाएं। यह कयामत के दिन काम आएगा। मजार पर पूरे दिन चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा।

नानकार स्थित आस्ताना-ए-जाजिया कदीरिया में सालाना उर्स शुरू हुआ। दूसरे दिन बरोज पीर फजर की नमाज के बाद कुरआनख्वानी हुई। सुबह 8 बजे कुल शरीफ का आगाज हुआ। इसके बाद सलातो सलाम पेश किया गया। शाम पांच बजे पाकबाड़ा, मुरादाबाद व दूर दराज से चादरों के जुलूस दरबार एजाजी में अकीदत के साथ चादरपोशी करने पहुंचे। असर की नमाज के बाद साढ़े पांच बजे कुल शरीफ हुआ। इसके बाद मौलाना, मुफ्ती व सभी उलमा ने हजरत सूफी एजाज मियां की जिंदगी पर रोशनी डाली। यह सिलसिला इशा की नमाज तक जारी रहा। उर्स मे अकीदतमंदों ने शिरकत की। सज्जादानशीन ने बताया कि उर्स के तीसरे दिन 20 फरवरी की सुबह 7:42 पर विसाली कुल शरीफ के बाद दस्तारबंदी होगी। इस मौके पर खानदान-ए-एजाजी दरगाह के सज्जादानशीन सूफी अबरार मियां, कदीरी एजाजी ने सभी जायरीनो व मुल्क की तरक्की व अमन के लिए दुआ की। इस मौके पर सूफी अफजाल मियां कदीरी, इन्तेखाब मियां कदीरी, फराज मियां कदीरी, मेहराज मियां कदीरी, ताहिर, अफजल, शाहिद खान, आदि लोग मौजूद रहे।



उर्स में मंचासीन सज्जादनशीन अबरार मियां, साथ में अन्य। ● अमृत विचार



आश्रम पर भंडारे में भोजन ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

## गुरु भूड़ा मढ़ी आश्रम पर भंडारे में उमड़े लोग, किया भोजन

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** नगर के गुरु भूड़ा मढ़ी आश्रम पर माह के आखरी सोमवार को कई समाजसेवियों ने मिलकर भंडारे का आयोजन किया। इसमें लोगों को भोजन खिलाया गया।

भंडारे में सुबह से ही भीड़ लगनी शुरू हो गई। महिलाएं और बच्चों ने भंडारे में भोजन ग्रहण किया। दिन भर भंडारे में लोग जुटे रहे। देर शाम तक भंडारे में भोजन कराया गया। आयोजकों ने कहा कि लोगों को भोजन कराना पुण्य का काम होता है। इस दौरान सुनील कुमार राजीव सिंह, कुलदीप,कपिल, विशाल, विनोद, मोहित, हरीओम, महेश, ओमप्रकाश, वीरवाल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# कल्कि धाम शिलान्यास

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## कल्कि धाम शिलान्यास कब क्या हुआ

**9:20** बजे – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल्कि धाम शिलान्यास स्थल पर पहुंचे।

**10:26** बजे – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल्कि धाम स्थल पहुंचे।

**10:27** बजे–मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व संतों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

**10:28** बजे– स्वामी अवधेशानंद गिरी, कैलाशानंद ब्रह्मचारी व ऋतेश्वर महाराज मंच पर पहुंचे।

**10:31** बजे – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ कल्कि धाम गर्भगृह में पहुंचे।

**10:32** बजे – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल्कि धाम के गर्भगृह में शिला पूजन के लिए बैठे।

**10:39** बजे – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्कि धाम के गर्भगृह में शिला पूजन शुरू किया।

**10:41** बजे – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्कि धाम गर्भगृह में शिला स्थापित की।

**10:43** बजे – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्कि धाम मॉडल के चित्र का लोकार्पण किया।

**10:44** बजे – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुरोहितों ने स्वागत और सम्मान किया।

**10:48** बजे – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम की जनसभा के मंच पर पहुंचे।

**10:50** बजे – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनसभा के मंच पर स्वागत हुआ।

**10:52** बजे –आचार्य प्रमोद कृष्णम का स्वागत संबोधन हुआ।

**10:50** बजे–मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन शुरु हुआ।

**11:16** बजे–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन शुरु हुआ।

**11:47** बजे– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संबोधन समाप्त किया।



संभल के ऐंचौड़ा कम्बोह में हाथ उठाकर उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते साधु संत व श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# कई ऐसे अच्छे काम हैं जो कुछ लोग मेरे लिए ही छोड़ कर गए हैं : मोदी

## जितने अच्छे काम रह गए हैं उन्हें संतों व जनता के आशीर्वाद से पूरा करेंगे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल जनपद के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे भरोसा है कि यह मंदिर इस बात का प्रमाण होगा कि हम हम बेहतर भविष्य को लेकर कितने सकारात्मक रहने वाले लोग हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पराभव से भी विजय को खींच करके लाने वाला राष्ट्र है। हम पर सैकड़ों वर्षों तक इतने आक्रमण हुए। कोई और देश होता, कोई और समाज होता तो लगातार इतने आक्रमणों की चोट से पूरी तरह नष्ट हो गया होता। फिर भी हम न केवल डटे रहे बल्कि और भी ज्यादा मजबूत होकर सामने आए। आज सदियों के वह बलिदान फलीभूत हो रहे हैं। जैसे कोई बीज वर्षों के अकाल में पड़ा रहा हो लेकिन जब वर्षा काल आता है तो वह बीज अंकुरित हो उठता है। वैसे ही आज भारत के अमृत काल में भारत के गौरव, भारत के उत्कर्ष और भारत के समर्थ का बीज अंकुरित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे बताया गया कि कल्कि धाम निर्माण के लिए पिछली सरकारों से लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी,कहा जा रहा था कि मंदिर बनने से शांति व्यवस्था बिगड़ जाएगी। आज हमारी सरकार में निश्चिंत होकर यह काम को शुरू पाया है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मैंने एक और बात कही थी कि 22 जनवरी से अब नए कालचक्र की शुरुआत हो चुकी है। प्रभु श्री राम ने जब शासन किया उसका प्रभाव हजारों वर्ष तक रहा। इस प्रकार रामलला के विराजमान होने से अगले हजार वर्षों तक भारत के लिए एक नई यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। भगवान राम की तरह ही कल्कि का अवतार भी हजारों वर्षों की रूपरेखा तय करेगा। हम यह कह सकते हैं कि कल्कि कालचक्र के परिवर्तन के प्रणेता भी हैं और प्रेरणा स्रोत भी हैं।



संभल के ऐंचौड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास के अवसर पर शिला पूजन कार्यक्रम में हाथ जोड़े बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व आचार्य प्रमोद कृष्णम। ● अमृत विचार

### मोदी बोले,सुदामा श्री कृष्ण को देते पोटली तो सुप्रीम कोर्ट में पड़ जाती पीआईएल

**संभल,अमृत विचार :** कल्कि धाम शिलान्यास के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में जो कहा उसे सुनकर लोग घंटों तक बात का मतलब समझने में लगे रहे। दरअसल आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री के स्वागत भाषण के दौरान कहा था हर किसी के पास कुछ न कुछ देने को होता है ,मेरे पास कुछ नहीं है मैं सिर्फ भावना व्यक्त कर सकता हूं। इसके बाद जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संबोधन शुरु किया तो आचार्य प्रमोद कृष्णम से मुखातिब होकर बोले–प्रमोद जी अच्छा हुआ कि कुछ दिया नहीं, वरना जमाना ऐसा बदल गया है कि अगर आज के युग में सुदामा श्री कृष्ण को एक पोटली में चावल देते, वीडियो निकल आती, सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल हो जाती और जजमेंट आता कि भगवान कृष्ण को भ्रष्टाचार में कुछ दिया गया और भगवान कृष्ण भ्रष्टाचार कर रहे थे। इस वक्त में जो हम कह रहे हैं कि अच्छा है आपने भावना व्यक्त की और कुछ दिया नहीं।

### प्रधानमंत्री ने सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं

**संभल,अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी पहचान इनोवेशन हब के तौर पर हो रही है। हम पहली बार दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जैसे बड़े मुकाम पर पहुंचे हैं। हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने वाले पहले देश बने हैं। पहली बार भारत में वंदे भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेन चल रही हैं। पहली बार भारत में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी हो रही है। पहली बार हाईटेक हाईवेज, एक्सप्रेस वेज का इतना बड़ा नेटवर्क और उसकी ताकत देश के पास है। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, बिजली व हर घर जल जैसी उपलब्धियां भी गिनाईं।

### 18 साल के बाद आज अवसर आया

**संभल,अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कल्कि धाम निर्माण का जिक्र करते हुए दूर तक निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया है कि 18 साल की प्रतीक्षा के बाद आज कल्कि धाम शिलान्यास का अवसर आया है। कई ऐसे अच्छे काम हैं जो कुछ लोग मेरे लिए ही छोड़ कर चले गए हैं और आगे भी जितने अच्छे काम रह गए हैं न उसके लिए बस यह संतों का, जनता जनार्दन का आशीर्वाद बना रहे, उसे भी पूरा करेंगे।



कार्यक्रम को संबोधित करते योगी आदित्यनाथ।

### हटा आवरण...



मंदिर के शिलापट से आवरण हटाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में आचार्य प्रमोद कृष्णम।



प्रधानमंत्री के सभा स्थल पर संत की हालत बिगड़ने पर उनका इलाज करते डॉक्टर।

### सभा स्थल पर संत समेत आधा दर्जन की बिगड़ी हालत

**संभल अमृत विचार :** कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में जनसभा स्थल पर कई लोगों की हालत बिगड़ गई। स्वास्थ्य विभाग के शिविर में एक संत लड़खड़ाता हुआ पहुंचा। संत ने चक्कर आने की समस्या बताई तो स्वास्थ्य कर्मियों ने उसका इलाज किया। एक पुलिस कर्मी की भी हालत बिगड़ी। पुलिस कर्मी का इलाज कर दवा दी गई। इनके अलावा अन्य लोग भी समस्या होने पर स्वास्थ्य विभाग के शिविर में पहुंचे तो उनका इलाज हुआ। जनसभा स्थल पर लगे शिविर में करीब आधा दर्जन लोगों की हालत बिगड़ जाने पर इलाज किया गया।



प्रधानमंत्री के सभा स्थल पर पहुंचे भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पहुंचे भाकियू कार्यकर्ता,प्रशासन के फूले हाथ पांव

**संभल, अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह में कल्कि धाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभा स्थल पर पुलिस प्रशासन के हाथ पांव उस वक्त फूल गए जबकि दो दर्जन भाकियू कार्यकर्ता पहुंच गए। कहीं आंदोलन को लेकर भाकियू कार्यकर्ता आवाज न उठा दें इस अंदेशे में सुरक्षा में लगे अधिकारी और कर्मचारी तुरंत सक्रिय हो गए। अधिकारियों ने भाकियू कार्यकर्ताओं से पूछा कि किसने बुलाया है तो उन्होंने कहा कि वह आचार्य प्रमोद कृष्णम के आमंत्रण पर यहां आये हैं। हालांकि भारतीय किसान यूनियन की टोपी लगाकर आये कार्यकर्ताओं की मंशा देख अधिकारी आशंकित थे। जबकि ऐसी कोई बात सुरक्षा में जुटे अधिकारियों के संज्ञान में नहीं थी। फिर क्या था, अधिकारियों ने किसी तरह भाकियू कार्यकर्ताओं को समझाया। काफी समझाने के बाद भाकियू कार्यकर्ता लौट गए तो अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली।

## मोदी के लिए भीड़ जुटाने में लगे रहे भाजपाई, पर न मंच पर जगह, न जिक्र

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** श्री कल्कि धाम शिलान्यास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कई दिनों से भाजपाई जुटे थे। भाजपाइयों ने जनसभा के लिए भीड़ इकट्ठा करने में भी खूब मेहनत की लेकिन किसी भाजपा नेता या मंत्री को मंच पर जगह नहीं मिली और न ही किसी का जिक्र किया गया। भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर भीड़ जुटाने के लिए पूरी मेहनत की। संभल के अलावा कई जिलों से कई बसों से लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने का काम किया । जनसभा के दौरान भी उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह, गुलाब देवी, बलदेव सिंह औलख, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह के अलावा कई दिग्गज नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपाई प्रधानमंत्री के संबोधन को पूरे ध्यान से सुनते रहे। बड़ी बात यह कि किसी भी भाजपा नेता का जिक्र तक नहीं हुआ। भाजपा के कई बड़े नेताओं ने भी इस बात को लेकर मंथन किया कि आखिर उपेक्षा क्यों हुई?



संभल में प्रधानमंत्री की सभा के दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह, गुलाब देवी, बलदेव सिंह औलख, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया व जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह।



संभल में कल्कि धाम शिलान्यास के अवसर पर मंचासीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व संत। ● अमृत विचार

## मां कैला देवी और बूढ़े बाबा का जयकारा लगाकर लोगों के दिल में उतर गये मोदी

भीष्म सिंह देवल,संभल

**संदेश**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच पर अपनी बात शुरु करने से पहले बार बोला-जय मां कैला देवी
- दो बार बोला जय बूढ़े बाबा की,फिर भारत माता की जय बोलकर शुरु किया संबोधन

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में जहां भी जाते हैं अपने खास अंदाज से वहां के लोगों के साथ इस तरह जुड़ जाते हैं जैसे उसी क्षेत्र और वहां के लोगों के बीच के ही हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यही जादू संभल जनपद के ऐंचोड़ा कम्बोह में भी देखने को मिला। अपने संबोधन के पहले शब्दों से ही प्रधानमंत्री लोगों के दिल में ऐसा उतरे कि पंडाल जयकारों से गूंज उठा। कल्कि धाम शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री जैसे ही सभा मंच पर पहुंचे तो पंडाल मोदी-मोदी के जयकारों से गूंजने लगा। मंच पर प्रधानमंत्री ने संतों का अभिवादन किया इसके बाद हाथ जोड़े पंडाल में मौजूद संतों व अन्य लोगों से मुखातिब हुए तो एक बार फिर से मोदी के जयकारे गूंजने लगे। संबोधन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माइक संभाला तो सबसे पहले उनके मुंह से निकला-जय मां कैला देवी। जवाब में भीड़ ने भी जय मां कैला देवी का उद्घोष किया। इसके बाद मोदी ने दो बार फिर से जय मां कैला देवी बोला। इसके बाद प्रधानमंत्री ने दो बार कहा-जय बूढ़े बाबा की। मां कैला देवी व बूढ़े बाबा का जयकारा सुनकर पंडाल में मौजूद भीड़ खुद को प्रधानमंत्री के बेहद करीब महसूस करने लगी। लगा जैसे कि नरेंद्र मोदी को उनके क्षेत्र के बारे में सब कुछ पता है। दरअसल मां कैला देवी का प्राचीन मंदिर संभल जनपद में असमोली विधानसभा क्षेत्र के यादव बाहुल्य इलाके में है। यादव बिरादरी के लोग मां कैला देवी को अपनी कुलदेवी मानते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कैला देवी मंदिर में दर्शन पूजन कर चुके हैं। कैला देवी के नाम से थाना भी स्थापित किया गया है। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई कैला माता और बूढ़े बाबा की जय-जयकार आगामी लोकसभा चुनाव में भी भाजपा के लिए फायदेमंद हो सकती है।

## एक नजर

### महानगर में आज से 3 दिवसीय श्रीराम नाट्योत्सव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी संस्कृति विभाग, अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान द्वारा साझा रूप से श्रीराम नाट्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 20, 21 व 22 फरवरी को महानगर के एमआईटी परिसर में आयोजन होगा। स्थानीय समन्वयक डॉ .पंकज दर्पण अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय श्रीराम नाट्योत्सव में प्रतिदिन सांय 6 बजे से प्रभु श्रीराम पर आधारित नाटकों का मंचन होगा। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ . लवकुश द्विवेदी के मार्ग दर्शन में आयोजन होगा।

### भगवान श्रीराम कथा में राम विवाह की धूम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय गोरक्षा सेवा समिति की ओर से नया मुरादाबाद में चल रही गो कथा एवं श्रीराम कथा में राम विवाह की धूम रही। कथा का आरंभ मुख्य यजमान कालीचरण एवं हृदेश देवी ने कथा व्यास शिव कुमार शास्त्री का पूजन करके किया। कथा व्यास ने कथा की अमृतवर्षा करते हुए गाय की महिमा का वर्णन किया।

# चार एजेंसियों की दावेदारी में तय होना है निर्माण का ठेका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ रेलवे प्रबंधन कपूर कंपनी पुल के टेंडर की कर रहा है छानबीन

**अमृत विचार:** कपूर कंपनी पुल बनाने वाली निर्माण एजेंसी का ठेका अभी तय नहीं हो पाया है। चार एजेंसियों ने टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लिया है। रेल प्रबंधन एजेंसियों के प्रपत्रों के परीक्षण के बाद एजेंसी का निर्धारण करेगा। अभी इस प्रक्रिया को पूरा होने में तीन से चार दिन का समय लगेगा। चार दावेदारों ने टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लिया है।

सूत्रों की मानें तो बिजनौर की एक एजेंसी ने सबसे कम खर्च पर काम लेने का प्रयास किया है। चार बार पहले भी निर्माण के लिए एजेंसी चयन को टेंडर जारी किया गया था लेकिन, प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। इसके बाद रेल प्रबंधन ने कार्य को दो हिस्से में बांट दिया है। 16 फरवरी को निर्माण एजेंसी का टेंडर जारी किया था, जिसमें चार फर्मों ने ठेके की दावेदारी की है। निर्माण कार्य आठ करोड़ रुपये में पूरा होना है। पिलर और खंभा निर्माण में लगभग दो करोड़ रुपये खर्च होने हैं। लोहा और स्टील मिश्रित पुल के गर्डर और बाकी हिस्से के निर्माण पर 5.50 करोड़ रुपये खर्च होने हैं।

रेलवे के लखनऊ स्थित कारखाने में गर्डर और ढांचा निर्माण होते हैं। पुल डिजाइन बनाने वाली एजेंसी ने अपना काम शुरू कर दिया है। जबकि निर्माण के प्रमुख हिस्से का ठेका मांगने वाले चारों दावेदारों के प्रपत्र की जांच की जा रही है। नोडल अधिकारी डीईएन हरपाल सिंह ने बताया कि एजेंसियों के प्रपत्र की जांच की जा रही है। यह पुल महानगर की बड़ी आबादी की सुविधा के लिए बनाया जाना है। एजेंसी निर्धारण के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। लेकिन, इस प्रक्रिया के पूरा होने में अभी तीन से चार दिन और लग सकते हैं।

## प्रदेश के सह प्रभारी प्रदीप नरवाल ने पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी, 24 फरवरी को 8:00 बजे शुरू होगी यात्रा

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को तैयार की रणनीति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



दिल्ली रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक करते कांग्रेसी।

**अमृत विचार:** सोमवार को दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने राहुल गांधी की अगुवाई में 24 फरवरी को सुबह आठ बजे यात्रा की शुरुआत करने की जानकारी मंडल के अलावा अन्य जनपदों से आए नेताओं को दी।

यूपी के सह प्रभारी ने कहा कि मुरादाबाद मंडल में इन दिनों कांग्रेस लगातार मजबूत स्थिति में होती जा रही है। राष्ट्रीय सचिव ने 2009 के लोकसभा चुनावों को सामने रखते हुए मंडल की आधी लोकसभा सीटों को जीतने का दावा किया। उन्होंने राहुल गांधी के पीछे एक हजार गाड़ियों का काफिला बनाते हुए चलने का लक्ष्य नेताओं को दिया। आसपास के जिलों से आए नेताओं ने इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाए जाने का दावा भी बैठक में किया। बैठक में जामा मस्जिद से चलकर संभल की सीमा तक जगह-जगह स्वागत मंच भी तय किए गए। बताया गया कि मंगलवार से रिक्शाओं के जरिये महानगर में सुबह शाम प्रचार कराया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा, राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक संजय कपूर, प्रदेश उपाध्यक्ष विदित चौधरी, महामंत्री व प्रभारी सुबोध शर्मा, सचिव मिथुन त्यागी, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी रिजवान कुरैशी, पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, सुखराज सिंह, सचिन चौधरी, अनूप दुबे, उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, अफजल साबरी, आजम अंसारी, अनुराग शर्मा, राजेन्द्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, अल्ताफ मंसूरी, मुशाहिद चौधरी, विवेक सागर, विजय मिश्रा, दानिश कुरैशी के अलावा रामपुर, अमरोहा, बिजनौर, बरेली व मेरठ के जिला व महानगर के कांग्रेसी शामिल रहे।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कल मुरादाबाद में



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 21 फरवरी को मुरादाबाद में भ्रमण पर रहेंगे। वह दोपहर 12 बजे ठाकुरद्वारा के विधायक नवाब जान खान के आवास पर पहुंचेंगे। जहां उनके सुपुत्र के शादी के उपलक्ष्य में आाशीर्वाद देंगे। यहां से लौटकर सर्किट हाउस में बने हेलीपैड पर उतरेंगे, यहां से कांठ रोड स्थित सिद्ध हास्पिटल में भर्ती संभल के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का हाल जानने आएंगे। उनका कार्यक्रम उनके निजी सचिव गंगाराम ने जारी किया है। इसके अनुसार अखिलेश यादव लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से चलकर बरेली हवाई पट्टी पर आएंगे। यहां से निजी हेलीकाप्टर से विधायक ठाकुरद्वारा के आवास के निकट बने हेलीपैड पर उतरेंगे। जहां से 12 .15 बजे विधायक नवाब जान के आवास पर आएंगे। यहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 1 :30 बजे वापस हेलीपैड पर आकर 1 :45 बजे सर्किट हाउस में बने हेलीपैड पर आएंगे। यहां से कार द्वारा कांठ रोड स्थित सिद्ध हास्पिटल में आएंगे। जहां भर्ती संभल के सांसद का हाल जानकर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना करेंगे। इसके बाद वापस सर्किट हाउस हेलीपैड पर लौट जाएंगे। जहां से बरेली हवाई पट्टी के लिए रवाना होंगे। समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव मुदस्सिर खान ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को देखते हुए पार्टी के सभी पदाधिकारी जुट गए हैं।

# योगी, मोदी के संबोधन ने बढ़ाया आत्मविश्वास

## पंचायत भवन में हुआ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन, महानगर के उद्यमियों को मिला सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



स्टॉल का निरीक्षण करते सांसद घनश्याम लोधी, नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व अन्य।

**अमृत विचार:** प्रदेश में औद्योगिक विकास को नया आयाम देने को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन से उद्यमियों का आत्मविश्वास बढ़ा। लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के सीधा प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के संबोधन ने उद्यमियों को नए शिखर पर पहुंचने का जोश भरा। उनका उत्साह नए फलक पर पहुंचा।

सोमवार को पंचायत भवन के सभागार में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें लखनऊ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। आयोजन का उद्घाटन रामपुर के सांसद घनश्याम लोधी ने किया। उन्होंने नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार आदि के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन कर उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी कार्य प्राथमिकता पर करने के लिए कहा। उद्योग विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम की रुपरेखा संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने बताई। कहा कि उद्यमियों के साथ किए गए एमओयू को धरातल पर उतारा जा रहा है। मुरादाबाद और मंडल के अन्य जिलों में औद्योगिक विकास को तेजी से गति दिया जा रहा है।आयोजन में लगे स्टॉल का अतिथियों ने निरीक्षण कर निर्यातकों व कारोबारियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में लखनऊ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के उद्घाटन का सीधा प्रसारण सभी ने डिजिटल स्क्रीन पर देखा। नगर विधायक रितेश गुप्ता, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने स्थानीय स्तर पर औद्योगिक विकास में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन ने उद्यमियों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास भरा।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए अपने निवेश प्रस्ताव देने वाले उद्यमियों को मंच पर बुलाकर प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले उद्यमियों ने औद्योगिक निवेश के लिए सरकार के द्वारा उठाए कदमों को सराहा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अपने संबोधन में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के इस संस्करण को जनपद समेत पूरे प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए नई बुलंदियां हासिल करने का महत्वपूर्ण प्लेटफार्म बताया। इस दौरान पंचायत भवन के मैदान में प्रदर्शनी में लगे स्टॉलों पर लगे उत्पादों को अतिथियों ने देखकर सराहना की। इसमें जिनमें पीतल की हस्तशिल्प कलाकृतियों के साथ ही मिलेट्स के फूड आइटम भी लोगों का आकर्षण केंद्र बने। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के स्टाल पर संजय सत्संगी व राजीव कुमार समेत अन्य स्टाफ ने नए आवासीय प्रोजेक्ट्स के बारे में लोगों को जानकारी दी।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, सहायक आयुक्त उद्योग अजमी नकवी, मनीष पाठक, अभिषेक वर्मा, भूपेंद्र सिंह, पंकज रस्तोगी समेत उद्योग विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## हादसे में दूध कारोबारी की मौत, मचा कोहराम

**अगवानपुर, अमृत विचार:** डेंटल पुल पर सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से दूध कारोबारी की मौत हो गई। कारोबारी दूध की आपूर्ति कर वापस लौट रहा था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

थाना भोजपुर के गांव गोहरपुर सुल्तानपुर निवासी नौशाद अली (32) पुत्र शहबाज अली दूध का कारोबार करता था। परिवार में पत्नी समीना व तीन बच्चे अहद, समद और माहिरा है। भाई सद्दाम के अनुसार रविवार को नौशाद के साले नाजिम निवासी गांव कटिया नगला थाना भगतपुर की शादी थी। नौशाद साले की शादी में शिरकत करने के लिए ससुराल गए हुए थे। शहर में दूध पहुंचाने की वजह से नौशाद सोमवार की सुबह घर पर आ गए और दूध लेकर मुरादाबाद चले गए। दोपहर को नौशाद घर लौट रहे थे। तभी राम गंगा पुल पर उनकी बाइक में पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल को कांठ रोड पर स्थित कासमास अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने इलाज के दौरान नौशाद को मृत घोषित कर दिया।



कांठ रोड स्थित अस्पताल में सांसद बर्क का हाल जानने पहुंचे पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव व अन्य।

# सांसद डॉ.बर्क का हाल जानने पहुंचे पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बदायूं के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने लंबे समय से बीमार चल रहे संभल सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क का हाल जाना।

डॉ.बर्क का कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सपा के नेता और अन्य संबंधी उनका हाल चाल जानने अस्पताल पहुंच रहे हैं। पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने उनकी कुशलक्षेम पहुंची और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। बीमारी के बाद लंबे इलाज के चलते उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनसे मिलने बुधवार को पहुंच रहे हैं। डॉ.बर्क एक महीने से बीमारी की चपेट में हैं और उनका कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। डॉ. बर्क के पोते कुंदरकी विधायक जियाउर रहमान बर्क ने बताया सांसद बर्क की हालत के बारे में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कई बार फोन पर उनसे जानकारी की है। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा की बर्क साहब मेरे दादा जैसे हैं। स्व.मुलायम सिंह यादव भी बर्क साहब को चाचा कहते थे। नेता जी की निगाह बर्क साहब का कद हमेशा ऊंचा रहा। पूर्व मुख्यमंत्री का सरकारी कार्यक्रम जारी होते ही मंडल भर के नेताओं के आने का क्रम शुरू हो गया है।



सोमवार को दिन भर धूप खिली रही, लेकिन शाम को आकाश में बादल छा जाने से लोगों को ठंडक का अहसास हुआ। ● अमृत विचार

## लगन से हासिल करें निपुण भारत का लक्ष्य

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत बुनियादी भाषा व गणितीय दक्षता के लिए प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के 4 दिवसीय सेवारत प्रशिक्षण की शुरुआत सोमवार को नगर संसाधन केंद्र पर हुई।

खंड शिक्षाधिकारी नगर मनोज कुमार बोस ने शिक्षकों से कहा कि निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों, उद्देश्यों ओर उनकी महत्ता को आगे बढ़ाने के लिए लगनशीलता के साथ कार्य करें। प्रशिक्षण के पहले दिन शिक्षकों को बुनियादी भाषा और गणितीय दक्षता की प्रारंभिक जानकारी मास्टर ट्रेनर ने दी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्वेत चहल, नीलम कुमारी, आशा विष्ट, मोनिका पाल, अर्चना रानी, शहला जमील, गीतिका, मनीषा पंवार सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक मौजूद रहे।

# गंदगी मिलने पर नगर आयुक्त नाराज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्थाओं में सुधार का निर्देश देते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।

▸▸ सिविल लाइंस व कंपनी बाग में किया सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण

▸▸ क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को फटकार लगाई, स्पष्टीकरण मांगा

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने सोमवार को सिविल लाइंस व कंपनी बाग में नगर निगम की ओर से संचालित सार्वजनिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया। शौचालय में गंदगी और कूड़ा मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को फटकार लगाकर स्पष्टीकरण मांगा।

सिविल लाइंस व कंपनी बाग में निरीक्षण के दौरान शौचालय और आसपास गंदगी व कूड़ा देखकर नगर आयुक्त नाराज हुए। उन्होंने कहा कि जनमानस के उपयोग के लिए इन शौचालयों को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी में लापरवाही सहन नहीं होगी। उन्होंने संबंधित सफाई व खाद्य निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कहा कि कार्यशैली व व्यवस्था में सुधार न होने पर कड़ी कार्रवाई होगी। नगर आयुक्त ने कहा कि जिस भी सफाई निरीक्षक को जो वार्ड आवंटित है वहां नियमित सफाई कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, नगर निगम के मुख्य अभियंता दिनेश सचान आदि मौजूद रहे।

## परिषदीय स्कूलों की स्थिति जांचेंगे एडी बेसिक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** निपुण भारत मिशन के तहत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए स्पष्ट एवं योग्यता आधारित लक्ष्यों का निर्धारण करने की रणनीति बनाई गई है।

इसको लेकर राज्य परियोजना निदेशक ने सूबे के सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा है। इसके तहत निपुण भारत मिशन की ओर शिक्षा को बेहतर बनाने व कक्षानुरूप स्तर पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसको लेकर मंडल के सभी जिलों में एडी बेसिक जांच करेंगे। इसके अलावा कक्षा एक से तीन तक के अध्ययनरत छात्रों को बेहतर बनाने की भी जांच करेंगे। मुरादाबाद में जल्द से जल्द जांच करेंगे। इससे पहले एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह मंडल के बिजनौर और अमरोहा में मिशन से संबंधित कार्यों की जांच कर चुके हैं।

**दिक्कत** सर्वर डाउन होने से ठप हुई कनेक्टिविटी, मरीजों को काफी देर करना पड़ा इंतजार

# जिला अस्पताल में पर्चा न बनने से मरीज परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए कतार में लगे मरीज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सोमवार को जिला अस्पताल में मरीज भारी संख्या पहुंचे। इस दौरान सर्वर डाउन होने से पर्चा बनवाने के काउंटर पर काम बंद हो गया। जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान पर्चा बनवाने के काउंटर पर सैकड़ों मरीज अपना नंबर आने के इंतजार में देर तक लाइन में खड़े रहे। थोड़ी देर में दो अन्य काउंटरों पर पर्चा बनवाया गया तो मरीजों को राहत मिली।

अवकाश के बाद सोमवार को जिला अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। पर्चा बनवाने के काउंटर पर सुबह से ही मरीजों की लंबी लाइन लगी थी। लगभग 10 बजे अचानक ऊपर से सर्वर डाउन हो गया। जिससे पर्चा बनवाने वाले काउंटर पर पर्चा बनना बंद हो गया। स्टाफ ने कनेक्टिविटी नहीं आने की वजह से पर्चा बनवाने की ऑनलाइन व्यवस्था ठप हो जाने की बात कही। जिसके बाद बीमारी की परेशानी झेल रहे मरीजों की आफत बढ़ गई। देखते ही देखते पर्चा बनवाने वाले काउंटर पर लोगों की लंबी लाइन लग गई। इस बीच दो काउंटरों पर पर्चा बनना बंद हो गया। लेकिन बाद में किसी तरह अन्य तीन काउंटरों पर पर्चा बनवाने का काम शुरू किया गया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। कनेक्टिविटी ठप होने से लगभग एक घंटे तक मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी।

### मोटापे से पीड़ित मरीजों की आज होगी निशुल्क जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंगलवार को दिल्ली रोड स्थित साईं अस्पताल में मोटापे से पीड़ित लोगों के लिए निशुल्क विशेष जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अस्पताल के वरिष्ठ लेप्रोस्कोपिक एवं बेरिएट्रिक सर्जन डॉ .जुहैब वसीम ने बताया कि शिविर में मोटापे से पीड़ित लोगों को जरूरी चिकित्सकीय परामर्श निशुल्क दिया जाएगा। जिसमें इसकी वजह से होने वाली परेशानियों से बचा जा सके।

## आरएसडी में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आरएसडी एकेडमी पब्लिक स्कूल में सोमवार को तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शुरू किया गया। आरंभ निदेशक डॉ विनोद कुमार, डॉ जी कुमार, प्रशासनिक अधिकारी मयंक शर्मा व प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा ने किया।

डीटीसी अधिकारी अक्षत शर्मा, शुभम सैनी व सुमित शर्मा ने प्रशिक्षण दिया। पहले दिन स्काउट/गाइड प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, सेल्यूट आदि सिखाए गए। मौके पर डॉ बीके पाल, अंजू सुखीजा, ज्योति पाठक, सुखरानी, दीपक रस्तोगी, मयंक कश्यप, सरिता, मोहित चौधरी, ज्योति गुप्ता, सीमा अग्रवाल, सीमा, समीक्षा अग्रवाल, नूतन, मनन, ताहिर हुसैन, कल्पना, रीया टम्टा और उन्नति शर्मा आदि मौजूद रही।

# आवास योजना के स्वीकृति पत्र बांटे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डा. गौरव।

**अमृत विचार:** विकसित भारत संकल्प यात्रा वार्ड संख्या 10 काजीपुरा में स्टेशन रोड पर पहुंची। यहां स्टॉल पर विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नया घरेलू गैस कनेक्शन व चूल्हा वितरित किया गया। वहीं अतिथियों ने आवास योजना का स्वीकृति पत्र भी लाभार्थी परिवारों को सौंपा।

मुख्य अतिथि नगर निगम कार्यकारिणी के उपसभापति डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ लोगों को मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि अपर नगर आयुक्त अजीत सिंह ने नगर निगम की ओर से संचालित कार्यक्रमों के बारे में बताया। कहा कि महानगर को स्मार्ट बनाने में सभी का सहयोग जरूरी है। आयोजन में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित विभागों के स्टॉल पर लाभार्थियों ने जानकारी हासिल की। क्षेत्रवासियों ने कल्कि धाम शिलान्यास में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को भी लाइव टेलीकास्ट में डिजिटल स्क्रीन पर देखा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नामित पार्षद कृपाल सिंह ने किया। सुनील कुमार ने सहयोग किया। इस दौरान नगर निगम के अभियंता किशन लाल, सफाई निरीक्षक हेमेंद्र सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर महामंत्री रईस चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### सबमर्सिबल की कोठरी से स्टार्टर चोरी

नौगावां सादात, अमृत विचार : कस्बे में चोरों ने सबमर्सिबल की कोठरी का ताला तोड़कर स्टार्टर और अन्य उपकरण चुरा लिए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा के मुहल्ला अलीनगर निवासी हसन हैदर का मदरसा अलिया जाफरिया के नजदीक सबमर्सिबल है। रात में किसी समय चोरों ने सबमर्सिबल की कोठरी के ताले तोड़कर स्टार्टर और अन्य उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। हसन हैदर जब खेत पर गए तो कोठरी के ताले टूटे हुए देख चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि जांच की जा रही है।

### कुत्तों ने आठ वर्षीया बालिका पर किया हमला

गजरौला, अमृत विचार : कुत्तों ने घर के बाहर खेल रही आठ वर्षीया बालिका पर हमला कर दिया। परिजन बालिका को सीएचसी ले गए। वहां से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। नगर और आसपास क्षेत्र में कुत्तों के हमलों से जुड़े मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सोमवार को भी घर के बाहर खेल रही बालिका पर कुत्तों ने हमला कर दिया। शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी हनीफ की आठ वर्षीया पुत्री मायर घर के बाहर खेल रही थी। तभी कुत्तों के झंड ने उस पर हमला कर दिया। मायर की चीख सुनकर परिजन बाहर की ओर दौड़े और कुत्तों को भगाया। परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### जिला मुख्यालय पर कल धरना देंगे किसान

अमरोहा, अमृत विचार : सोमवार को क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर छीतरा में किसान भवन पर संगठन की पंचायत हुई। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारी किसानों से जुड़ी मांगों को लेकर 21 फरवरी को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। कहा कि लखीमपुर खीरी में शहीद हुए किसानों को मुआवजा देने के साथ ही दिल्ली में किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के एक-एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने का वादा सरकार ने किया था। इसे अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी विजयपाल सिंह ने एमएसपी गारंटी कानून लागू करने, आंदोलन के लिए दिल्ली जा रहे किसानों को न रोकने की मांग की। इस दौरान रामपाल सिंह, सुभाष चीमा, बॉबी चाहल, सुरेंद्र सिंह आदि रहे।

# ग्राउंड सेरेमनी का लाइव प्रसारण देखा

## जिले को 2128 करोड़ रुपये के 61 एमओयू के प्रस्ताव मिले, निवेशक भय मुक्त होकर करें निवेश : डीएम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : मिनी स्टेडियम में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन किया गया। इसमें जिले में निवेश करने वाले विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े निवेशकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिले में कुल 2128 करोड़ के 61 एमओयू के प्रस्ताव दिए गए। इसके बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने निवेशकों को सम्मानित भी किया।

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शहर के मिनी स्टेडियम में दिखाया गया। इसमें जिले के उद्योगपति, औद्यागिक क्षेत्रों के प्रतिनिधि, आईटीआई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। सेरेमनी का कार्यक्रम जिले के अलवा तहसील स्तर पर भी किया गया। कार्यक्रम में अमरोहा जिले को 2128 करोड़ के 61 निवेश प्रस्ताव मिले। इसमें 30 निवेश प्रस्ताव 10 करोड़ से ऊपर के हैं। इससे 12,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। निवेश करने वाले विभागों में एमएसएमई, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, सहकारिता विभाग, उद्यान विभाग, डेयरी विकास विभाग, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, वन विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग, आयुष, परिवहन विभाग, पशु पालन विभाग और सूचना विभाग शामिल रहे।



निवेशकों को सम्मानित करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

इस दौरान डीएम राजेश कुमार त्यागी ने उत्कृष्ट निवेश करने वाले औद्योगिक प्रतिनिधियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सरकार की योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग जैसे-प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि के प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर निवेशकों ने विचार रखे। डीएम ने कहा कि जनपद में निवेश के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। सस्ता श्रम है, जमीन सस्ती हैं, दिल्ली नजदीक है। गजरौला विकास का हब है। एक्सप्रेस वे का तेजी से कार्य चल रहा है। बहुत जल्द ही पूर्ण हो जाएगा। दिल्ली की दूरी कम होने और जेवर एयरपोर्ट बनने से जनपद में इंडस्ट्रीज आने की बहुत सम्भावनाएं हैं। जनपद में जल्द ही प्लेज पार्क विकसित होने जा रहा है। सब्जी और आम का उत्पादन बहुत होता है। मैंगो पैक हाउस की शुरुआत हो चुकी है।

ग्राउंड शेरेमनी में सूक्ष्म और लघुउद्योग 631 करोड़, सहकारिता 385 करोड़ सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के 2128 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। यह उपलब्धता बहुत जल्द 1200 करोड़ हो जाएगी। प्रयास है कि सभी निवेशकों की समस्या का एक जगह पर समाधान हो और उन्हें बेहतर से बेहतर माहौल मिले। जल्द ही जनपद के लोगो को इसका परिणाम अच्छा और सुखद दिखेगा। कहा कि जिले में जितना इन्वेस्टमेंट होगा, जितने ज्यादा इन्वेस्टर्स आएंगे, जिले के लोगों और युवाओं को उतना अधिक रोजगार मिल सकेगा। उद्योगपतियों से कहा कि आप लोग भय मुक्त होकर किसी भी क्षेत्र में अधिक से अधिक निवेश करें।

कार्यक्रम में सीडीओ अश्वनी मिश्र, एडीएम मायाशंकर यादव, एएसपी, एसडीएम, उपायुक्त उद्योग आदि के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



लाइव प्रसारण देखते जनप्रतिनिधि व अधिकारी। ● अमृत विचार

# जनप्रतिनिधियों ने जनता के साथ देखा सेरेमनी कार्यक्रम

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : निवेश प्रस्तावों के चौथे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह को पालिका प्रांगण में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नगर वासियों ने एलईडी के माध्यम से लाइव देखा और प्रधानमंत्री का भाषण सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शुभारंभ किया। नगर पालिका मैदान में एलईडी के माध्यम से लखनऊ से इस लाइव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की गई। मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल एवं विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी शामिल हुए। अतिथियों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रदेश को बहुत बड़ी सौगात दी है। प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक लागत की 14000 परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम में एसडीम पुष्कर नाथ चौधरी, तहसीलदार सुंदीप कुमार, अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित, त्रिवेणी मिल के जीएम अमोद कुमार शर्मा, संजय शर्मा, अंकुर अग्रवाल, संदीप गुप्ता, सचिन गुप्ता, वेद प्रकाश यादव, प्रदीप अग्रवाल, गंगा सरन खड़गवंशी, मुजाहिद चौधरी, महिपाल सिंह, मनोज गोयल, विवेक शर्मा, अर्पण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कल्कि धाम पहुंचे विधायक व पालिकाध्यक्ष

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : संभल में कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए विधायक एवं पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता ऐंचोड़ा कंबोह गए।

ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कल्कि मंदिर के गर्भगृह में प्रधानमंत्री ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोमवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल के लिए वाहनों से रवाना हुए।



कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ जाते विधायक व पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### संभल मार्ग पर तैनात रही पुलिस

हसनपुर, अमृत विचार : पड़ोसी जनपद में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर संभल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही अधिक रही। इसके चलते प्रत्येक चौराहे पर पुलिस पिकेट तैनात रही। दरअसल जनपद संभल के कस्बा ऐंचोड़ा कंबोह में भगवान कल्कि मंदिर के शिलान्यास करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पहुंचे। इसे लेकर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी कार्यक्रम स्थल पर अपने वाहनों से गए थे। पड़ोसी जनपद होने के कारण संभल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही अधिक रही। इसके चलते बाईपास पर पुलिस पिकेट तैनात रही। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर संभल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही अधिक होने के कारण सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए थे।

### 25 को होगा अग्रवाल सभा की कार्यकारिणी का चुनाव

गजरौला, अमृत विचार : अग्रवाल सभा की कार्यकारीणी के चुनाव की प्रक्रिया 21 फरवरी से प्रारंभ हो जायेगी। यदि सर्वसम्मति से निर्विरोध मनोनयन नहीं हुआ तो मतदान 25 फरवरी को होगा। उसी दिन गिनती और विजेता की घोषणा होगी।

अग्रवाल सभा में 654 आजीवन सदस्य हैं। यह अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव के लिए राजीव कुमार मित्तल, कपिल कुमार सिंघल व अनुज अग्रवाल उर्फ शेरी को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। 21 फरवरी को सुबह 10 से 12 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री होगी। 22 को जमा की प्रक्रिया भी सुबह 10 से 12 बजे तक ही की जायेगी। 22 फरवरी को ही नाम वापसी भी दो से तीन बजे तक होगी। 23 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

# रात में खेतों में पहरेदारी कर रहे किसान

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : छुट्टा पशुओं से फसलों को बचाने के लिए किसानों को रात में खेत में पहरा देना पड़ रहा है। रातभर जागकर किसान फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। हाथ में लाठी व टार्च लेकर खेत पर डेरा जमाए इन किसानों की रात दर्द भरी है। छुट्टा पशुओं से फसल को सुरक्षित करना किसानों के लिए बड़ी चुनौती है। ठंड हो या शीतलहर, गर्मी हो या बरसात रात खेतों में गुजरना उनकी नियति बन गई है। इतना करने के बाद भी पलक झपकते ही छुट्टा पशु उनकी पसीने की कमाई चौपट कर जाते हैं।

समय के साथ सब कुछ बदल गया। अगर नहीं बदला तो वह है किसानों की दयनीय दशा। महंगी सिंचाई, महंगे बीज, महंगी खाद, उसके बाद फसल सुरक्षा के लिए तमाम तरह के कीटनाशकों का छिड़काव। मतलब हर कदम पर खर्च ही खर्च हो रहा है। इसके बाद छुट्टा पशुओं से फसल की निगरानी के लिए 24 घंटे खेत में टकटकी लगाए रखना सबसे बड़ी समस्या है। इसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं है। जगह-जगह गोशाला खुलने के बावजूद छुट्टा पशुओं के झुंड गोशालाओं की प्रासंगिकता पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे हैं।



गांव पास स्थित भूखंड में मौजूद छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

पशु चिकित्सालय के प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार ने बताया कि हमारे पास दो गोशाला हैं। दोनों ही छुट्टा पशुओं से फुल हैं। तीसरी गोशाला गांव रहमापुर में बन रही है इसका निर्माण होने के बाद छुट्टा पशुओं पकड़ कर इसमें भेजा जाएगा।



पुलिस को ज्ञापन सौंपते शिवसेना के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# शिवसैनिकों ने पुलिस को दिया ज्ञापन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : पार्टी हाई कमान के निर्देश पर प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने के लिए संभल को रवाना हो रहे शिवसेना कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। इस पर कार्यकर्ताओं एवं पुलिस में नोंकझोक भी हुई। इसके बाद क्राइम इंस्पेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

मंडल के शिवसेना कार्यकर्ताओं ने संभल में स्थित हरिहर मंदिर के कपाट खोलने की मांग को लेकर श्री कल्कि भगवान के मंदिर के शिलान्यास के अवसर पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन देने की घोषणा की थी। इससे पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। सोमवार को नगर स्थित जिला कार्यालय से जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव के नेतृत्व में शिवसेना कार्यकर्ता संभल के लिए रवाना हुए। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रोक दिया।

जिला प्रमुख ने बताया कि प्रशासन की हठधर्मिता के चलते कार्यकर्ताओं को रोका गया है। इस मौके पर अतुल अग्रवाल, राजकुमार सागर, राधेलाल अग्रवाल, अंकित चौहान, विकास यादव, सीमा यादव, दीनदयाल यादव आदि मौजूद रहे।

# दोबारा कराई जाए पुलिस भर्ती परीक्षा

संवाददाता मंडी, धनौरा

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा दे चुके परीक्षार्थियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर परीक्षा पुनः कराने की मांग की है।

सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा देने वाले सैकड़ों अभ्यर्थी तहसील परिसर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के स्टेनो श्याम सिंह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते हुए कहा कि 18 फरवरी को दूसरी पाली में हुई पुलिस परीक्षा का पेपर पहले से ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसकी वजह से मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को परेशानी हो रही है। अभ्यर्थियों ने पेपर लीक करने वाले दोषियों व साल्वर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने व परीक्षा पुनः कराने की मांग की। इस मौके पर सतेंद्र कुमार, सुशील कुमार, मुकेश कुमार, सुमित कुमार, सचिन कुमार, अरुण कुमार, गौरव कुमार, अजय कुमार, विनोद कुमार, बंटी कुमार आदि मौजूद रहे।

### अफवाह फैलाने के आरोप में यू-ट्यूबर गिरफ्तार

गजरौला, अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने की अफवाह फैलाने के आरोप में पुलिस ने यू-ट्यूबर व उसके 10-15 अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अभ्यर्थियों ने इस मामले में विधायक के आवास पर पहुंचकर ज्ञापन भी सौंपा था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। सोमवार को अभ्यर्थी कोचिंग सेंटर संचालक व यू-टयूबर ललित पाठक के नेतृत्व में इंदिरा चौक पर जमा हुए। 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने की अफवाह फैलाते हुए प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद सभी लोग एमडीए स्थित विधायक के आवास पर पहुंचे और ज्ञापन दिया। आरोप है कि प्रश्नपत्र लीक होने के उनके पास कोई साक्ष्य नहीं थे। इसकी जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा प्रश्नपत्र लीक होने की बात कहते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने से पहले ही ललित पाठक को हिरासत में लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि प्रश्नपत्र लीक होने का कोई साक्ष्य नहीं है। इस मामले में ललित व उसके 10-15 अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। ललित को गिरफ्तार कर लिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी ललित पाठक।

### परीक्षा में धांधली करने वालों पर हो कार्रवाई

हसनपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा को पुनः करने की मांग करते हुए छात्रों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी को सौंपा।

सरकार द्वारा 17 व 18 फरवरी को आरक्षी भर्ती परीक्षा कराई गई। नगर के युवाओं का कहना है कि परीक्षा में धांधलेबाजी हुई है। चारों पालियों के पेपर, परीक्षा के समय से पूर्व ही टेलीग्राम के माध्यम से वायरल हो गये। इसके साक्ष्य भी अभ्यर्थियों ने विधायक को दिखाए। युवाओं ने कहा कि इस धांधलेबाजी से उनके भविष्य से खिलवाड़ हुआ है। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि परीक्षा में धांधलेबाजी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। इसके बाद पुनः निष्पक्ष परीक्षा कराई जाए। इससे पूर्व युवाओं ने सपा के विधायक कमाल अख्तर से भी मुलाकात कर अपनी बात रखी थी। इस दौरान काफी संख्या में छात्र मौजूद रहे।



हादसे के बाद मौके पर ट्रक को रोकती भीड़। ● अमृत विचार

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : गजरौला मार्ग पर गन्ने से लदे ट्रक एवं बाइक की भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। बाद में उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहाली जागीर निवासी सुंदर अपने चचेरे भाई अनित के साथ दवा लेने जा रहा था। गजरौला दिशा से आ रहे गन्ने से भरे ट्रक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। इसमें सुंदर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी चिकित्सक यहां भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। लेकिन हालत में सुधार न होने के कारण चिकित्सकों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि ट्रक व चालक को पकड़ लिया गया है, कार्रवाई की जाएगी।

लापरवाही | दुकानदारों ने की निर्माण पर पाबंदी लगाने की मांग

# थम नहीं रहा पॉलीथिन का प्रयोग, जिम्मेदार चुप

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : पॉलीथिन के इस्तेमाल पर पाबंदी का शोर है। लेकिन नगर में पॉलीथिन धड़ल्ले से बिक रही है। अधिकारी भी चंद दिनों की चौकसी दिखाने के बाद खामोश हैं। अभी भी 90 प्रतिशत दुकानदार व ग्राहक इसका धड़ल्ले से उपयोग कर रहे हैं। कार्रवाई के बावजूद पॉलिथीन का जमकर उपयोग हो रहा है।

शहर में सब्जी मंडी से लेकर नाश्ते, मिठाई, दूध डेयरी, जनरलस्टोर, किराना स्टोर, कपड़े की दुकान आदि पर पॉलीथिन का उपयोग बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिम्मेदारों के सामने भी दुकानदारों द्वारा पॉलिथीन का उपयोग किया जा रहा है। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। इधर कई महीनों से तो छापेमारी भी नहीं की गई है।



पॉलीथिन में सामान ले जाता ग्राहक।

प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से उपयोग साबित कर रहा है कि यह आदेश सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गया है। दुकानदारों का कहना है कि पॉलीथिन का उपयोग तो सरकार ने बंद कर दिया है, लेकिन इसका विकल्प अभी तक नहीं दे पायी है। जो विकल्प है, वह काफी महंगा है। छोटे दुकानदारों के लिए जूट का थैला रखना संभव नहीं है। इसके निर्माण पर पाबंदी लगाने की जरूरत है।

> नगर में लगातार पॉलिथीन को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कई दुकानदारों व ठेला लगाने वालों जुर्माना भी वसूला गया है। जल्द ही इस अभियान को और तेज किया जाएगा। टीमें लगाकर वसूली की जाएगी।
>
> -अरुण कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद

बता दें कि सरकार ने तो पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन लोग आज भी बिना थैला लिए बाजार जा रहे हैं। आमजन को भी अपनी मानसिकता में बदलाव करना होगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। जिस तरह प्रशासन की ओर से पॉलीथिन में सामग्री बेचने वाले दुकानदारों से जुर्माना वसूला जाता है, उसी तरह उपभोक्ता पर भी जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए। तभी यह अभियान सफल होगा।

# बुलेट बाइक से पटाखे फोड़ रहे युवा, कानून की नहीं परवाह

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : बुलेट बाइक से पटाखे फोड़ना युवाओं के लिए टशन बन चुका है। युवा बुलेट के साइलेंसरों को मोडिफाइ करा रहे हैं। इसके बाद बुलेट चालक साइलेंसर से सड़कों पर पटाखा फोड़ते हैं। इस वजह से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इन लोगों को कानून की तनिक भी परवाह नहीं है।

परिवहन नियमों के तहत किसी भी गाड़ी की बनावट में बिना अनुमति के कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। लेकिन शहर में युवा अपनी बाइकों के साइलेंसर बदलवा रहे हैं। इसके बाद सड़क पर चलते समय भीड़ वाली जगहों में पटाखे की आवाज निकालते हुए भाग जाते हैं। इससे अनजान लोग घबरा कर इधर-उधर वाहन रोक लेते हैं। शहर की गलियों और सड़कों पर बुलेट बाइक से पटाखा फोड़ने वाले शरारती तत्व शहरवासियों के लिए किसी सिरदर्द से कम नहीं है। शहरवासी महिपाल सिंह, एमके शर्मा, डॉ गिरीश चौधरी, योगेंद्र सिंह, श्याम गर्ग का कहना है कि बुलेट बाइक पर पटाखा फोड़ने वाले शरारती तत्व भीड़ वाले स्थानों पर जान बूझकर पटाखा फोड़ते हैं। इससे न सिर्फ बुजुर्गों को परेशानी होती है बल्कि अन्य शहरवासी भी दिक्कत में आ जाते हैं। यदि कोई साइकिल वाला सड़क पर चल रहा तो उसी समय यह पटाखा फोड़ देते हैं, इससे उसका संतुलन बिगड़ जाता है। कई बार हादसे का शिकार भी हो जाता है।

> बुलेट बाइक से पटाखा फोड़ने वालों पर नकेल कसने के लिए पुलिस अभियान चलाती है। लोगों से भी अपील की गई कि ऐसे वाहन का नंबर पुलिस बताएं। जल्द ही अभियान चलाया जाएगा और इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> -रविंद्र कुमार, कस्बा चौकी प्रभारी

# चुनाव में साइकिल को करें मजबूत : कमाल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी हाई कमान ने कुछ कार्यकर्ताओं को प्रदेश स्तरीय पद देकर पार्टी को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर के नेतृत्व में फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

सोमवार को मोहल्ला होली वाला स्थित सपा के कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर की संस्तुति पर पंडित यतीन्द्र शंकर गौड़ को सपा प्रबुद्ध सभा का प्रदेश उपाध्यक्ष, युसूफ कुरैशी को सपा युवजन सभा का प्रदेश सचिव, नवल कुमार जाटव को लोहिया वाहिनी का प्रदेश सचिव, पवन अग्रवाल को सपा व्यापार सभा का प्रदेश सचिव, अंशु त्यागी को सपा अधिवक्ता सभा का प्रदेश सचिव, अखिलेश कुमार को सपा एससी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष एवं शाहनवाज अंसारी को सपा जिला सचिव मनोनीत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।



बैठक में बोलते पूर्व मंत्री व विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

इस दौरान कमाल अख्तर ने कहा कि इस समय प्रदेश में पूरी तरह जंगल राज है। हर तरफ लूट मची है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर भाजपा सरकार के विरुद्ध अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करते हुए समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। अध्यक्षता बदर कुरैशी एवं संचालन जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी ने किया। इस मौके पर साजिद खान, राशिद कुरैशी, जावेद जरतब, शोएब मंसूरी, इरफान बंजारा, मौनीश, अफजाल, राहत कुरैशी, इरशाद कुरैशी, साजिद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### आईटीआई में रोजगार मेला कल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 21फरवरी दिन बुधवार को प्रात: 10 :30 बजे से अपराह्न तीन बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सिक्योरिटी गार्ड एंड इंटेलिजेंस देहरादून, जनेवा कृरोप साइंस प्राइवेट लिमिटेड अलीगढ़, डीवीजी टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पुखराज हेल्थ केयर, मैनपॉवर सौर ऊर्जा फरीदाबाद, ट्रॉनचेक एजुकेशन नोएडा, क्यूर एजुकेशन गाजियाबाद, भारतीय जीवन बीमा निगम फाऊंडेशन नोएडा, पैशन स्क्वायर, हिमवैन ट्रेडर्स, किक इन्जीलियश सॉल्युशन समेत करीब 15 कंपनियां प्रतिभा करेंगी।

### महिला के पति पर मारपीट का आरोप


**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवरखेड़ा निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर अपने पति पर अन्य महिला से अवैध संबंध होने की बात का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि जब वह अपने पति से विरोध करती है, तो उसका पति मारपीट करता है। साथ ही उसे छोड़ने की धमकी देते हैं। महिला ने पति के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

### मजाक का विरोध करने पर मारपीट, घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा निवासी माजिद पुत्र रसीद चौधरी ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि रविवार की रात आठ बजे गांव का एक युवक उसके साथ मजाक कर रहा था। युवक ने जब मजाक करने से मना किया तो युवक आग-बबूला हो गया। इसके बाद युवक अपने घर आ गया। कुछ देर मजाक करने वाला युवक अपने साथियों के साथ माजिद के घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर घर में घुसकर माजिद को जमकर पीटा। पुलिस ने घायल का उपचार सीएचसी में कराया गया है।


संभल में जनसभा में प्रवेश से पहले लोगों की जांच करते सुरक्षा कर्मी। ● अमृत विचार


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में उत्साहित होकर नृत्य की मुद्रा में भाजपा की महिला कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखने के लिए सूखे पेड़ पर चढ़े लोग। ● अमृत विचार

# चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद दिखी पुलिस, बीएसएफ भी रही तैनात

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कड़े रहे सुरक्षा प्रबंध, दिन निकलते ही मनोटा-सैदनगली मार्ग पर तैनात हुए सुरक्षा कर्मी

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :**ऐंचौड़ा कम्बोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर सोमवार को सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। एसपीजी की निगरानी में तैयार किए सुरक्षा प्लान के मुताबिक पुलिस कर्मियों के अलावा बीएसएफ के जवानों ने भी पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी की। मुख्य मार्ग के अलावा खेतों और घरों की छतों पर भी पुलिस कर्मी पूरी तरह से अलर्ट रहे।

श्री कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की वजह से कई दिनों से सुरक्षा और निगरानी के इंतजाम किए जा रहे थे। एसपीजी की देखरेख में ही सुरक्षा का खाका खींचा गया था।

रविवार को पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा बीएसएफ के जवानों को भी ड्यूटी मिलने के साथ ही यह पता चल गया था कि उन्हें किस स्थान पर मुस्तैदी के साथ रहना है। जैसे ही सोमवार को दिन निकला तो सुरक्षा कर्मी भी सक्रिय हो गए। मनोटा पुल तिराहा पर भारी पुलिस बल की मुस्तैदी के साथ ही कई अधिकारी मुस्तैद रहे। मनोटा सैदनगली मार्ग पर होने वाले कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर बीच में कई जगह बैरियर लगाए तो वहां भी पुलिस की मुस्तैदी दिखी। हालांकि पिछले बैरियर से भाजपाइयों की गाड़ी पास हो चुकी थी लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने वहां भी पूरी जानकारी की। ऐसा सुरक्षा में कहीं चूक न हो जाए इसलिए किया गया।

आलम यह रहा कि सवेरे ही से संभल-जोया मार्ग, मनोटा-सैदनगली मार्ग पर जगह-जगह पुलिस कर्मी रहे और खेतों तक में खड़े होकर ड्यूटी की।

इतना ही नहीं, सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम स्थल पर बीएसएफ जवानों की तैनाती की गई थी। बीएसएफ जवान पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहकर हर गतिविधि पर नजर जमाए रहे। दूसरी तरफ कार्यक्रम स्थल के आसपास घरों पर भी पुलिस कर्मी नजर आए जो ऊंचाई पर रहकर कार्यक्रम स्थल पर नजर रख रहे थे।


प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल के बाहर मुस्तैद बीएसएफ के जवान। ● अमृत विचार


जनसभा के दौरान सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

### चेकिंग के बाद ही मिला प्रवेश

**संभल अमृत विचार :** कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे लोगों की चेकिंग के लिए कई द्वार बनाए गए थे। जहां तैनात कर्मचारियों ने लोगों की चेकिंग की। मेटल डिटेक्टर मशीन के जरिये लोगों की चेकिंग की गई। सुरक्षा में जुटे कर्मचारियों ने पूरी तसल्ली कर लेने के बाद ही लोगों को कार्यक्रम स्थल की तरफ बढ़ने दिया।

### काले कपड़े पहने लोगों को निकाला बाहर

**संभल अमृत विचार :** शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचने को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध रहे और सतर्कता भी बरती गई। पहले तो चेकिंग के दौरान ही काले कपड़े पहनने वाले लोगों को कार्यक्रम स्थल की तरफ प्रवेश नहीं दिया गया। अगर कोई पहुंच भी गया तो अधिकारियों ने निगरानी रखी। अधिकारियों ने ऐसे कई लोगों को बाहर निकाला जो काले शर्ट, पेंट या फिर जैकेट पहने हुए थे।

### महिलाओं में दिखा गजब का उत्साह

**संभल अमृत विचार :** वजह चाहें शिलान्यास कार्यक्रम की जनसभा में पहुंचना हो या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक झलक पाना, लेकिन सोमवार को महिलाओं में गजब का उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं की भी कार्यक्रम में अच्छी खासी भागीदारी रही। महिलाओं ने कई बार मोदी-मोदी के नारे लगाए तो उनका उत्साह साफ दिखा।

### मस्जिद के बुर्ज को कपड़े से ढका और कड़ी सुरक्षा

**संभल अमृत विचार :** श्री कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम स्थल से ठीक पहले मस्जिद को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़ी सतर्कता बरती। मस्जिद के बुर्ज को न सिर्फ कपड़े से ढका गया बल्कि वहां भारी पुलिस बल को भी तैनात किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तक मस्जिद पर सुरक्षा और निगरानी का माहौल बना रहा।

### दिन निकलते ही दौड़ने लगी भाजपा नेताओं की कारें

**संभल अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। सोमवार को दिन निकलते ही भाजपाइयों ने कार्यक्रम स्थल का रुख कर लिया। सुबह सात बजे से ही संभल मनोटा मार्ग पर कई कारें भाजपा का झंडा लगाकर दौड़ती नजर आईं।

### कार्यक्रम स्थल पर लगा शिविर

**संभल अमृत विचार :** कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम स्थल पर ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर लगाया गया। जिसमें लोगों का चेकअप करते हुए दवा वितरित की गई। सैकड़ों लोगों को स्वास्थ्य विभाग ने दवा और परामर्श दिया। शिविर में नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी, डॉ.नीरज शर्मा, डॉ.मोहम्मद राहिल, स्टाफ नर्स सोमपाल सिंह, एलटी सचिन कुमार, सीएचओ मोहम्मद असलम, वार्ड ब्वाय रणविजय रहे।

# प्रधानमंत्री का वायुयान उड़ा तो अधिकारियों ने ली राहत की सांस

**संवाददाता,ऐंचोड़ा कम्बोह(संभल)**

▸▸ **15 दिनों से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी में जुटे थे अधिकारी**

**अमृत विचार:** संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कल्कि धाम के शिलान्यास का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। अधिकारियों की मेहनत भी रंग लाई। सभा के बाद जब प्रधानमंत्री का वायुयान उड़ गया तब अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इसी तरह का भाव जिला प्रशासन के आला अफसरों के चेहरे पर नजर आया। 15 दिनों से कार्यक्रम की सफलता के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाने वाले जिला प्रशासन के अधिकारी रिलैक्स नजर आए।

संभल जिले के ऐचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम के शिलान्यास को लेकर 15 दिन पहले जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का निमंत्रण मंजूर कर एक्स पर अपने आगमन का संदेश दिया तभी से जिला प्रशासन इस कार्यक्रम को लेकर हरकत में आ गया। जनपद के डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने 15 दिन पहले ही इस कार्यक्रम की सफलता के लिए योजना बनानी प्रारंभ कर दी थी। यहां कमिश्नर डीआईजी से लेकर डीजीपी प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री के साथ दौरा करके पूरे कार्यक्रम की सफलता को लेकर जुटे रहे। इस के साथ ही जिला प्रशासन की सभी इकाइयां इस कार्यक्रम की सफलता के लिए जुट गई थीं। 15 दिनों तक कार्यक्रम स्थल पर दिन-रात कार्य चलता रहा। डीएम एसपी ने रात रात भर कैंप करके व्यवस्थाओं को पूरा कराया। जब सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री व योगी आदित्यनाथ कल्कि धाम शिलान्यास के लिए पहुंचे तो पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की जान सांसत में रही।

# कलाकार कन्हैया मित्तल व अनामिका अंबर के भजनों पर झूमे कल्कि भक्त

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :**कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कलाकार कन्हैया मित्तल ने कई भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बनाया। उनके भजनों को सुनकर तमाम भाजपा नेता और कल्कि भक्त झूमते नजर आए। भाजपाई तो प्रस्तुति के मंच के नीचे ही भजनों पर नाचते हुए भक्ति में रम से गए। वहीं अनामिका अंबर ने भजनों की प्रस्तुति देकर धूम मचा दी।

संभल के ऐंचौड़ा कम्बोह में स्थिल कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने भी भाजपाइयों और कल्कि भक्तों को भजनों की प्रस्तुति देकर झूमने के लिए मजबूर किया।

इनमें कन्हैया मित्तल ने मंदिर अब बनने लगा है भगवा रंग चढ़ने लगा है.... सुनाया तो कुर्सियों पर बैठे भाजपा के नेता खड़े होकर नृत्य करने लगे।




प्रस्तुति देते कन्हैया मित्तल व डा. अनामिका अम्बर। ● अमृत विचार

▸▸ **शिलान्यास कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की दी प्रस्तुति**

▸▸ **खुद को नहीं रोक सके भाजपा नेता, नाचते झूमते हुए भजनों का लिया आनंद**

इतना ही नहीं, कल्कि भक्त भी झूमते नजर आए। कन्हैया मित्तल ने राम आ गए..., जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे..., जय हो कल्कि भगवान ले लो कलियुग में अवतार, त्रेता में श्रीराम पधारे द्वापर में घनश्याम, कलियुग को प्रभु आप संभालो... भजन की प्रस्तुति दी।

इसके बाद अनामिका अंबर ने लखन सिया और बजरंगी संग फिर चलकर बैठेंगे....की प्रस्तुति दी। अनामिका अंबर ने कई भजनों की प्रस्तुति दी।

### नरौली व बेहटा साहू से भी कल्कि धाम पहुंचे भाजपाई

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नगर पंचायत नरौली व आसपास की ग्राम पंचायतों से संभल एंचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम शिलान्यास समारोह में शामिल होने के लिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए भाजपाई पहुंचे। नगर पंचायत नरौली व नरौली मंडल से शक्ति केन्द्र से सभी संयोजक, बूथ अध्यक्ष और वारिष्ठ भाजपा और विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी अपनी-अपनी बसों और अन्य वाहनों से बडी संख्या में कार्यकर्ताओं को लेकर पहुंचे। जिसमें नरौली से तीन बस व चार पहिया और दो पहिया वाहन भी गये। इसके अलावा प्रत्येक गांव से एक बस भेजी गई। हरवेश राघव, राजेश गुप्ता, राकेश शर्मा, सचिन शर्मा, राहुल शर्मा, संजीव राघव, सतेन्द्र शर्मा, रामबाबू शर्मा, भरत गुप्ता, दिनेश कुमार, विपिन गोयल, अमित कश्यप, राजेश राघव, धर्मपाल, बब्लू, सोनी राघव, गणेश चौबे, चमन सैनी, अशोक कुमार आदि थे।

# प्रधानमंत्री की एक झलक देखने के लिए आतुर दिखा हर कोई

**गौरव वर्मा, संभल**

▸▸ **मंच पर लगी एलईडी स्क्रीन पर मोदी दिखे तो जनसभा में नारे लगाने लगे लोग**

**अमृत विचार :**ऐंचौड़ा कम्बोह स्थित श्री कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक झलक देखने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह नजर आया। जैसे ही प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से उतरकर कल्कि धाम के गर्भगृह की तरफ बढ़े तो उनकी तस्वीर जनसभा के मंच पर लगी एलईडी स्क्रीन पर दिखी, फिर क्या पंडाल में मोदी-मोदी के नारे गूंजने लगे। इनमें युवाओं, पुरुषों के अलावा महिलाओं ने भी अपने स्थान से खड़े होकर नारे लगाए।

वैसे तो अधिकांश लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिर्फ टीवी पर ही देखा है लेकिन सोमवार का दिन ऐसे ही लोगों के लिए बेहद ऐतिहासिक रहा। सुबह सात बजे से ही कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम स्थल पर लोगों की भीड़ पहुंचने लगी। इनमें न सिर्फ युवाओं बल्कि पुरुषों और महिलाओं की भागीदार भी अच्छी खासी रही। तमाम लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन का समय पता था, तो वह 10 बजे के बाद से ही आसमान की तरफ निहारने लगे। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हेलीकाप्टर ने कार्यक्रम स्थल के ऊपर चक्कर लगाया तो लोग उनकी एक झलक देखने के लिए आतुर हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब कल्कि धाम के गर्भगृह की तरफ बढ़े तो उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। कल्कि धाम गर्भगृह में शिला स्थापित करने और कल्कि धाम के चित्र का लोकार्पण करने के बाद जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसभा के मंच पर 10.48 बजे आए तो पंडाल में मौजूद युवाओं, पुरुषों और महिलाओं ने अपने स्थान से खड़े होकर मोदी-मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिए। जनसभा में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधन शुरू किया तो लोग उन्हें टकटकी लगाकर देखते रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा राष्ट्र : योगी आदित्यनाथ

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

**अमृत विचार:** कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम में अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 10 साल में हमने एक नये भारत का दर्शन किया है। इस नये भारत में हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी के साथ ही राष्ट्र को समृद्धि के नये सोपान तक पहुंचाने का संकल्प भी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वह न आस्था दे पाए और न ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। हर साल 21 जून को दुनिया के 200 देश भारत की ऋषि परंपरा से जुड़कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं। उन्होंने कहा कि आज यहां प्रधानमंत्री का आगमन हुआ है, जहां कलियुग और सतयुग के संधिकाल में भगवान विष्णु के दसवें अवतार कल्कि का अवतरण होगा। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जो शुरुआत हुई है, उसी क्रम में प्रधानमंत्री यहां पहुंचे हैं।

### चीन को टक्कर देंगे संभल के हस्तशिल्पी

**संभल, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुरादाबाद मंडल में सरकार द्वारा किये गये कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि संभल के हैंडीक्राफ्ट कारोबार को भी बढ़ाने का काम सरकार द्वारा किया गया है। संभल के हॉर्न क्राफ्ट को जीआई टैग मिलने के साथ ही संभल में सीएफसी कामन फैसिलिटी सेंटर भी स्थापित करा दिया गया है। अब तकनीक मिल गई है तो यहां के हस्तशिल्पी अच्छी गुणवत्ता के बटन तैयार कर चीन को टक्कर देने को तैयार हैं। कहा कि संभल में गंगा एक्सप्रेसवे बन रहा है। 2025 में प्रयागराज कुंभ के दौरान सरकार का प्रयास होगा कि पश्चिमी यूपी के लोग इस एक्सप्रेसवे के जरिए तेज गति से प्रयागराज पहुंचें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही मुरादाबाद का एयरपोर्ट भी शुरु होने जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अमरोहा की ढ़ोलक व मुरादाबाद के ब्रास उद्योग की तरक्की के लिए किये गये कामों का भी जिक्र किया।

▸▸ **2025 में गंगा एक्सप्रेस वे से करें कुंभ का सफर**

▸▸ **मुख्यमंत्री ने गंगा एक्सप्रेस वे व एयरपोर्ट के साथ ही हैंडीक्राफ्ट ब्रास व ढोल का किया जिक्र**

### मारपीट के आरोप में चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बिचेटा में गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला सहित तीन लोगों घायल हो गए। घायलों का उपचार सीएचसी में कराया गया। घायल की तहरीर पर थाने में चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गांव बिचेटा निवासी कृपाल सिंह पुत्र मोहन सिंह ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि रविवार की सुबह छह बजे कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर घर पहुंचे और कहने लगे कि तूमने हमारे बाजरे के पेड़ दबाकर जला दिए। मना करने पर गाली-गलौज करने लगे और कुछ देर बाद मारपीट शुरू कर दी। चीखने की आवाज सुनकर उनका पुत्र मुकेश व पुत्रवधु सुमन बचाने पहुंचे तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की। शोर-शराबा होने पर ग्रामीण आ गए। जिससे हमलावर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों का उपचार सीएचसी में कराया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार ट्राली से टकराए, गंभीर घायल

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर**

▸▸ **आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर अफजलपुर डरौली के पास हादसा**

▸▸ **हालत गंभीर होने पर निजी चिकित्सक ने किया रेफर**

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर अफजलपुर डरौली के पास रविवार की रात 11 बजे सड़क पर पलटी गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को बचाने के प्रयास में बाइक को कार ने टक्कर मार दी।

हादसे में बहजोई शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर परिजन मुरादाबाद ले गए।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर नरौली निवासी कपिल पुत्र सुनील सिंह, विनीत पुत्र महावीर सिंह व धर्मेंद्र पुत्र ठाकुर ऋषिपाल सिंह दोस्त हैं। रविवार की रात तीनों दोस्त बाइक पर सवार होकर बहजोई में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रात 11 बजे तीनों युवक बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर गांव अफजलपुर डरौली के पास सड़क पर गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी हुई थी। जिसे देख चालक ने बाइक धीमी की तो पीछे से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी और बाइक सवार ट्राली से जा टकराए। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। किसी तरह घायलों ने मोबाइल से घटना की सूचना अपने परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन घायलों को निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### दुकान के ताले तोड़ते समय लोगों के जागने पर भागे चोर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मोहल्ला कायस्थान निवासी राकेश वार्ष्णेय की ब्रह्म बाजार में अन्नू जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। वह रविवार की रात आठ बजे दुकान बंद करके घर चले गए। रात दो बजे चोरों ने दुकान पर लगे ताले तोड़े तो पड़ोस में जाग हो गई। जिससे पड़ोसी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिससे चोर रफूचक्कर हो गए। घटना की सूचना दुकान स्वामी को दी। रात में ही मौके पर पहुंचे दुकान स्वामी ने देखा तो चोर ताले नहीं तोड़ सके थे।

### धर्मांतरण के मामले में एक आरोपी को तीन वर्ष की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** धर्म परिवर्तन के मामले में एक दोषी को तीन वर्ष के कारावास और 51 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। घटना 2023 में थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली के मोहल्ला काजी टोला में हुई। वादी कविता कुमारी पुत्री बनवारी निवासी मौराव जिला उन्नाव ने थाना बनियाठेर पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह नोएडा स्थित एक कंपनी में कार्यरत है। कुछ वर्ष पहले अनुराग ठाकुर नामक एक व्यक्ति उसके संपर्क में आया था। व्यक्ति ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया तथा शारीरिक शोषण करता रहा। कुछ समय बात पता चला कि अनुराग ठाकुर हिंदू न होकर मुस्लिम है और उसका नाम जैद अली पुत्र रईस अहमद निवासी मोहल्ला काजी टोला नरौली है। तब उसने रुपयों की डिमांड की तो जैद अली ने जान से मारने की धमकी दी और नरौली भाग आया। तब से जैद अली उसे डरा धमका कर धर्मांतरण का प्रयास कर रहा है। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर जैद अली पुत्र रईस अहमद निवासी मोहल्ला काजी टोला कस्बा नरौली थाना बनियाठेर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया और साक्ष्यों को जुटा कर 22 जून 2023 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक शालिनी ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कर बहस की। सोमवार को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) रागिनी ने आरोपी जैद अली को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास व 51 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सभी सजाएं साथ चलेंगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षड् दोषा: पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता।।


ऐश्वर्य या उन्नति चाहने वाले पुरुषों को नींद, तन्द्रा (उंघना), डर, क्रोध, आलस्य तथा दीर्घसूत्रता (जल्दी हो जाने वाले कामों में अधिक समय लगाने की आदत) – इन छ: दुर्गुणों को त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# सरकार के प्रस्ताव

केंद्र सरकार और आंदोलनरत किसान संगठनों के बीच हुई चौथे दौर की वार्ता बेनतीजा रही। किसान संगठनों और सरकार के बीच इससे पहले तीन बैठकें हो चुकी हैं। ये बैठकें 8, 12 और 15 फरवरी को चंडीगढ़ में ही हुई थीं। हालांकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार देर रात हुई इस बैठक को सकारात्मक बताया है। किसानों के साथ वार्ता के बाद तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव रखा है। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करके भविष्य की रणनीति तय करेंगे। फिलहाल दिल्ली चलो मार्च को स्थगित किया गया है। किसान एमएसपी के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि पहले भी किसानों ने तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन किया था। किसानों के आंदोलन को देखते हुए केंद्र सरकार ने कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) क़ानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद कर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इस पर किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया था। जानकारों के मुताबिक गेहूं, धान पर एमएसपी की गारंटी व्यावहारिक नहीं है। वैसे भी एमएसपी का फायदा तभी है, जब यह बाजार भाव से ज्यादा हो। संभावना जताई जा रही है कि उदारीकरण के इस दौर में निजी क्षेत्र में ज्यादा कीमत मिल सकती है। अब केंद्र सरकार ने किसानों के सामने फसलों के विविधीकरण का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत अलग-अलग फसलें उगाने पर उन्हें एमएसपी पर ख़रीदा जाएगा। फसलों के विविधीकरण का सरकार का यह प्रस्ताव अनूठा है। कपास, दलहन और मक्का अगर बहुतायत में उगाई जाएंगी तो इससे न केवल किसान अपितु देश की अर्थव्यवस्था को और बल मिलेगा। सरकार ने ए 2 प्लस एफएल फार्मूले पर भी जोर दिया है। इसके तहत बीज, खाद, सिंचाई एवं अन्य वस्तुओं की कीमतों और मजदूरी के आधार पर ही फसल की लागत तय होगी। वास्तव में इन प्रस्तावों में कोई बुराई नहीं है और प्रस्ताव किसान के हित में हैं। सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक संकेत दिए हैं, तो आंदोलनकारी किसानों को इस पर आगे बढ़ना चाहिए। आंदोलन से प्रभावित जनजीवन को सामान्य बनाने में सहयोग करना चाहिए।

# कृषि और पशुपालन में सिमुलेशन अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है।

भारतीय कृषि का आधार गाय ही है। हरित क्रांति के दौर के समाप्त होते ही एक विशाल परिवर्तन हुआ जिसमें खेती का आधार ही बदल गया और यह गाय आधारित कृषि से ट्रैक्टर और फार्म इम्प्लेमेंट्स आधारित खेती हो गई। इसी के साथ भारत के ग्राम्यांचलों में रहने वाले लोगों की आहार परंपरा और सेहत के पैमाने भी बदलने लगे। भारत के गांवों में कुपोषण जनित एनीमिया (रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी), पैराप्लेगिया और प्रोटीन एनर्जी मॉलन्यूट्रीशन, इन्फेक्शस डिजीजेज जैसे कि टीबी, स्त्री रोग -खासतौर से गर्भाशय का कैंसर और शिशु स्वास्थ्य तो पहले से ही एक चुनौती रहे हैं। अब डायबिटीज, कार्डियो वैस्कुलर डिजीजेज और कैंसर बढ़ गए हैं। इसमें जन्मजात बीमारियों की बात शामिल नहीं है।

शराब का चलन हद से अधिक होने के कारण लीवर, पित्ताशय और अग्नाशय का कैंसर के मामलों में बड़ा इजाफा हुआ है। लोग आराम तलब हो गए हैं और जिस्मानी मेहनत से जी चुराने लगे हैं। गाय के घी, लस्सी, दूध, बाजरा, जौ और चने की आहार में कमी हो गई है। हरी पत्तेदार सब्जियों की जगह मटर-पनीर, छोले-पूरी, चावल और बाजार से अर्द्ध-पके या अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की खपत गांवों में बढ़ी है और तो और इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड थैली के पास्च्युरायिज्ड मिल्क की मांग बड़ी है। यह तो 'उलटे बांस बरेली को' वाली बात हो गई। चूल्हे पर जो खाना धीमी आंच पर पकता था उसे अब आनन-फानन में प्रेशर-कुकर और गैस स्टोव पर बना लिया जाता है, लेकिन मैंने देखा है कि अनेक घरों में खाना पकाने के लिए हाइब्रिड मेथड अपनाया जाता है अर्थात् सब्जी तो प्रेशर कुकर में बना लेते हैं और रोटी, चूल्हे पर।

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है। लाइफ-स्टाइल, होम इकोनॉमिक्स, किनशिप, एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स और इसके सामाजिक प्रभाव पर आज न्यूनतम अनुसंधान अध्ययन होते हैं। मीडिया के लोग ऐसी स्टडीज और इनकी रिपोर्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं रखते। गांव, खेती, पशु, जीवन शैली, पर्यावरण, आर्ट, आर्किटेक्चर, उन्नत वैज्ञानिक जानकारी स्वास्थ्य के अनुरूप घरों के डिजाइन बनाने, मैटेरियल साइंस आदि के बारे में कोई रिपोर्टिंग नहीं होती। गलियां पक्की करने, नलके लगवाने, पुरानी कलात्मक चौपाल को गिराकर नए तरीके की बदसूरत डिजाइन की चौपाल बनाकर और रिश्वत खाकर, खेत में पानी लेने वाला खाला पक्का करवाकर, बिजली से चलने वाले घरेलू यंत्र लगाकर विकास नहीं होता।

गांव में गाय की किसी को जरूरत नहीं। गाय गई तो इसके साथ बैल गया और बैल गया तो और 50 चीजें और इससे जुड़े हुए काम-धंधे और कारीगरी खत्म हो गई। अब गाय सिर्फ चमड़ा और अन्य बायोलॉजिकल उत्पाद प्राप्त करने का एक जरिया मात्र बन गया है। गाय अब एक पॉलिटिकल 'सूत्र' और टूल मात्र है। गाय पर इन दिनों यामिनी नारायणन की किताब 'मदर काऊ, मदर इंडिया' खूब चर्चित है। इस किताब में यामिनी ने गाय का स्लॉटर या वध करने वाले लोगों का जिक्र भी किया है। ये वे लोग हैं, जो देहातों से नकारा गाय को खरीदकर और 150-300 किलोमीटर दूर स्थित हत्थों में हांक कर ले जाया करते और फिर इनका वध करते थे। ये लोग गरीब और निम्न जाति के मुसलमान और हिन्दू दोनों ही हुए, लेकिन इन्हें गाय बेचने वाले तो अधिकतर हिंदू ही होते थे, चाहे मदुरै हो। रोहतक या बनारस या बहराइच और बरेली के गांव नकारा पशु हत्थे के लिए ले जाने वाले इन लोगों के हाथ ही बिका करती। कोई भाग्यवान घर होता था जिसके घर में गाय-बैल सिधार जाता तो उसे सम्मानपूर्वक खेत में या घेर में दबा दिया करते।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए, पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है, मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते, भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546 .35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655 .33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए, पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है, मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते, भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546.35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655.33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रधानमंत्री इमरान खान के समय में भी रासायनिक खाद और मंहगी बिजली को लेकर जबरदस्त आंदोलन हुआ। अभी कुछ ही सप्ताह पहले फ्रांस में जबरदस्त आंदोलन हुआ था। यह विश्व्यापी है, लेकिन भारत उपमहाद्वीप या दक्षिण-एशिया के मुल्कों की तरह यूरोप या अमेरिका में बैल से खेती नहीं की जाती, बल्कि अफ्रीका में जरूर की जाती रही है। फार्म टेक्नोलॉजी और केमिकल फर्टिलाइजर से हम उपज तो बढ़ा सकते हैं, लेकिन यह गारंटी नहीं दे सकते कि इसके उपयोग से मनुष्य, पशु-पक्षी, जीव-जंतुओं और पर्यावरण की सेहत ठीक रहेगी। एक समस्या से निजात पाने के लिए दस समस्याएं और खड़ी हुई ही हैं। लोगों को जरा देर से अक्ल आती है, लेकिन जब तक आती है, तब तक देर हो चुकी होती है। गहरी चिंता इसी बात को लेकर है कि कृषि को लेकर 'सिमुलेशन स्टडीज' क्यों नहीं की जाती? यह तो कम से कम देखना चाहिए कि ऐसा करना संभव है भी या नहीं। वैज्ञानिक लोग इसे कैसे करेंगे, यह तो उन्हें ही डिजाइन करना होगा।

## प्रसंगवश

# भारत - नेपाल संबंध निरंतरता और परिवर्तन



डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने विगत महीने नेपाल की यात्रा पर थे। भारत और नेपाल वैश्विक स्तर पर सहयोगी राष्ट्र हिंदुत्व की विचारधारा और सांस्कृतिक मूल्यों के उन्नयन के लिए पड़ोसी देश हैं। भारत और नेपाल के मध्य साझा हितों के मुद्दे के समाधान के त्वरित कदम उठाने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के मध्य सद्भाव, माधुर्य, कूटनीतिक और सफल राजनीतिक संबंध उत्तरोत्तर गुणात्मक उन्नयन कर रहे हैं। दोनों सभ्य राष्ट्रों के बीच भारतीय रॉकेट से नेपाली सैटेलाइट "मुनाल" को प्रक्षेपित करना, सीमा पर ट्रांसमिशन लाइन और भूकंप के पश्चात राहत सामग्री के लिए 1000 करोड़ रुपए अनुदानित की बात हुई है।

भारत अगले 10 साल के भीतर नेपाल से 10000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा और नेपाल के भीतर जल विद्युत यानी हाइड्रोइलेक्ट्रिक सिटी के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इस समझौते का उपादेयता आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान भी है। इस समझौते के द्वारा चीन को नेपाल में सामरिक और राजनीतिक उपादेयता को न्यून करना है। विगत 2015 की कथित नाकेबंदी, नक्शा संबंधी विवाद (भौगोलिक सीमाओं की स्थिति को लेकर) संबंधित घटनाएं हुई थी जिससे भारत और नेपाल के बीच संबंधों में दूरियां बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में चीन ने मौके का फायदा उठाकर नेपाल में निवेश किया। शासकीय व्यवस्थाओं को सहयोग किया था जिससे भारत अपने आपको असहज महसूस करने लगा था। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मित्र बदले जा सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं।

वैश्विक स्तर पर क्षेत्र नीति का अध्ययन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यावहारिक अध्ययन के तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि अंतर्राष्ट्रीय वैदेशिक संबंध स्थिर नहीं होते हैं, क्योंकि राष्ट्र के संबंध परस्पर राष्ट्रीय हितों और बहुपक्षीय संबंधों पर आधारित होता है। इसके अतिरिक्त भारत और नेपाल के संबंध परिवर्तनों के साथ भी प्रगतिशील और सद्भावना पर आधारित हैं। 2016 से नेपाल के सांसदों की भारत यात्रा की बारंबारता से दोनों देशों के मध्य आपसी संबंधों में माधुरता आई है। जून 2023 में नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान आर्थिक और विकास पर सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

भारत और नेपाल के रिश्ते इतिहास और भूगोल के चलते, कई विभिन्न वास्तविकताओं से जूझते आएं हैं। उनका सुदूर और निकट अतीत का संदर्भ, आधुनिक इतिहास और समकालीन राजनीति उनकी प्रतिरूपी किंतु भिन्न प्रगति और उनका उभरता हुआ भविष्य कुल मिलाकर एक ऐसे कठिन मैट्रिक्स की रचना करते हैं जिसमें वैश्विक शक्ति संपन्न राष्ट्रों के उत्सुकता बढ़ जाती है। इस रिश्ते के विभिन्न पक्षों के बीच संतुलन ही इसका समग्र चरित्र को निर्धारित कर रहा है। सदियों की संपन्न बौद्धिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों ने भारत और नेपाल के आपसी शासकीय और नागरिक संबंधों को सामिप्य लाने में मजबूत कारक है। इनकी प्रेरक प्रत्यय दोनों देशों के विचारों और व्यापार का सशक्त समीश्रण है।

भारत और नेपाल के संबंधों की ऊर्जावान क्रियाशीलता, भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता और पर्यटन के प्रोत्साहन के साथ घनिष्ठता की ओर उन्नयन हो रहे हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध में गोरखा रेजीमेंट द्वारा दुर्गम हिमालय में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को सैनिकों के लिए जीवन रेखा के समान था। हालांकि 2015 के पश्चात इसकी उपादेयता कम हो गई है। बंधुत्व को संजोए रखना भारत और नेपाल के लिए लाभदायक सिद्ध होने वाला है। भारतीय वैदेशिक मंत्री की यात्रा के दौरान सफलता का प्रबल उपादेयता इस तथ्य में है कि नेपाली प्रधानमंत्री से 10 सालों में 10000 मेगावाट बिजली खरीदने के लक्ष्य को दोनों देशों के शासकाध्यक्ष के मध्य औपचारिक अनुसमर्थन था जिसको विदेश मंत्री के कूटनीतिक कौशल से सफल कर दिया। यह समझौता भारत और नेपाल के मध्य कूटनीतिक उपादेयता का प्रबल संकेत है।

# मौद्रिक समीक्षा पर हावी रही महंगाई



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है।

भारत से इतर वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कीमत में गिरावट का सिलसिला 2023 से जारी है और यह 2024 के जनवरी महीने में 35 माह के सबसे निचले स्तर 118 अंक पर पहुंच गया है, जो मार्च 2022 में 160.3 अंक पर था। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संस्थान (एफएओ) के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों में गेहूं मक्का के साथ मांस की कीमत में आई गिरावट के कारण वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक में गिरावट दर्ज की गई है। एफएओ के अनुसार अनाज मूल्य सूचकांक जनवरी 2024 में घटकर 120.1 अंक पर पहुंच गया। चूंकि भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी कमजोर है और आर्थिक मानकों के तय करने के पैमाने दुनिया के दूसरे देशों से थोड़े अलग हैं। इसलिए भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंकों द्वारा तय की गई सहनशीलता के अंदर रहने के बावजूद मध्यम स्तर पर है। इसलिए रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है, क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील हैं और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 12 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार था। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रहा था। फिर 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर चार प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बना रहा था। जनवरी महीने में पीएमआई के आंकड़े जारी किये गए थे जिसके अनुसार सेवा क्षेत्र की गतिविधियां विगत छह महीनों में सबसे अधिक बढ़ी हैं और सेवा क्षेत्र का पीएमआई विगत 30 महीनों से लगातार आगे बढ़ रहा है।

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है। विनिर्माण क्षेत्र का पीएआई सूचकांक भी दिसंबर महीने में 54.9 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 56.5 अंक पर पहुंच गया, जो विगत तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई का कंपोजिट सूचकांक भी दिसंबर महीने में 58.5 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 61.2 अंक पर पहुंच गया, जो दुनिया में सबसे अधिक है। पीएमआई कंपोजिट सूचकांक में 52.5 अंक के साथ चीन दूसरे स्थान पर और 52.3 अंक के साथ अमेरिका तीसरे स्थान पर है।

पीएमआई सूचकांक के 50 अंक से कम रहने पर यह माना जाता है कि संबंधित क्षेत्र में संकुचन आ रहा है, जबकि सूचकांक के 50 अंक से ऊपर रहने पर यह माना जाता है कि वह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है। वहीं वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है।

महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'इक्रा' के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अभी रिजर्व बैंक का लक्ष्य विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना है ताकि आम आदमी को परेशानी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

भारत की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ रही है और अब दुनिया भी इसे मानने लगी है। आने वाले सालों में अर्थव्यवस्था का जो रुझान रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय दिखा रहा है उसके बाद मानना होगा कि भारत अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे नंबर पर आ जाएगा तथा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना साकार होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी चीजें भविष्य में सही रास्ते पर होंगी।

## सोशल फोरम

# जिंदगी का हेल्थ कार्ड

यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं, जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए।



संजय वर्मा
इंदौर

एक दोस्त अरसे बाद मिलने आया। देर तक अपनी रंग-बिरंगी जिंदगी के किस्से सुनाता रहा। यहां पार्टी, वहां अवार्ड ऐसे कपड़े, वैसी कार... ! मुझे अपनी उदास जिंदगी और भी टूटी-फूटी लगने लगी।

एक रूसी उपन्यास में पढ़ा किस्सा, धुंधला याद आ रहा है। एक लड़की है। बदसूरत और कम अक्ल। एक बड़े घर में नौकरानी है। मगर वह खुशमिजाज है उसे किसी ने उदास या रोते नहीं देखा। सारा दिन दौड़-दौड़ कर काम करती है। फिर एक दिन मालकिन की बेटी जो नौकरानी की हम उम्र है, उसकी शादी होती है। शादी के जोड़े में गहने श्रृंगार के साथ दुल्हन को देखकर अचानक वह नौकरानी फूट-फूट कर रोने लगती है।
अजीब बात है न ! हम अपनी बेरंग बेमजा जिंदगी को इस हद तक स्वीकार कर लेते हैं कि उसे भूल जाते हैं। फिर अचानक कोई दृश्य, कोई वाकया होता है और हमारी जिंदगी की सारी कुरूपता हमारे सामने वैसे ही जाहिर हो जाती है। जैसे उस नौकरानी को शादी वाली रात हुई थी। हम इस आईने से भागने बचने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से मिलने से कतराते हैं पर जिंदगी बेरहम है।

हम इंसान ऐसे ही हैं। हम अपने जीवन की क्वालिटी को अपने भाई, पड़ोसी, दोस्त की लेबोरेटरी में टेस्ट करते हैं और रिजल्ट्स की तुलना से पता लगाते हैं कि हमारी जिंदगी का हेल्थ कार्ड कैसा है। यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं, जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए। किस्से प्रेरणा नहीं देते, क्षोभ पैदा करते हैं जिसका कड़वा स्वाद मुलाकात के कई दिनों बाद तक जबान पर बना रहता है।

–फेसबुक वॉल से

# देखने में पास लगती कुर्सी है बहुत दूर



डॉ.बीएन सिंह
वाराणसी

लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया।

मैंने पिछले चुनाव के समय कहा था कि जब तक नीतीश कुमार हैं तेजस्वी यादव कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। फिर दुहरा रहा हूं कि जब तक नीतीश कुमार राजनीति में हैं, तेजस्वी कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। तेजस्वी स्थापित हो चुके हैं, लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी देखने में बहुत पास लगती है, किंतु है बहुत दूर। देश में नीतीश कुमार की बहुत चर्चा हैं।

बीजेपी समर्थित सवर्ण और लालू समर्थित पिछड़े भी उनको पलटू चाचा कहकर ट्रोल करने में सबसे आगे हैं। नीतीश लालू को जानना है तो 90 के दशक में चलते हैं। लालू-नीतीश दोनों जेपी आंदोलन की पैदाइश हैं। दोनों दोस्त रहे और आज भी दोस्ती है, लेकिन मिर्चा-गुड़ की तरह। कभी दोनों के थाली में मिर्चा की तो कभी गुड़ की मात्रा घटती-बढ़ती रहती है। सबसे बड़ी दोनों की खूबी है कि आपसी वार्ता कभी दोनों ने बंद नहीं की। दोनों एक दूसरे से मिलते, बिछुड़ते है, लेकिन बिहार की कुर्सी तीसरे को न जाए, इसका बराबर ख्याल रखते हैं।

बिहार में एक से एक बढ़कर बाहरी नेता जार्ज, शरद, रामविलास पासवान जैसे लोग आए, लेकिन दोनों ने मिलकर जार्ज-शरद को पलिहर का बानर बनने पर मजबूर कर दिया। दोनों को अस्तित्व की रक्षा के लिए बीजेपी की शरण में जाना पड़ा। लालू-नीतीश दोनों ने मिलकर रामविलास पासवान को मरते अंत तक मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं फटकने दिया। जब लालू से नीतीश अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े तो नीतीश मात्र आठ सीट पाए जिसमें तीन रातों-रात लालू के खेमें मे लौट गए। बीजेपी ने नीतीश पर दांव लगाया, राबड़ी देवी के बाद नीतीश के बीजेपी के समर्थन से हल्दी लग गई। फिर तो नीतीश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लालू जब कमजोर हुए, उन्हें बिहार में मात्र चार सीट मिलीं, तब वक्त पर नीतीश से हाथ मिला लिया। ये वह समय था जब नीतीश ने मोदी के गुजरात से दिए सहयोग राशि को लौटाकर, मोदी को अपने घर पर दी दावत रद्द कर दी। लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया। नीतीश को लालू यादव अरदब में रखना शुरू किए, तब नीतीश बिदक गए। नीतीश अरदब में आने वाले न तब थे, न आज हैं। तेजस्वी बाबू के लड़कपन और महत्वाकांक्षा के चलते लालू यादव पहली बार तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए साजिश करने लगे तब सुशासन बाबू लालू से बिदककर बीजेपी की गोद में चले गए। फिर वक्त आया साथ आए, इस बार भी लालू यादव ने वही साजिश शुरू की तो नीतीश कुमार पुनः बिदक गए। इधर सुशासन बाबू बिहार के विभिन्न क्षेत्र में विकास में लगे थे। उधर रोज लालू यादव कांग्रेस से मिलकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने में लगे रहे।

कांग्रेस लालू के कंधे पर बंदूक रखकर नीतीश को इंडिया गठबंधन में कमजोर करने लगी। जब लालू यादव को लगने लगा कि इंडिया सुशासन बाबू को प्रधानमंत्री प्रत्याशी नहीं बनाएगी तो किसी बहाने से नीतीश से चुनाव पहले सत्ता छीनने की साजिश करने लगे, जो अब पर्दाफाश हो रहा है। लालू यादव को धैर्य नहीं रहा। बीजेपी को अपने तीन-तीन एजेंसियों के सर्वेक्षण में पता चल गया था कि नीतीश के न रहते बीजेपी की 14 लोकसभा में जमानत जब्त हो जाएगी। तभी लालू ने मौका दे दिया, पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लोभ के कारण। नीतीश ने पुनः बीजेपी की गोद में जाकर पिछड़ों की ताकत को कमजोर कर दिया। नीतीश सामने से दोषी दिखाई दे रहें हैं, लेकिन लालू भी कम दोषी नहीं हैं। तेजस्वी का बड़बोलापन कि 'लड़ाई नीतीश कुमार जी शुरू किए हैं, अंत हम करेंगे'। युवा नेता अभी मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे ही नहीं कि विधायकों के खरीद फरोख्त मामले में बुरे फंस गए। विधायक खरीद रिश्वत कांड में एक की गिरफ्तारी हो चुकी है। कई लिप्त बिचौलियों की होने वाली है। जब पता है कि केंद्र में हमारे विरोधी की सरकार है तो विधायक रिश्वत कांड की ऊब क्या थी? भविष्य के बिहार के नेता तो अब आप बन ही चुके थे। अब जब आप पर सोरेन की तरह कार्रवाई हो जाएगी तो निश्चित मानिए कि कांग्रेस भी तमाशा देखेगी। आपके इस भीतरघात की स्थिति में तो पिछड़े आरक्षण वृद्धि वाले जनता दल यू को तो अस्तित्व रक्षा हेतु सरकारी पार्टी के शरण में जाना ही था और चले गए।

इसमें आप सिर्फ नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहकर अपनी नादानी को नहीं छिपा पाएंगे। भाजपा आपकी ताकत को तहस-नहस करने को सुशासन बाबू से तो गृह विभाग छीनना ही चाहता है, मगर अभी भी नीतीश कुमार इस पक्ष में नहीं हैं कि आप व आपकी पार्टी ज्यादा कमजोर होकर भाजपा भस्मासुर बन जाए। आगे आपकी या आपके पिताश्री (जो 10 मार्च 1990 को 'नीतीश फार्मूला' से मुख्यमंत्री बन पाए थे) की इच्छा। हम लोगों की तो इच्छा यहीं है कि मामा द्वय के चक्कर में मत रहें, जिनसे फिर सक्रिय मदद आप ले रहे थे। मिथलेश जी का आंकलन कि लालू यादव, नीतीश से कम दोषी नहीं। नीतीश के साथ आने पर नई पीढ़ी लालू यादव के जंगल राज को भूलकर तेजस्वी को स्वीकार करने लगी थी, जो लालू ने पुत्र मोह में सब गुड़-गोबर कर दिया।

## एक नजर

### महानगर की बेटी बनी पुणे मेडिकल कॉलेज की टॉपर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुणे के डॉ. डीवाई पाटिल मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही महानगर की डॉ. सिमरन ने टॉप कर जिले का नाम रोशन किया। वह यहां दिल्ली रोड स्थित इलेविन आर्चिड की रहने वाली हैं। उन्होंने इस कामयाबी का श्रेय अपने पिता अनिल तोमर व मां को दिया है। उन्होंने बताया कि माता-पिता की कड़ी मेहनत से ही यह मुकाम हासिल करने में सफलता मिल सकी।

### ट्रेन मैनेजर की मौत के मामले को लेकर कर्मचारी गुस्से में

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ट्रेन मैनेजर की मौत के मामले को लेकर कर्मचारी गुस्से में हैं। नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन और गार्ड संगठन ने मामले में प्रबंधन की सुस्ती पर नाराजगी जाहिर की है। नरमू के सहायक मंडल मंत्री कुंवर सुहेल खालिद का कहना है कि सात फरवरी को कर्मचारी अनूप सागर की जान चली गयी। अनूप को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए केंद्रीय अस्पताल दिल्ली भेजा गया था। इस मामले में संगठन की ओर से 11 फरवरी को प्रबंधन का ज्ञापन दिया गया था। प्रबंधन की ओर से आश्वासन दिया गया था कि इस मामले में पत्राचार करके मामले की जांच कराई जाएगी।

### मोटापे से पीड़ित लोगों के लिए आज लगेगा शिविर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** साईं अस्पताल में मंगलवार को मोटापे से पीड़ित लोगों के लिए विशेष निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अस्पताल के वरिष्ठ लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. जुहैब वसीम ने बताया कि शिविर में मोटापे से पीड़ित लोगों को जरूरी चिकित्सकीय परामर्श निशुल्क दिया जाएगा। जिससे वह इसकी वजह से होने वाली परेशानियों से बच सकें। साथ ही जरूरी जांच कराने पर छूट मिलेगी।

### वसंत क्वीन बनीं प्रीति गुप्ता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रायल वूमेंस क्लब की ओर से वसंत पंचमी और वेलेंटाइन डे के अवसर पर मासिक सभा का आयोजन किया गया। पीहू यादव ने मां सरस्वती की वंदना व क्लब संस्थापक प्रियंका गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। हाउजी समेत अन्य गेम्स हुए। वसंत क्वीन प्रीति गुप्ता और वेलेंटाइन क्वीन अंशु सिंह को चुना गया। नृत्य प्रतियोगिता में अंशु, शायरी में पारुल विद्यार्थी व गीता सरीन और स्वीट डिश में अमिता सक्सेना व श्वेता कोठीवाल प्रथम रहीं। कार्यक्रम का संचालन मीनू यादव ने किया। सलोनी जैन, मोनिका अग्रवाल, गीता आदि रहे।

# कुंभ और दून एक्सप्रेस कई घंटे देर से पहुंचीं, परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ यात्री बोले- आखिर कब तक देर से चलेंगी एक्सप्रेस ट्रेनें

**अमृत विचार:** लंबी दूरी की ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान हैं। सोमवार को इस मुद्दे पर कई यात्रियों ने रेल प्रबंधन से इस बात की शिकायत भी दर्ज कराई है। सुबह की पाली में दैनिक यात्रियों में लाइनपार निवासी शिक्षक रामप्रसाद ने स्टेशन मास्टर कक्ष में रेल कर्मियों के मौसम संबंधी तर्क पर सवाल उठाया।

दावा किया कि क्षेत्र में अब कोहरा नहीं दिख रहा है, उसके बाद भी ट्रेनें देरी से चल रही हैं। रेलवे का यह तर्क सही नहीं है। अब तो ट्रेनों में फाग सेव डिवाइस भी लगे हैं। उसके बाद भी ट्रेनों की दूरी का कारण बताना गलत हे। दैनिक यात्री संगठन के अध्यक्ष सुधीर पाठक का कहना है कि ट्रेनों के समयबद्ध संचालन के प्रति अधिकारी गंभीर नहीं हैं। जंक्शन पहुंचने से पहले हर दिन आउटर पर ट्रेनों को घंटों रोका जा रहा है। उन्होंने दो घंटे की देरी से चल रही जननायक एक्सप्रेस का हवाला भी दिया।

लंबी दूरी की कुंभ एक्सप्रेस लगातार तीसरे दिन भी देरी से पहुंची। यह ट्रेन 5:34 घंटे की देरी से पहुंची। सियालदह एक्सप्रेस के यात्रियों को भी कोलकाता की ओर जाने के लिए 1:40 घंटे ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ी। फिरोजपुर से चलकर कटिहार को जाने वाली सरयू-यमुना यानी किसान एक्सप्रेस 2:44 घंटा और हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस के खाते में फिर विलंब का रिकार्ड दर्ज हुआ। यह गाड़ी 3:30 घंटे विलंब से पहुंची।

## आमने-सामने कारों की टक्कर, चार घायल

**डिलारी, अमृत विचार:** आमने-सामने कारों की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के गांव नारायणपुर तेजू निवासी परविंदर और सृष्टि थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव रतनपुरा निवासी कुसुम लता, जनपद बिजनौर निवासी कविता जो आपस में रिश्तेदार हैं। शादी समारोह से घर वापस जा रहे थे। तभी विवेकानंद मार्ग स्थित गांव गकखरपुर के मोड पर ईंट भट्ठे के पास आमने-सामने दो कारें आपस में भिड़ गई। जिसमें कार में बैठे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान घटनास्थल पर भीड़ एकत्र हो गई और अफरातफरी मच गई। डिलारी पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में फंसे घायलों को निकाल कर सरकारी अस्पताल डिलारी में भर्ती कर दिया। परविंदर और कुसुम लता की हालत बिगड़ती देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया।

### जिले में 81,690 छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा, नकलविहीन परीक्षा को सचल दल गठित

# 110 केंद्रों पर 22 से होंगी 10वीं, 12वीं की परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जनपद में 110 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित होंगी। 10वीं और 12 वीं में कुल 81,690 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। डीआईओएस ने नकलविहीन परीक्षा कराने को टीमें गठित की हैं।

यूपी बोर्ड परीक्षाएं 22 जनवरी से 9 मार्च तक होंगी। परीक्षाएं दो पालियों में सुबह 8.30 से 11.45 बजे और दोपहर 2.00 से 5.15 बजे तक होंगी। हाईस्कूल में कुल 42,277 और इंटर में 38,690 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। 9 राजकीय, 44 अशासकीय सहायता प्राप्त और 57 वित्तविहीन मान्यता प्राप्त कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा के लिए 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 5 जोनल मजिस्ट्रेट और 6 सचल दल बनाए गए हैं। इसमें 2,940 माध्यमिक और 1,823 कक्ष निरीक्षक रहेंगे। 47 परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। साथ ही 110 परीक्षा केंद्र सीसीटीवी कैमरे से युक्त होंगे। एक मुख्य और 3 उप मुख्य संकलन केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर रात में निगरानी के लिए भ्रमण के लिए कुल 10 टीमें गठित हुई हैं। इनमें 4 टीमें उपजिलाधिकारी के नेतृत्व और छह सचल दलों का गठन किया गया है।

### लोकसभा चुनाव से पहले मंडल के कई खंड शिक्षा अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले एक जिले में तीन साल से नौकरी करने वाले शिक्षाधिकारियों का तबादला भी सरकार कर रही है। शासन स्तर से 195 खंड शिक्षाधिकारियों (बीईओ) की तैनाती में फेरबदल कर गैर जिले में भेजा गया है। इसमें मुरादाबाद में तैनात खंड शिक्षाधिकारी उदयवीर सिंह को अमरोहा भेजा गया है। जबकि दूसरे जिले से तीन बीईओ यहां आए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के निदेशक ने एक जिले में तीन साल की नौकरी करने वाले 195 बीईओ को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दूसरे जिले में स्थानांतरित कर दिया गया है। जारी सूची में मुरादाबाद के बीईओ उदयवीर सिंह को अमरोहा भेजा गया है। जबकि गाजियाबाद के भूपेश दिनकर, बरेली के विकास कुमार और अमरोहा के राजकुमार को मुरादाबाद में इसी पद पर स्थानांतरित किया गया है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अजीत कुमार का कहना है कि जिले से एक खंड शिक्षाधिकारी का स्थानांतरण हुआ है। उन्हें जल्द नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कहा है।

### शर्मा गुट की सदस्यता ली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की बैठक सोमवार को हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज में हुई। बैठक में विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने डॉ. सुनीत गिरी के नेतृत्व में शर्मा गुट की सदस्यता ग्रहण की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजीव कुमार पाठक और संचालन जिला कोषाध्यक्ष आफताब अहमद ने किया। वरिष्ठ शिक्षक नेता डॉ. सुनीत गिरी ने कहा कि शिक्षकों की किसी भी स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हमेशा तत्पर रहेगा। साथ ही स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने को प्रयत्नशील रहेगा। बैठक को आफताब अहमद, मोहम्मद हुसैन, अफजाल अहमद, फुरकान खान, मंजूर अहमद, मुशाहिद हुसैन, इमरान खान, मोहम्मद आकिल, मेहंदी हसन, जाहिद हुसैन आदि ने संबोधित किया। इस दौरान राजीव कुमार पाठक, पुष्पेश मिश्रा, अनिल कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे रहे।

# हादसे में फोटोग्राफर की मौत, साथी घायल

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, मैनाठेर थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार:** मैनाठेर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार रामपुर के फोटोग्राफर की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं फोटोग्राफर की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है।

जनपद रामपुर के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के ज्वाला नगर श्याम कालोनी निवासी विशेष शर्मा (45) शादी समारोह व अन्य कार्यक्रमों में फोटोग्राफी करते थे। रविवार को विशेष शर्मा ने पाकबड़ा में आयोजित एक शादी समारोह में अपनी टीम भेजी थी। सोमवार सुबह लगभग पांच बजे विशेष शर्मा अपने साथी सोराज यादव के साथ पाकबड़ा अपने स्टाफ को लेने जा रहे थे। जब यह दोनों मैनाठेर थाना क्षेत्र में पहुंचे तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे विशेष शर्मा और सोराज यादव घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने विशेष शर्मा को मृत घोषित कर दिया। दोपहर बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



विशेष शर्मा की मौत के बाद घर के बाहर बैठे लोग। ● अमृत विचार

### फोटोग्राफर का शव घर पहुंचते ही परिवार में मचा कोहराम

**रामपुर, अमृत विचार :** मैनाठेर थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के हादसे में फोटोग्राफर की मौत हो गई। उसका घर शव पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया है। पति का शव घर पहुंचा तो पत्नी आपा खो बैठी। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में श्याम कॉलोनी निवासी विशेष शर्मा शादी और अन्य कार्यक्रमों में फोटोग्राफी करते थे। रविवार को उनकी टीम मुरादाबाद के पाकबड़ा में एक शादी समारोह में फोटोग्राफी करने के लिए गई थी। जबकि, वह और उनकी दूसरी टीम शहर के मैरिज हॉल में फोटोग्राफी कर रही थी। विशेष शर्मा के भाई मुकेश शर्मा ने बताया, पाकबड़ा में फोटोग्राफी कर टीम ने विशेष शर्मा से कहा था कि काम निपट चुका है। दूल्हा-दुल्हन फेरों के लिए बैठ गए हैं, अब आप पाकबड़ा नहीं आएं। लेकिन, वह अपने एक साथी को लेकर बाइक से पाकबड़ा के लिए निकल गए। जहां हादसे में विशेष शर्मा की मौत हो गई। जबकि उनका साथी स्वराज यादव घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराकर परिवार लोगों को जानकारी दी। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के घर लोगों का तांता लग गया। बच्चों और उनकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। फोटोग्राफर के भाई ने बताया कि विशेष शर्मा की मौत की खबर उनकी पत्नी और इकलौते पुत्र हर्ष को नहीं दी गई थी। अचानक शव देखकर पत्नी और बेटा अपना आपा खो बैठे। वे दोनों रोते-रोते बेहोश हो गए।

## मौत का सच जानने को पुलिस चेक कर रही फुटेज

**कांठ, अमृत विचार:** घर से कांठ बाजार के लिए चार दिन पूर्व निकले युवक की मौत का पर्दाफाश करने में पुलिस विफल रही है। पुलिस मामले का पर्दाफाश करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

थाना क्षेत्र के ग्राम मौढ़ी हजरतपुर निवासी दीपांशु पुत्र कृपाल घर से कांठ बाजार जाने को गत बुधवार को दोपहर 2:00 बजे करीब निकला था। जब वह अपने घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने अगले दिन थाना कांठ में उसकी गुमशुदगी लिखवाई। गुरुवार को ग्राम मुख्तयारपुर नवादा रेलवे क्रॉसिंग के पास एक गन्ने के खेत में उसका शव मिला था। लोगों ने इसकी सूचना कांठ पुलिस को दी। थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों को बुलाकर शिनाख्त कराई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकित तिवारी ने घटनास्थल का दौरा कर मौका मुआयना किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से उसकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ था। उपनिरीक्षक परविन्द्र सिंह के अनुसार मृतक का बिसरा सुरक्षित रख लिया गया था। कुछ ग्रामीणों द्वारा उसे नशे का आदी बताया गया था। वह घर से बाइक द्वारा कांठ बाजार के लिए आया था। पुलिस जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में लगी है। बहरहाल 4 दिन बाद भी पुलिस किसी निर्णय पर नहीं पहुंच सकी है।

# मलेशिया में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ मानव तस्करी में फंसने से बचे पीड़ित, रुपये मांगने पर दी धमकी

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का युवक, उसका भाई व भांजा एजेंट को लाखों रुपये देकर विदेश गए, लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली। इतना ही नहीं तीनों पीड़ित विदेश में मानव तस्करी का शिकार होने से बचे। एजेंट व उसके साथी ने तीनों को विदेश से वापस बुलाने के लिए भी रुपये लिए। बाद में रुपये मांगने पर धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने बरेली के दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। रिपोर्ट एसएसपी के आदेश पर दर्ज की गई है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के अगवानपुर स्थित मोहल्ला सैफियान निवासी शारिक ने एसएसपी हेमराज मीना को दिए शिकायत पत्र में बताया कि उसका भाई मोहम्मद कैफ व बरेली निवासी भांजा अदनान नौकरी की तलाश में थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात बरेली की डिवाइन वर्ल्ड वाईड जॉब कंपनी के एजेंट वजाहत निवासी केजीएन कालोनी सिविल लाइंस पीलीभीत व उसके पार्टनर अहसान मलिक निवासी बरेली से हुई। दोनों ने मलेशिया में नौकरी लगवाने की बात कहकर दो लाख रुपये प्रति व्यक्ति मांगे। जिसके बाद शारिक, उसका भाई कैफ और भांजा अदनान तीनों ने 25 जून 2023 को एजेंट वजाहत व उसके पार्टनर अहसान के खाते में 6,58,200 रुपये ऑनलाइन डाल दिए। दोनों आरोपियों ने लखनऊ एयरपोर्ट से तीनों को बैंकाक भेज दिया। बैंकाक पहुंचने पर नाव से समुंद्र के रास्ते से मलेशिया पहुंचा दिया गया। जहां तीनों को कोई नौकरी नहीं मिली और तीनों कचरे में रहने को मजबूर हुए। जिसके बाद दोनों आरोपियों के एजेंट ने कहा कि तीनों का मेडिकल होगा। जहां पता चला इस अस्पताल में लोगों की किडनी निकाली जाती है। तीनों पीड़ित किसी तरह वहां से भागे। बाद में शारिक ने किसी तरह फोन से एजेंट वजाहत से संपर्क किया। तो उसने कहा कि तुम वहीं रुको हम अपना एजेंट तुम्हारे पास भेजते है। इस बीच उसके परिवार वालों से चार लाख रुपये ले लिए। विदेश से वापस आकर तीनों ने वजाहत व अहसान से अपने पैसे वापस मांगे तो दोनों ने उन्हें धमकी दी। पीड़ित शारिक की तहरीर पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपी वजाहत व अहसान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मांगों को लेकर कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में विकास भवन पहुंचे। पुरानी पेंशन बहाली व ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के संबोधित ज्ञापन जिला पंचायती राज अधिकारी वाचस्पति को सौंपा।

सोमवार को जिले के सफाई कर्मचारी एकत्र होकर विकास भवन पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। विकास भवन में सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि 15 साल बाद भी सफाई कर्मचारियों की सरकार ने नियमावली नहीं बनाई है। उन्होंने पिछले वर्ष जिलाधिकारी द्वारा सफाई कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश के निरस्तीकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के कार्यालय और आवास में 11 हजार 384 सफाई कर्मचारियों में से 150 से अधिक कर्मचारियों को संबद्ध कर रखा है। पहले उन साथियों को उनकी मूल तैनाती पर भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों से ग्राम पंचायत में जाकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य करने में आन लाइन उपस्थित होना संभव नहीं है। साथ ही सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति करने की मांग की। सफाई कर्मचारी की मृत्यु होने पर मृतक आश्रित को योग्यतानुसार नौकरी देने की मांग करते हुए संघ के अध्यक्ष राजपाल के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन में मुकेश कुमार वाल्मीकि, मुन्नू सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, रामावतार सिंह व अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

## द्वितीय सर संघचालक की जयंती मनाई

**बिलारी, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की जयंती मनाई गई।

सोमवार को अमरपुर काशी स्थित विद्यालय में स्कूल के प्रधानाचार्य एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा भारती मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष पं. विनोद कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने बताया कि 33 वर्षों तक सरसंघ चालक के दायित्व पर रहकर गोलवरकर ने संगठनों का कार्य विस्तार किया। इस दौरान शंकर लाल मौर्या, पूर्व प्रधान विजेंद्र मौर्य, ठाकुर सोमपाल सिंह तोमर, सत्येंद्र कुमार, शैलेंद्र चौहान, मुकेश कुमार, अरुण यादव, अमन यादव, विराट यादव, बद्री सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीबीएसई: 16 केंद्रों पर हिंदी की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं व 12वीं की मुख्य विषयों की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। 10वीं में संस्कृत कम्युनिकेटिव व संस्कृत विषय की परीक्षा हुई। वहीं 12वीं कक्षा की हिंदी इलेक्टिव व हिंदी कोर की परीक्षा हुई। परीक्षा सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे तक हुई। परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आए विद्यार्थी उत्साहित दिखें।

महानगर में सीबीएसई परीक्षा के लिए 16 केंद्र बनाए गए हैं। सोमवार को 12 वीं की हिंदी इलेक्टिव व हिंदी कोर की परीक्षा रही। इनमें भी अधिकांश छात्र-छात्राएं इस विषय का चयन नहीं करते हैं। जबकि 10वीं कक्षा में संस्कृत कम्युनिकेटिव व संस्कृत विषय की परीक्षा हुई। इसमें भी कम संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। दसवीं की परीक्षा के लिए 5100 और बारहवीं की परीक्षा के लिए 4000 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। केसीएम स्कूल से परीक्षा देकर बाहर आए 12वीं के छात्र वैभव ने बताया कि हिंदी की परीक्षा काफी आसान रही। जिस तरह की तैयारी थी, उसी तरह का पेपर आया है। वहीं श्रजेश ने कहा कि हिंदी का पेपर काफी लंबा रहा। वैसे तो पेपर आसान था।



परीक्षा के बाद आपस में चर्चा करते छात्र व छात्राएं। ● अमृत विचार

### आज होगी विशेष विषयों की परीक्षा

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में मंगलवार को भी विशेष विषय की परीक्षा होगी। इसमें कक्षा दसवीं में उर्दू कोर्स ए, बंगाली, तमिल, तेलुगू, मराठी, गुजराती, मणिपुरी, फ्रेंच और उर्दू कोर्स बी की परीक्षा होगी। वहीं 12वीं में फूड प्रोडक्शन, डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, ऑफिस प्रोसीजर्स एंड प्रैक्टिस की परीक्षा होगी। इन परीक्षाओं का समय 10.30 से 12.30 बजे तक रहेगा।

## विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**कांठ, अमृत विचार:** कम्पोजिट विद्यालय मथाना में सोमवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का प्रारम्भ एलआरजी संजय विशाल व एआरपी गौतम व अनीस ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान व राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी पर नृत्य, लघु नाटिकाओं पर्यावरण संरक्षण एवं गुल्लक फोड़ने पर छात्रा प्रीति ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सोशल मीडिया के प्रभाव, नाटक आदि की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सारा नेगी, सृष्टि, जिया, छवि, आखिया, हर्ष, रुही, जेसिका, दिवासी, अयान, सोफिया आदि छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही, उपाध्यक्ष हेतराम सिंह, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# हॉस्टल में घुसकर छात्र को पीटा, चार के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, पाकबड़ा

**दुस्साहस**

▸▸ रूम पार्टनर ने दर्ज कराई आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

▸▸ यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने घायल छात्र को अस्पताल में कराया भर्ती

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के छात्रों ने ब्वॉयज हॉस्टल के कमरे में घुस कर एक छात्र को बुरी तरह पीट दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रूम पार्टनर ने कॉलेज प्रशासन को जानकारी दी। उसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। रूम पार्टनर की ओर से तहरीर मिलने पर पुलिस ने चार छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र हर्ष मोदी ने कॉलेज के ही छात्र आयुष पुत्र गोपाल, नमन पुत्र राजीव, प्रिंस पुत्र प्रदीप, प्रशांत पुत्र नरेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि यह चारों छात्र ब्वॉयज हॉस्टल में हमारे कमरे में गेट तोड़कर अंदर घुस आए। गाली गलौज करने के बाद रूम पार्टनर यशवर्धन पुत्र चक्रेश को बुरी तरह से पीट दिया। छात्रों की पिटाई से यशवर्धन बुरी तरह से घायल हो गया। अन्य छात्रों को आता देख आरोपी छात्र जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। छात्रों ने इसकी सूचना कॉलेज प्रशासन को दी गई। उसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने चारों छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बोर्ड परीक्षा** 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राएं परीक्षा के दिनों में मोबाइल और टीवी से बनाएं दूरी

# अच्छे अंक लाने को योजना बनाकर करें रिवीजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार:** सीबीएसई बोर्ड की मुख्य परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गई हैं। जबकि 22 फरवरी से यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी। ऐसे में विशेषज्ञ शिक्षकों का कहना है कि पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने के लिए अध्ययन जरूरी है। साथ ही इस समय में नया कुछ भी तैयार करने से बचे। परीक्षा में अच्छे अंक लाने को योजना बनाकर विषयों को रिवीजन करें। लेखनी में सुधार लाएं।

आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज की शिक्षिका प्रवेश चौहान ने बताया कि जब आपके पास अपने रिवीजन के लिए केवल दो दिन हो तो आप शायद इसे सोकर बर्बाद नहीं करना चाहेंगे। इसलिए सुबह जल्दी उठकर इसका भरपूर लाभ उठाएं। इसके कई लाभ हैं, जैसे कि आपको अध्ययन करने के लिए कम ध्यान भटकाना और काफी शांतिपूर्ण वातावरण मिलेगा और आपका दिमाग सुबह-सुबह चीजों को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार रहता है। आप जितनी जल्दी पढ़ाई शुरू करेंगे, आपको अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए उतना ही अधिक समय मिलेगा।

### ग्रुप स्टडी से दूर होगी शंका

परीक्षा से पहले सीखने का एक और प्रभावी तरीका किसी और को विषय समझाना है। यदि आप किसी समूह में अध्ययन कर रहे हैं, तो आप अपने किसी मित्र को एक अध्याय पढ़ा सकते हैं जिसके बारे में आप आश्वस्त हैं कि वह आपके सीखने का मूल्यांकन करेगा और आपकी अवधारणाओं को लंबे समय तक बनाए रखेगा। इससे आपके संदेह, यदि कोई हों दूर हो जाएंगे और परीक्षा में सफल होने के लिए आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### मॉक टेस्ट से परखें तैयारी

किसी परीक्षा के लिए एक दिन में तेजी से सीखने के लिए मॉक टेस्ट या सैंपल पेपर का अभ्यास करना सबसे अच्छा तरीका है। आप अपनी अवधारणाओं को मजबूत कर सकते हैं। समस्याओं को हल करने के लिए सूत्र लागू कर सकते हैं। अपने संदेहों को दूर कर सकते हैं और साथ ही प्रश्नों को हल करने में अपनी गति और सटीकता में सुधार कर सकते हैं। आप इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं कि आपकी तैयारी अच्छी है या नहीं।

### शांतिपूर्ण वातावरण में करें तैयारी

यदि आप वास्तव में परीक्षा से पहले अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं तो आपको अपने आसपास एक शांत अध्ययन स्थान बनाना होगा। जहां आप बिना किसी परेशानी या रुकावट के पढ़ाई कर सकें। पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करें और अपने फोन को साइलेंट मोड पर रखकर पढ़ाई शुरू करें।

### परीक्षा कक्ष में घबराएं नहीं

अंतिम दिनों में इस बात से घबराना बंद करें कि आपको कम समय में कितना काम पूरा करना बाकी है। अपने अध्ययन सत्र के दौरान शांत रहने का प्रयास करें और सकारात्मक सोचें। बस अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रखें और समय का ध्यान रखें।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत, परिजनों में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ 15 दिन बाद होनी थी महिला की बेटी की शादी

**अमृत विचार:** जनपद के बिलारी थाना क्षेत्र में तेवर खास गांव के पास बाइक ने महिला को टक्कर मार दी। जिससे महिला घायल हो गई। महिला ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना बिलारी के गांव तेवर खास निवासी किसान अबरार हुसैन के परिवार में पत्नी अमीना (54) दो बेटे फहीम व नईम और छह बेटियां नजरूम, मोबिना, सायमीन, रहमत, तराना और फरहीन हैं। दोनों बेटे दिल्ली में काम करते हैं। सोमवार की दोपहर लगभग ढाई बजे अबरार हुसैन की पत्नी अमीना घर से खेत पर जा रही थी। गांव के पास ही वह सड़क पार कर रही थी। उसी समय बिलारी की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने अमीना को टक्कर मार दी और बाइक सवार मौके से भाग निकले। जबकि अमीना गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने उसे आनन-फानन में कुंदरकी सीएचसी पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत में हायर मेडिकल सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन अमीना को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोर्चरी पहुंची बिलारी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में जान गंवाने वाली अमीना की तीसरे नंबर की बेटी सायमीन की 15 दिन बाद शादी होने वाली थी। मौत की खबर से उसके परिवार में कोहराम मच गया।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**संभल, अमृत विचार** : मेरठ निवासी अनिरुद्ध सोमवार की सुबह आठ बजे कार से बदायूं जा रहा था। नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव कुरकावली के पास कार के आगे चल रहे हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी हेमराज ने अचानक से बाइक के ब्रेक लगा दिए। जिससे अनिरुद्ध की कार अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई। सड़क पर गिरकर हेमराज घायल हो गया। मौके पर जुटे आसपास के लोगों ने हेमराज को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### रेलवे क्रासिंग पर आज से होगा मरम्मत कार्य

**संभल अमृत विचार** : राजा का सहसपुर से संभल हातिम सराय रेल पथ पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग सिरसी पर मरम्मत का कार्य 20 फरवरी को सुबह आठ बजे से 21 फरवरी को सुबह आठ बजे तक किया जाएगा। जिस कारण फाटक पर सड़क यातायात पूर्णत: बंद रहेगा।

### संभल के विकास को लेकर सौंपा ज्ञापन

**संभल अमृत विचार** : अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुमित कुमार रस्तोगी ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें संभल में रोडवेज डिपो, आवास विकास कॉलोनी, संभल से गजरौला होकर दिल्ली तक रेल लाइन, इंजीनियरिंग कॉलेज निर्माण समेत कई मांगें उठाई। कहा कि संभल की धरती पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया जाता है।

### रेल लाइन समेत कई मामलों को लेकर टूटी उम्मीदें

**संभल, अमृत विचार** : कल्कि धाम शिलान्यास करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वापस लौट गए तो संभल के लोगों की उम्मीदें भी टूट गई हैं। कई संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और लोगों को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री आएंगे तो संभल के विकास के लिए कई घोषणाएं होंगी। इनमें संभल से गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग अहम थी। लोगों ने सोचा था कि विकास की दृष्टि से संभल को कुछ न कुछ जरूर मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्कि धाम का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित किया तो लोग टकटकी लगाकर उनका संबोधन सुनते रहे। प्रधानमंत्री ने कोई घोषणा नहीं की। ऐसे में लोगों की उम्मीदें टूटी हैं।

# देश का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा यूपी: योगी

## मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को दी सुरक्षित निवेश की गारंटी, कहा- सुरक्षा, सुशासन और विकास प्रदेश की पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ रिमोट दबाकर भूमिपूजन के मेगा शो में खासे उत्साहित नजर आए। योगी ने उद्यमियों को सुरक्षित निवेश की गारंटी देते हुए कहा कि उप्र अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। भारत का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा है।– यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है, न मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को जीबीसी-4 में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और निवेशकों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा।

### यूपी ने वैल्यूज के साथ वैल्यू एडिशन को भी जोड़ा

योगी ने कहा कि वर्ष 2018 के प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री ने लखनऊ में कहा था कि यूपी में वैल्यूज है, वर्च्युज है, लेकिन इस बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की ज्यादा आवश्यकता है। सिर्फ वर्क कल्चर से नहीं, सिर्फ बिजनेस कल्चर से ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में यूपी की जो स्ट्रेंथ है उसमें वैल्यू एडिशन की बहुत जरूरत है। आज 6 वर्ष बाद यह कहने में प्रसन्नता हो रही है कि इन शब्दों को आत्मसात कर प्रदेश ने अपनी नीतियां बनाईं, जिसके परिणामस्वरूप 6 वर्ष के भीतर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का यह चौथा संस्करण आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2018 से अबतक हुए इन्वेस्टर्स समिट और जीबीसी की चर्चा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं आगे बढ़ीं।

▶▶ **यूपी में लैंड भी पर्याप्त, बिजली भी भरपूर, मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव**

**थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। अपने लैंड लॉक स्टेट के बंधन को समाप्त कर चुका है। वाराणसी से हल्दिया तक यूपी पूर्वी बंदरगाह से जलमार्ग से जुड़ चुका है। उत्तर प्रदेश ने इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी का भी गठन किया है। ईज ऑफ बिजनेस और लीड्स रैंकिंग में हम अचीवर स्टेट हैं। यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है। न मैन पावर की कमी है और न विल पावर का अभाव है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल, इन्सेंटिव मॉनीटरिंग सिस्टम के साथ ही प्रदेश की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली पॉलिसी का परिणाम है कि हर निवेशक यहां आना चाहता है। इसमें हर एक व्यक्ति की जवाबदेही है और पारदर्शिता है। हर निवेशक का सम्मान करता है। अब तो लोग कहने लग गए हैं कि सुरक्षित निवेश यानि उत्तर प्रदेश।

इस अवसर पर पीएम मोदी के साथ ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, केंद्रीय मंत्रिमंडल के मंत्रीगण, शासन और प्रशासन के अधिकारी, प्रतिष्ठित निवेशक और उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

### धरातल पर उतारने का उत्सव

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 10–12 फरवरी 2023 के बीच आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर विश्वास जताया। यह ट्रांसफॉर्मेशन, ये बदलाव, ये स्पीड विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। जीबीसी 4 में न केवल औद्योगिकीकरण को गति मिलेगी बल्कि प्रदेश के 34 लाख से अधिक युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध करने का अद्भुत अवसर होगा।

# बुजुर्ग दंपती के घर में घुसी अज्ञात महिला, हड़कंप मचा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▶▶ **पड़ोसियों की नजर पड़ी तो लगी भीड़, पुलिस पहुंची**

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गोलागंज में सोमवार को अपराह्न चार बजे एक अज्ञात महिला बीमार बुजुर्ग दंपती के घर में घुस गई। पड़ोसियों की नजर पड़ी तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ की। प्रथम दृष्टया पुलिस छानबीन में महिला मानसिक तौर पर बीमार प्रतीत हो रही है। पुलिस महिला से पूछताछ की रही है।

मोहल्ला गोलागंज निवासी अविनाश चतुर्वेदी परिवहन विभाग से ड्राइवर के पद से सेवानिवृत हैं। वहां यहां अपनी पत्नी रजनी के साथ रहते हैं। कोई संतान भी नहीं है। लंबे समय से दंपती बीमार हैं। सोमवार को बुजुर्ग अविनाश चतुर्वेदी अपनी पत्नी के साथ ग्राउंड फ्लोर पर थे। उन्हें ऑक्सीजन चढ़ रही थी। उसी समय एक 25 वर्षीय महिला घर में घुस गई और प्रथम मंजिल पर बने कमरे में जाकर बैठ गई। कुछ देर बाद महिला जब कमरे से बाहर निकली तो पड़ोसियों की नजर पड़ गई। जिससे शोर मच गया। मोहल्ले वाले घरों से बाहर आ गए और भीड़ लग गई। मोहल्ले वालों ने महिला से पूछताछ भी की। कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पुलिस बुला ली। पुलिस ने महिला कांस्टेबल की मौजूदगी में महिला से पूछताछ की। नाम पता जानने का प्रयास किया लेकिन महिला अपना नाम कभी लक्ष्मी तो कभी राधा तो कभी पूनम निवासी मुरादाबाद बता रही थी। करीब आधा घंटा पूछताछ के बाद महिला को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

> मोहल्ला गोलागंज में एक अज्ञात महिला एक घर में घुस गई थी। प्रथमदृष्टया महिला मानसिक तौर पर कमजोर प्रतीत हो रही है। फिलहाल महिला से पूछताछ की जा रही है।
>
> **-अतर सिंह,** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक

# पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने पर अभ्यर्थियों ने फव्वारा चौक पर प्रदर्शन कर परीक्षा दोबारा कराने की मांग की है। मंगलवार को अभ्यर्थी मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन राज्यमंत्री गुलाब देवी को सौंप परीक्षा दोबारा कराने की मांग करेंगे।

सोमवार की दोपहर ढाई बजे अभ्यर्थियों ने फव्वारा चौक प्रदर्शन किया। कहा कि वह सोमवार की दोपहर राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपने गए थे। मगर वह नहीं मिलीं, इसलिए मंगलवार की सुबह राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि 17 व 18 फरवरी को पूरे उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा प्रशासन द्वारा शांति पूर्वक संपन्न कराई गई। जैसे ही 17 फरवरी को प्रथम पाली का पेपर छूटा उसके बाद दूसरी पाली का पेपर शुरू होने के बाद सोशल मीडिया पर उत्तरकुंजी के साथ वायरल होने लगी। जिससे स्थानीय प्रशासन ने संज्ञान लिया, लेकिन अभ्यर्थियों की मांगों को पूरा नहीं किया। इसके बाद 18 फरवरी को प्रथम व द्वितीय पाली के प्रश्न पत्र उत्तर सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जमकर वायरल हो रहा था। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। जिन्हें परीक्षा का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से परीक्षा रद्द कराकर दोबारा से परीक्षा संपन्न कराने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में आशीष शर्मा, राजीव यादव, तनुज कुमार, दिनेश राणा, रोहित सिंह, मोहम्मद नवी, विक्की कुमार आदि शामिल रहे।



चन्दौसी के फव्वारा चौक पर पुलिस भर्ती पेपर लीक होने को लेकर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी।

▶▶ **आज मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन राज्यमंत्री गुलाब देवी को सौंपेंगे अभ्यर्थी**

## सार-संक्षेप

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार** : रजपुरा थाना क्षेत्र के जंगल में पेड़ से रस्सी के फंदे पर युवक का शव लटका मिला। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव हैमदपुर निवासी कल्याण रविवार की रात दस बजे फसल की रखवाली करने खेत पर गया। कल्याण ने खेत में खड़े शीशम के पेड़ पर रस्सी के फंदे पर एक युवक का शव लटका देखा। सूचना मिलने पर पुलिस व दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। शव की पहचान गांव केसरपुर निवासी 20 वर्षीय रोहित के रूप में हुई। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे रोते बिलखते परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने बताया कि रोहित दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था और रविवार को ही दिल्ली से वापस आया था। थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### घरेलू कलह में ग्रामीण ने फंदे से लटककर दी जान

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार** : रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर जैनी निवासी नेम सिंह (30 वर्ष) सोमवार को जंगल में बबूल के पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटका मिला। खेत पर काम करने जा रहे ग्रामीणों ने नेम सिंह को फंदे पर लटका हुआ देखकर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन आनन फानन में मौके पर पहुंचे और फंदा खोलकर नेम सिंह को नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव लेकर घर चले गए और अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने बताया कि घरेलू कलह के चलते नेम सिंह ने फंदे पर लटककर आत्महत्या की है।

### बाइक ट्रैक्टर ट्राली टकराने से एक की मौत दूसरा गंभीर

**बहजोई, अमृत विचार** : कोतवाली बहजोई के गांव श्योराज पुर निवासी स्वराज पुत्र दिलखुश व यादराम पुत्र हर प्रसाद अपनी बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में गांव मुडिया जा रहे थे। जैसे ही वह संभल बहजोई मार्ग स्थित गांव अचलपुर के निकट पहुंचे तो उनकी बाइक का अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने यादराम का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए से मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल स्वराज को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बदमाशों ने महिला के कुंडल खींचे

**संभल/असमोली, अमृत विचार** : असमोली थाना क्षेत्र में बदमाशों ने मकान की दीवार में नकब लगाकर कमरे में सो रही महिला के कानों से कुंडल खींचे और भाग गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा निवासी देवेंद्र का मकान गांव के बाहरी छोर पर है। रविवार को देर रात बदमाशों ने मकान की पीछे की दीवार में नकब लगाया और अंदर पहुंच गए। बदमाशों ने कमरे में सो रही देवेंद्र की पत्नी प्रियंका के कानों से सोने के कुंडल खींच लिए। जिससे प्रियंका की आंख खुल गई और बदमाशों को देखकर शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिजन व आसपास के लोग पहुंचे। इसी बीच बदमाश भाग गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आसपास में बदमाशों की तलाश की लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े।

### अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धरने पर डटे किसान

**संभल अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 27वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने गंगा एक्सप्रेस वे के किनारे गांव हिसामपुर और भटौला के बीच अंडरपास निर्माण की मांग उठाई। भाकियू असली जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि प्रशासन की ओर से अंडरपास बनवाने का आश्वासन तो मिल गया है लेकिन जब तक अंडरपास बनाने का काम शुरू नहीं हो जाता, तब तक किसान नहीं हटेंगे। इस दौरान दिनेश सिरोही, हरद्वारी, गनपत, राम किशन, जयप्रकाश, कृपाल, राहिद, ठाकुर सिंह, रामफूल सिंह, पातीराम सिंह, गंगा शरण, अनोखे लाल, सुरेश, जसवंत, चंद्रप्रकाश शर्मा आदि रहे।

### महिला समेत पांच से मारपीट, अश्लील हरकतें करने का आरोप

**संभल, अमृत विचार** : हयातनगर थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद के मामले में पैरवी करने जा रही महिला समेत परिवार के पांच लोगों के साथ दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट की। महिला के साथ अश्लील हरकतें कर कपड़े फाड़ने का आरोप भी लगा। लाठी डंडों के साथ का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीणों का परिवार के ही लोगों से जमीनी विवाद का मामला संभल न्यायालय में विचाराधीन है। सोमवार की दोपहर एक ग्रामीण पत्नी और अन्य के साथ मामले की पैरवी करने न्यायालय आ रहा था। आरोप है कि गांव हाजीपुर पुलिया के पास परिवार के सगे चार भाइयों सहित नौ लोगों ने ग्रामीण, उसकी पत्नी और अन्य को रोक लिया और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। आरोप है कि परिवार के लोगों ने महिला के साथ अश्लील हरकतें की व कपड़े भी फाड़ दिए और धमकी देते हुए भाग गए। जिसके बाद ग्रामीण ने थाने में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की।


पैदल मार्च निकालते सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था मजबूत करता है मतदान

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय संभल में कौशल विकास युवा विषय पर राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। मतदान करना क्यों जरूरी है विषय पर हुई गोष्ठी में स्वयंसेवकों को बताया गया कि मतदान लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को कैसे मजबूत करता है।

शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रभा शर्मा ने किया। डॉ. राष्ट्रवर्धन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्वयंसेवकों को अपना हुनर सामाजिक सेवा में लगाने का अवसर प्रदान करते हैं। जिसके माध्यम से हम शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण सहित अनेक सामाजिक विषयों पर अपने परिवेश में जागरूकता बढ़ाते हैं। डॉ. आसिम ने भी विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी सचिन कुमार ने आगामी शिविरों की रूपरेखा बताई।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने को प्रचार

**संभल, अमृत विचार** : शहर कांग्रेस अध्यक्ष तौकीर अहमद ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा 24 को संभल पहुंच रही है।

# पुलिस ने पीएम को ज्ञापन देने जाते सपाइयों को रोका

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मांगों का ज्ञापन देने जा रहे सपाइयों को पुलिस ने रोक लिया। सपा कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालने के बाद पुलिस को ज्ञापन सौंपकर मांगें उठाई।

समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां के नेतृत्व में कार्यकर्ता पक्का बाग पर स्थित निजी कार्यालय पर जुटे। यहां से सपाई ऐंचौड़ा कम्बोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन देने के जाने को बढ़े। सूचना मिलने पर हयातनगर थाना पुलिस ने संभल-बहजोई मार्ग पर रॉयल पैलेस के पास सपा कार्यकर्ताओं को रोक लिया। सपाइयों ने रोके जाने का विरोध करते हुए नारेबाजी की। पुलिस ने सपाइयों को किसी तरह समझाया। सपाइयों ने पैदल मार्च निकालकर पुलिस को ज्ञापन दिया। जिसमें संभल से गजरौला तक रेलवे लाइन, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच, संभल में रोडवेज डिपो की स्थापना, मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय, औद्योगिक इकाईयां, स्टेडियम और संभल से जुड़े नगरों को फोरलेन सड़क से जोड़ने की मांग उठाई। इस दौरान रामरहीस यादव, जबर सिंह, गुलाम मुस्तफा, अकील खां, रहीस रिजवान खां, राहुल यादव, अजय यादव, सूरज यादव, आलम, अकरम, नासिर, बिलाल, मुनव्वर, असलम खां, अशरफ, वीरेश यादव, राजेश, इमरान, तस्लीम आदि रहे।

# दंगाई के घर से मिले पीएसी से लूटे कारतूस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे में पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। दंगे के 12वें दिन पुलिस ने 10 और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो नामजद आरोपी भी हैं और दो ऐसे, जिन्होंने दंगे के दौरान पेट्रोल बम सप्लाई किया। पुलिस ने पीएसी से लूटे गए कारतूस भी एक आरोपी के पास से बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस अब तक 68 दंगाइयों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में जानकारी देते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा में भड़के दंगे के मामले में बनभूलपुरा थाना, मुखानी थाना और नगर निगम की ओर से तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। इस मामले में रविवार तक 58 उपद्रवियों की गिरफ्तारी की जा चुकी थी और सोमवार को 10 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

विशाल चिकित्सा शिविर

हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग

यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक

समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं

रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये

डॉक्टर द्वारा परामर्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में, स्पाईन एमआरआई 2000/- में, हेड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।

भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

*T&C Apply

हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965

इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में

एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

### कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक रखने के लिए निडर संघर्ष रखूंगा जारी

# आदिवासी, दलित व पिछड़ी जाति का हक मार रही सरकार : राहुल

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** प्रयागराज से होते हुए सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देल्हूपुर से प्रतापगढ़ सीमा में पहुंची। शहर से होते हुए जिले के रामपुरखास विधानसभा के लालगंज पहुंची। लालगंज में उन्होंने लोगों को सम्बोधित किया।

राहुल गांधी ने मोदी सरकार की राष्ट्रीय नीतियों की कमियों को गिनाते हुए हमला बोला। कहा कि देश में 50 फीसदी पिछड़ी जाति और 15 फीसदी दलित लोग रहते हैं। भारत में आदिवासियों की संख्या आठ प्रतिशत है। मोदी सरकार आदिवासी, दलित और पिछड़ी जाति के लोगों का हक मारने का कार्य कर रही है। 73 प्रतिशत आबादी के हक के साथ नाइंसाफी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि श्रीरामोत्सव में आदिवासी, दलित, पिछड़ों की भागीदारी में उपेक्षा की गई। कहा कि वहां एक भी किसान, गरीब नहीं दिखा। यह भी कहा कि भारत के प्रधानमंत्री धर्म, जाति के नाम पर देश को तोड़ रहे हैं। जनता से सीधा संवाद करते हुए कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक रखने के लिए निडर संघर्ष जारी रखूंगा। ईडी व अन्य एजेंसियों को सरकार की कठपुतली बताते हुए कहा कि हक और अधिकार की आवाज उठाने पर सरकार ईडी, सीबीआई,प्रवर्तन दल के द्वारा देश मे भय का माहौल बनाये हुए है। चंद पूंजीपतियों ने मीडिया सेक्टर के साथ अस्पताल, विश्वविद्यालय,स्कूल -कालेज में भी आर्थिक आय पर कब्जा कर लिया है। पीएम मोदी खुद को पिछड़ी जाति से जोड़ रहे हैं जबकि उनका जन्म सामान्य वर्ग में हुआ है। राहुल गांधी लालगंज में 40 मिनट रहे और खुली जीप में सवार होकर 32 मिनट सम्बोधित किया। उनके साथ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी,रामपुरखास विधायक आराधना मिश्रा मोना,विधायक वीरेंद्र चौधरी,पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत,प्रदेश महासचिव मुकुन्द तिवारी समेत कांग्रेसी मौजूद रहे।



प्रतापगढ़ में जनसभा के दौरान बिल्ली को पुचकारते राहुल व विधायक आराधना मिश्रा मोना।

### स्मृति ने कसा तंज

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अमेठी के गांधी चौक पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया एवं राहुल वापस जाओ के नारे लगाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी जय सियाराम का नारा लगाया। केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने एक जगह जन संकल्प विकास यात्रा के दौरान भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग अमेठी को सत्ता का केंद्र मानते थे, जब वे गाजे-बाजे के साथ आए तो अमेठी के लोग उनके स्वागत के लिए नहीं पहुंचे और उन्हें प्रतापगढ़, सुल्तानपुर से लोग लाने पड़े...?

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज लखनऊ में, राहुल गांधी करेंगे संबोधित

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 20 फरवरी को रायबरेली होते हुए राजधानी में प्रवेश करेगी। राहुल गांधी चैक में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने बताया कि यात्रा रायबरेली रोड स्थित निगोंहा टोल से शुरू होकर मदाखेड़ा मंदिर, मोहनलालगंज, कल्ली बाजार, कालिंदी पार्क मोड़ उतरठिया, तेलीबाग शनि मंदिर होते हुए चारबाग स्थित केकेसी कॉलेज अपरान्ह लगभग ढाई बजे पहुंचेगी। यहां से चारबाग के नत्था होटल मोड़ होते हुए नाका चौराहा, दुगावां, रकाबगंज चौराहा, राजा बाजार, मेडिकल कॉलेज चौराहा, चरक चौराहा, चौक चौराहा होते हुए घंटाघर पर लगभग शाम पांच बजे पहुंचेगी। यहां पार्टी नेता राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करेंगे। 21 फरवरी को सुबह साढ़े आठ बजे यात्रा उन्नाव के लिए कूच करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पीडब्लूडी का कार्यकारी अभियंता और क्लर्क एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी :** लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के एक कार्यकारी अभियंता और एक लिपिक को एक ठेकेदार से एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए सतर्कता टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) इंदु सिद्धार्थ ने सोमवार को यहां पत्रकारों को बताया कि पीडब्लूडी के कार्यकारी अभियंता नीरज सिंह और लिपिक अजय कुमार को एक ठेकेदार से रिश्वत लेते हुए सतर्कता टीम द्वारा सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि ठेकेदार देवव्रत तोमर ने शिकायत की थी कि इन अधिकारियों ने उनसे दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। उन्होंने बताया कि सतर्कता टीम ने इनके कार्यालय पर दबिश देकर एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए इन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इन अधिकारियों ने सड़क मरम्मत के काम का ठेका देने के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी जिसमें पहली किस्त में एक लाख रुपये देने को कहा था। पुलिस ने आरोपी नीरज सिंह और अजय कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### सुलतानपुर की अदालत में पेश होंगे राहुल गांधी

**सुलतानपुर, एजेंसी :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को मानहानि के एक मामले में सुलतानपुर की विशेष अदालत में पेश होंगे। न्याय विभाग के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी के खिलाफ मानहानि परिवाद के केस में 20 फरवरी की तारीख नियत थी। पांच वर्ष पूर्व दाखिल परिवाद में राहुल में हाजिर नहीं हो रहे थे।राहुस के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने पिछली पेशी में राहुल के भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदर्भ दिया था कि वह नागालैंड और असम के बीच में व्यस्त हैं। लिहाजा उन्होंने अदालत से गुजारिश किया की थी कि उन्हें समय दिया जाए और वे नियत तारीख पर पहुंचकर जमानत करा सके।, जिस पर न्यायालय ने 20 फरवरी को तिथि नियत की थी। इस दौरान राहुल गांधी की न्याय यात्रा 19 फरवरी सोमवार को रायबरेली पहुंची है। मंगलवार को राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में छोड़कर प्लेन से अमहट एयरपोर्ट पर उतर कर सड़क के रास्ते सुलतानपुर दीवानी न्यायालत स्थित एमपी/एमएएल कोर्ट में पेश होंगे।

### राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक मंगलवार से शुरू होगी। बैठक में शामिल होने के लिए राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र सोमवार शाम अयोध्या पहुंचे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते 15 जनवरी से बंद चल रहा राममंदिर निर्माण का काम प्रारंभ हो चुका है। निर्माण सामग्री आनी शुरू हो गई है। प्रथम तल का 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद राममंदिर के दूसरे तल का काम शुरू होगा। नृपेंद्र मिश्र मंगलवार की सुबह रामजन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद बैठक का सिलसिला शुरू होगा।

### 140 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर को पकड़ा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर थाने की पुलिस टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर एक करोड रुपये से अधिक कीमत वाली एक किलो 140 ग्राम स्मैक बरामद की। उसके द्वारा स्मैक कहां से ओर किससे लेकर वह आ रहा था। इसकी जांच की तस्करी के नेटवर्क को खंगाल कर उसको ध्वस्त किया जाएगा। इसमें संलिप्त सभी की संपत्तियों की जांच कर उसके जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इसकी जानकारी सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा. अखिलेश नारायण सिंह ने पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। एएसपी ने बताया कि रामनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पाण्डेय की टीम ने थाना क्षेत्र के बरियारपुर के पास रविवार को एक संदिग्ध को पकड़ा। उसके पास से एक किलो 140 ग्राम स्मैक बरामद की। पकडे.गए तस्कर रंजीत ने पूछताछ में बताया कि वह एक व्यक्ति से बरामद स्मैक को ग्राहक तक पहुचांने जा रहा था। इसके बदले उसे रुपये देने की बात कही थी।

# पुलिस भर्ती: पेपर लीक की खबरों की जांच को बनी आंतरिक कमेटी

### जांच में मिली जानकारी के आधार पर बोर्ड करेगा कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पेपर छपाई में गड़बड़ी, सनी लियोनी के एडमिट कार्ड मामले आदि की भी होगी जांच

**अमृत विचार :** उप्र में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में सोशल मीडिया पर पेपर लीक की खबरों को लेकर बवाल मचा हुआ है। सपा मुखिया अखिलेश यादव, पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर और कांग्रेस नेता राहुल गांधी तक ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया है।

हालांकि उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड इसे लगातार खारिज करता रहा है, लेकिन इन बीच सोमवार को इस मामले की जांच के लिए भर्ती बोर्ड ने आंतरिक जांच कमेटी गठित करने का फैसला किया है। एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति बनाई गई है। भर्ती बोर्ड का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जाएगी। 48 लाख बच्चों के भविष्य का सवाल है।



भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा ने बताया कि अभ्यर्थियों के द्वारा सोशल मीडिया पर जो समस्याएं बताई जा रही हैं उन समस्याओं को देखते हुए बोर्ड ने आंतरिक कमेटी गठित की है। वायरल प्रश्न-पत्र और उत्तर पुस्तिका को लेकर जांच की जाएगी। उनका कहना है कि उनके पास भी सभी वायरल चीज़ें हैं। जो सवाल वायरल हुए हैं वह प्रश्न-पत्र में कितने आए हैं? और वह परीक्षा से पहले, बाद में या उसके दौरान वायरल हुए हैं? इनकी भी जांच की जाएगी।

पुलिस भर्ती बोर्ड के सूत्रों के मुताबकि एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बनी आंतरिक जांच समिति पेपर लीक की शिकायत, पेपर छपाई में गड़बड़ी, पेपर देर से पहुंचने, सनी लियोनी के एडमिट कार्ड मामले की भी जांच करेगी। जांच रिपोर्ट में मिली जानकारियों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## बसपा अकेले ही लड़ेगी चुनावः माया

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने एक बार फिर से स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी आने वाले लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि लोकसभा चुनाव में बसपा के किसी भी दल से गठबंधन नहीं करने की बार-बार स्पष्ट घोषणा के बावजूद आए-दिन गठबंधन संबंधी अफवाह फैलाई जा रही है। इससे साबित होता है कि बसपा के बिना कुछ पार्टियों की सही से दाल गलने वाली नहीं है। बसपा के लिए अपने लोगों का हित ही सर्वोपरि है। लिहाजा सर्वसमाज के खासकर गरीबों, शोषितों व उपेक्षितों के हित व कल्याण के मद्देनजर बसपा का देश भर में अपने लोगों के तन, मन, धन के सहारे अकेले अपने बलबूते पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला अटल है।



# स्वामी प्रसाद बनाएंगे नई पार्टी, 22 को होगी घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पार्टी के लिए नाम व झंडा तैयार औपचारिक घोषणा अभी नहीं

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा से अलग होकर नई पार्टी बनाने के साफ संकेत दिये हैं। पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी होगा। नीला, लाल व हरे रंग की पट्टी वाले पार्टी के झंडे में बीच में 'आरएसएसपी' लिखा हुआ है। पार्टी की औपचारिक घोषणा 22 फरवरी को होना तय है। इस बीच, पूर्व मंत्री मौर्य ने कहा कि 22 फरवरी को दिल्ली में बैठक के बाद नई रणनीति की घोषणा की जाएगी। उधर, नाराज चल रहे मौर्य को मनाने का प्रयास भी जारी रहा। सपा नेता पूर्व मंत्री राम गोविंद चैधरी मौर्य के आवास पर पहुंचे।

22 फरवरी को स्वामी प्रसाद मौर्य दिल्ली के तालकटोरा मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। इसी दौरान नई पार्टी की घोषणा होगी। मौर्य पिछले कई दिनों से सपा के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए हुए थे। उन्होंने 13 फरवरी को राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### स्वामी फायदे के लिए सपा में आये थेः अखिलेश

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य फायदे के लिए सपा में आये थे। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि लाभ लेने के लिए हर कोई आता है, लेकिन मौके पर कौन टिकता है? किसी के मन में क्या है, यह कौन बताएगा? सपा प्रमुख ने कहा कि क्या ऐसी कोई मशीन है जिससे पता चल पाए कि किसके मन में क्या चल रहा है? लाभ लेकर तो हर कोई चला ही जाता है।

# इमराना और जावेद को रिमांड पर लेगी पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दोनों को आमने-सामने बैठाकर होगी पूछताछ
- टाइमर बम बनाने की असल मंशा तक पहुंचने की होगी कोशिश

**अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर पुलिस टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना और उसे बनाने वाले जावेद को एक साथ रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। पुलिस यह पता करेगी कि कितने टाइमर बम बनवाए गए और उसके पीछे क्या योजना थी। पुलिस का मामना है कि इसके पीछे कोई बड़ी साजिश हो सकती है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

दरअसल, शनिवार और रविवार को पुलिस और खुफिया एजेसियों ने इमराना से लगातार कई घंटे तक पूछताछ की, लेकिन बम बनवाने के पीछे के असल 'राज' से परदा नहीं उठ सका है। इमराना ने सिर्फ इतना बताया है कि झगड़ा व दंगा में काम आने के लिए टाइमर बम बनवाया गया। हालांकि खुफिया एजेंसियों पर उसकी कहानी पर भरोसा नहीं हो रहा है।

एसटीएफ और खुफिया एजेसियां अब इमराना और जावेद से जुड़े लोगों की भी तलाश कर रही है। एजेसियां अब मुजफ्फनगर के मीरापुर के उस व्यक्ति की तलाश में जुटी है, जिससे बारूद लाकर जावेद बम बनाता रहा है। उससे यह पता किया जाएगा कि बारूद बेचने का उसके पास लाइसेंस है या नहीं। उधर, एक टीम इमराना के बैंक खाते भी खंगाल रही है। ताकि यह पता चल सके है कि उसे कहीं से फंडिंग तो नहीं हो रही थी।

## इंडिया गठबंधन में सपा ने कांग्रेस को दिया 17 सीटों का ऑफर

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस को प्रदेश में 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का 'ऑफर' दिया है। फिलहाल सपा ने सीटों की जानकारी नहीं दी है। इससे पहले सपा ने 11 सीटों का ऑफर दिया था। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि सपा की ओर से कांग्रेस को 17 लोकसभा सीट की अंतिम पेशकश की गई है। उन्होंने कहा कि इस पेशकश पर कांग्रेस की स्वीकृति के आधार पर पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होना निर्भर करेगा। मालूम हो कि इससे पूर्व सपा ने कांग्रेस को प्रदेश में 11 सीटों की पेशकश की थी, जबकि कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने अधिक सीट की मांग की थी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कहना था कि उनकी पार्टी को करीब दो दर्जन सीट दी जानी चाहिए।

# फावड़े से पत्नी को काट डाला खुद भी फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, सीतापुर

- वारदात के पीछे पति पत्नी के बीच आपसी कलह बताई जा रही है पति को था जेल जाने का डर

**अमृत विचार :** अटरिया थाना इलाके में सोमवार को एक पति ने पत्नी की फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति स्वयं के जेल जाने के डर से घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तफ्तीश शुरू कर दी है। दंपत्ति की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस वारदात के पीछे पति पत्नी के बीच आपसी कलह बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार,क्षेत्र के ग्राम गुलरिया निवासी अजय सिंह ने अपने ही परिवार की खुशियों को उजाड़ कर स्वयं को भी मौत के गले लगा लिया। बताया जाता है कि अजय सिंह की पत्नी मोहिनी रविवार की शाम मायके से ससुराल आई थी। सोमवार की सुबह पति अजय और पत्नी मोहिनी के बीच किसी बात को लेकर आपस मे विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि पति अजय ने पत्नी के सर पर फावड़े से वारकर मौत के घाट उतार दिया। पत्नी की मौत के बाद जेल जाने के डर से पति अजय ने भी घर के अदंर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।


परिजनों ने कमरे में दोनो के शवों को देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची अटरिया पुलिस सहित सीओ सिधौली ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य भी संकलित किये है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 09 .55 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 12 .13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** – आज सामाजिक संस्थाओं द्वारा आपकी प्रशंसा हो सकती है। किसी बुरी आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित होंगे। आप अनेक लोगों की करियर में सहायता करने का प्रयास करेंगे। कार्य के विस्तार की रणनीति सफल रहेगी।

**वृष** – आज स्वयं को भ्रमित होने से बचाएं। व्यर्थ की बातों को करने से बचें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। परिवार के लोग आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं। लिहाज से दिन शुभ रहेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन** – आज परिवार का माहौल अच्छा रहने वाला है। किसी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। अवसरों का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। नौकरी में आपको उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कर्क** – आज धन की कमी के कारण कुछ चलते हुए कार्यों में गतिरोध उत्पन्न हो सकता है। परिवार का सहयोग नहीं मिलेगा। अपने काम पर फोकस नहीं कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है।

**सिंह** – आज अपनी सकारात्मक सोच से परिस्थितियों का सही लाभ उठा पायेंगे। मित्रों से सही सलाह मिलेगी। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। व्यापार में तरक्की होने के योग बन रहे हैं। कोई अच्छा समाचार मिलेगा।

**कन्या** – आज लव लाइफ काफी अच्छी रहेगी। कार्य की व्यस्तता के बीच स्वजनों के लिए समय अवश्य निकालें। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अचानक धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। कई तरह की परेशानियों का अंत होगा।

**तुला** – आज जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में परेशानियां बढ़ सकती हैं। आध्यात्मिक अभिरुचियों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – आज किसी अनजानी गलती के कारण आप आत्मग्लानि से पीड़ित हो सकते हैं। जिद्दी रवैये से आपको ही नुकसान झेलना पड़ेगा। दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपके स्वास्थ्य सुख में बाधा आ सकती है।

**धनु** – आज नया निवेश करने के लिए समय अनुकूल है। आय बढ़ने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यापार में धन की कमी दूर होगी। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मकर** – आज कर्मचारियों का व्यवहार चिन्तित कर सकता है। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा। अनजाने में हुई गलती परेशानी खड़ी कर सकती है। व्यवसाय में जोखिम लेने के लिए दिन उचित नहीं है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज अपनी प्रतिभा और योग्यता पर संदेह न करें। कला और साहित्य आदि में विशेष रुचि लेंगे। धैर्य और संयम से कार्य करें। किसी निकटस्थ व्यक्ति के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मीन** – आज विवादास्पद मामलों से दूर रहने में ही उत्तम है। किसी को धन उधार न दें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपके आसपास कई तरह की चीजें बदल रही हैं जिसके कारण उचित निर्णय लेने में कठिनाई होगी।


## वर्ग पहेली-348

**बाएं से दाएं**

1. पापों का नाश करने वाला।
4. फाड़ना, विदीर्ण करना, नष्ट-भ्रष्ट करना।
6. 1. एकाधिक व्यक्तियों का साथ चलना 2. साथ, संग, सोहबत 3. विभिन्न व्यक्तियों के विचारों में बिसराना, भुलाना, भुला देना, विस्मृत करना।
7. 1. कठोर आवरण वाले और बहुत खट्टे फलों का एक वृक्ष, कैथ 2. उक्त वृक्ष का फल, कपित्य।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पाप से मुक्त होने की क्रिया या भाव 2. पाप निवारण 2. पाप निवारण करने का स्थान, तीर्थस्थान।
2. शव को जलाने हेतु निर्मित गृह, श्मशान।
3. पुरानी दीवारों या खारवाली ज़मीन में ऊपर से निकल आने वाला क्षार अथवा नमक।
5. दे. तीर्थ।



### वर्ग पहेली - 347 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कँ | ग | ला | | 2 अ | |
| टि | | | | व | |
| या | | 3 की | | स | |
| | 4 फ | ट | का | र | ना |
| | | ना | | वा | |
| 5 सु | दे | श | | दि | |
| थि | | 6 क | र | ता | ल |

## सुडोकू-65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | | | 8 | | 2 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 6 | |
| | 4 | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 8 | | | 6 | | 2 | | 4 | |
| | 6 | 8 | | | | | 9 | 3 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | 9 | | | | | 7 | 5 |

### सुडोकू - 64 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 |

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया
सुबह : 10 .00
कर्तव्य
रात : 07 .00


SONY MAX
कोई जाने ना
सुबह : 09 .00
नहले पे दहला
रात : 09 .00

SONY PIX
एनाकोंडा
सुबह : 10 .17
मॉन्स्टर हंटर
रात : 09 .00

ZEE CINEMA
बादल
सुबह : 10 .30
लव शुदा
रात : 07 .30

colors CINEPLEX
तो बात पक्की
सुबह : 11 .04
हीरोज
रात : 09 .48

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह-10 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,708.16 | 22,122.25 |
| बढ़त | 281.52 | 81.55 |
| प्रतिशत में | 0.39 | 0.37 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, मंगलवार, 20 फरवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपयेसमलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 रुपये राजमा लाल: 155 रुपये राजमा चिता: 145 रुपये लोबिया लाल: 94 लोबिया सफेद: 98 रुपये।

## एक नजर

### बीएसई का बाजार पूंजीकरण सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में लगातार पांचवें सत्र में जारी तेजी के बीच सोमवार को निवेशकों की पूंजी 2.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई और बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल पूंजीकरण 391.69 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 281.52 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,708.16 अंक पर बंद हुआ।

### सोना 250 रुपये चमका चांदी 500 रुपये फिसली

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोना 250 रुपये चढ़कर 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी 500 रुपये कमजोर होकर 76,000 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर आ गई।

# पुरानी कर मांगों को वापस लेने के मामले में प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा तय


## सरकार के अंतरिम बजट में की गई घोषणा के तहत आयकर विभाग ने किया निर्धारित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आयकर विभाग ने छोटी कर मांगों को वापस लेने को लेकर बजट में की गई घोषणा के तहत प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा निर्धारित की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए अपने अंतरिम बजट भाषण में आकलन वर्ष 2010-11 तक 25,000 रुपये और आकलन वर्ष 2011-12 से 2015-16 तक 10,000 रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने की घोषणा की। इसमें शामिल कुल कर मांग करीब 3,500 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2024-25 के अंतरिम बजट में की गई घोषणा को अमल में लाने के लिए यह आदेश जारी किया। सीबीडीटी ने आदेश में कहा है कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित ऐसी बकाया कर मांगों को माफ करने को लेकर प्रति करदाता के लिए एक लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय की गयी है। एक लाख रुपये की सीमा में कर मांग की मूल राशि, ब्याज, जुर्माना या शुल्क, उपकर, अधिभार शामिल है। हालांकि, आयकर अधिनियम के टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) या टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) प्रावधानों के तहत कर कटौती करने वालों कर संग्राहकों के खिलाफ की गयी मांगों पर यह छूट लागू नहीं होगी। नांगिया एंडरसन इंडिया के भागीदार मनीष बावा ने कहा कि निर्देश यह स्पष्ट करता है कि यह छूट करदाताओं को 'क्रेडिट' या 'रिफंड' के किसी भी दावे का अधिकार नहीं देता है।

### नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद: पीयूष गोयल



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भरोसा जताया कि मुद्रास्फीति के काबू में आने के साथ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नीतिगत दर में कटौती करेगा। नीतिगत दर रेपो फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत के उच्चस्तर पर बनी हुई है। आरबीआई महंगाई को काबू में लाने के लिए रेपो दर का उपयोग करता है। गोयल ने कहा कि देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और महंगाई नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि भारत में 10 साल की औसत महंगाई दर करीब 5 से 5.5 प्रतिशत रही है। यह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला दशक था और इसके कारण, ब्याज दर में उल्लेखनीय रूप से कमी आई और केंद्रीय बैंक मजबूत हुआ तथा अब वह ब्याज दर को नीचे लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा- बेशक पिछले डेढ़ साल में, यूक्रेन- संकट के बाद, ब्याज दर में फिर से 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन अब जब मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है, मुझे उम्मीद है कि ब्याज दर की स्थिति पलटेगी।

### राजाध्यक्ष ने 16वें वित्त आयोग की सदस्यता पर असमर्थता जताई

**नई दिल्ली।** सोलहवें वित्त आयोग का सदस्य बनाए गए 'अर्थ ग्लोबल' के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष ने निजी कारणों से इसके लिए असमर्थता जताई है। मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने 31 जनवरी को 16वें वित्त आयोग के गठन की अधिसूचना जारी करते हुए अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोग के चार सदस्यों की नियुक्ति की थी। इसमें राजाध्यक्ष के अलावा पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा और सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू को आयोग के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया था। वहीं एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष को अंशकालिक सदस्य नामित किया गया। मंत्रालय ने कहा-राजाध्यक्ष ने अप्रत्याशित व्यक्तिगत परिस्थितियों की वजह से यह जिम्मेदारी संभालने में असमर्थता जताई है।

## अब एआई-जनित गलत सूचना से निपटना हो जाएगा आसान

- मार्च तक जनता के लिए शुरू होगी हेल्पलाइन
- डीपफेक से बचाने के लिए एमसीए, मेटा ने की साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



मिसइनफॉर्मेशन कॉम्बैट अलायंस (एमसीए) और मेटा ने व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इसका मकसद डीपफेक और एआई-जनित भ्रामक सामग्रियों से निपटना है। यह सेवा मार्च, 2024 में जनता के लिए उपलब्ध होगी। डीपफेक पर नकेल कसने का संकल्प ऐसे समय में आया है जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। इस साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं।

एक बयान के अनुसार, ''एमसीए और मेटा कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल करके बनाई गई सामग्री से निपटने के प्रयास के तहत व्हाट्सएप पर तथ्य-जांच हेल्पलाइन शुरू करने पर काम कर रहे हैं। कृत्रिम मेधा (एआई) से बनी सामग्री सार्वजनिक हित के मामलों में लोगों को धोखा दे सकती है। ऐसी सामग्री को आमतौर पर डीपफेक कहा जाता है। इस सेवा का मकसद लोगों को सत्यापित और विश्वसनीय जानकारी से जुड़ने में सहायता करना है।'' बयान के मुताबिक, यह सेवा मार्च, 2024 से उपलब्ध होगी। एमसीए व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाले सभी 'इनबाउंड' संदेशों को प्रबंधित करने के लिए एक 'डीपफेक विश्लेषण इकाई' स्थापित करेगा।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,500-47,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,300 |
| चांदी तैयार | 73,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 724 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,100। |

## बुजुर्गों के लिए अनिवार्य बचत आवास योजनाओं की जरूरत

- नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट की वकालत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीति आयोग ने बुजुर्गों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कर सुधारों, अनिवार्य बचत और आवास योजनाओं की वकालत की है। आयोग के मुताबिक, 2050 तक देश की आबादी में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 19.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल विकसित किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया- चूंकि भारत में सामाजिक सुरक्षा ढांचा सीमित है, इसलिए अधिकांश वरिष्ठ नागरिक अपनी बचत से मिलने वाली आय पर निर्भर रहते हैं। ब्याज दरों में कमी होने की स्थिति में उनकी आय में कमी आती है। कभी-कभी यह आजीविका से भी कम हो जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसलिए वरिष्ठ नागरिक जमा पर मिलने वाले ब्याज के लिए एक न्यूनतम दर तय करने को नियामकीय व्यवस्था की जरूरत है। नीति आयोगी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में इस समय बुजुर्गों की आबादी कुल जनसंख्या का 10 प्रतिशत से कुछ अधिक है।

### चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष में 2.48 प्रतिशत घट गया

**नई दिल्ली।** देश का चीनी उत्पादन चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 फरवरी तक 2.48 प्रतिशत घटकर 2.236 करोड़ टन रह गया। एक साल पहले समान अवधि में यह 2.293 करोड़ टन था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। उद्योग संगठन भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 3.305 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष में 3.662 करोड़ टन था। इस्मा के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और तमिलनाडु में चीनी उत्पादन कम रहा।

## हैकिंग अलर्ट पर एप्पल का जवाब साफ नहीं

- प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर बोले-कंपनी से पूछे गए थे सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को आईफोन विनिर्माता एप्पल की तरफ से पांच महीने पहले भेजे गए हैकिंग संबंधी अलर्ट पर अभी भी कंपनी की तरफ से स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रही है। एप्पल ने इस संदेश में विपक्षी नेताओं को आगाह किया था कि कथित तौर पर सरकार-समर्थित हैकर उनके फोन की हैकिंग के प्रयास कर रहे हैं। इस पर सरकार की तरफ से एप्पल से कुछ स्पष्टीकरण मांगा गया था।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार ने एप्पल से दो सवाल पूछे हैं। पहला सवाल उनके उपकरणों के सुरक्षित होने से संबंधित है जबकि दूसरा सवाल विपक्षी सदस्यों को अलर्ट भेजने की वजह से जुड़ा है। चंद्रशेखर ने कहा, "मेरी राय में यह ऐसी बात नहीं है जिसे कोई भी मंच कमजोरियां होने पर भी पूरी तरह से स्वीकार करेगा। किसी भी मंच में इस बात से इनकार करने की प्रवृत्ति होती है कि उनके सुरक्षा कवच को भेदा जा सकता है। चंद्रशेखर ने कहा-हम कंपनी से एक स्पष्ट सवाल पूछ रहे हैं कि क्या आपका फोन असुरक्षित है? इसका जवाब पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। अक्टूबर में विपक्षी दलों के कई नेताओं ने दावा किया था कि उन्हें एप्पल से एक अलर्ट मिला है जिसमें राज्य-प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके आईफोन को दूर से ही नियंत्रित करने की कोशिश और सरकार की तरफ से कथित हैकिंग की चेतावनी दी गई। अलर्ट पाने वाले नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, शशि थरूर, पवन खेड़ा, के सी वेणुगोपाल, सुप्रिया श्रीनेत आदि शामिल हैं।



# आवाज दबा रही सरकार, राष्ट्रपति शासन लागू हो

## संदेशखालि में महिलाओं की आपबीती सुनकर एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने की मांग

**कोलकाता, एजेंसी**



राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार पर संदेशखालि में महिलाओं की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। वहीं, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया कि आयोग ''भाजपा के प्रभाव'' में काम कर रहा है। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा कथित अत्याचार को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुए थे।

शर्मा ने फोन पर बताया-इलाके की महिलाओं से बात करने के बाद, मुझे पता चला कि संदेशखालि में स्थिति भयानक है। कई महिलाओं ने अपनी आपबीती सुनाई। उनमें से एक ने कहा कि यहां टीएमसी पार्टी कार्यालय के अंदर उसके साथ बलात्कार किया गया था। हम अपनी रिपोर्ट में इसका भी उल्लेख करेंगे। हमारी मांग है कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। भाजपा के प्रभाव में काम करने के टीएमसी के आरोपों से जुड़े सवाल पर शर्मा ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शर्मा ने कहा-उन्हें जो कहना है उन्हें कहने दीजिए, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती। एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिन में हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा किया। रेखा ने कहा कि उनका दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए था, ताकि उनमें से कई महिलाएं बाहर आएं और अपने मन की बात कहना शुरू करें। रेखा शर्मा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है, ताकि सच बाहर न आ सके।

### जांच संबंधी याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखालि गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले पर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए कहा- दोहरे मंच पर मामले नहीं होने चाहिए। सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता- वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि परेशान करने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जहां कई महिलाओं ने दावा किया है कि उनके साथ बलात्कार हुआ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने भी कथित घटनाओं का संज्ञान लिया है।

### राजस्थान में कांग्रेस विधायक मालवीया भाजपा में शामिल

**जयपुर।** राजस्थान में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं चार बार के विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बाद में उन्होंने विधानसभा सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने कहा कि वह विकास के मुद्दे को लेकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं और अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। इस बीच, कांग्रेस ने कहा है कि मालवीया के जाने से उसे कोई नुकसान नहीं होगा तथा इलाके में नया नेतृत्व तैयार होने से वह और मजबूत होगी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मालवीया के खिलाफ विधानसभा चुनाव में इलाके में पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के खिलाफ काम करने की शिकायतें थीं।



मराठा समुदाय के लोगों ने हैदराबाद के पुराने शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के जश्न में शिवाजी की वेशभूषा में हिस्सा लिया। शिवाजी की जयंती का जश्न लोगों ने बढ़-चढ़कर मनाया। ● एजेंसी

## एक नजर

### पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल घायल

**पणजी।** दक्षिण गोवा के एक गांव में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के बाद पथराव में गोवा के मंत्री सुभाष फल देसाई घायल हो गए। कुछ लोगों द्वारा मराठा सम्राट की मूर्ति स्थापित करने के बाद रविवार को मडगांव शहर के पास साओ जोस डी एरियाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। मूर्ति स्थापित करने पर एक अन्य समूह ने आपत्ति जताई थी। आज मराठा सम्राट की 394वीं जयंती है और इसे मनाने के लिए राज्य भर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। पथराव दोपहर में तब हुआ जब मंत्री प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपनी कार में बैठ रहे थे।

### लद्दाख के करगिल में 5.2 तीव्रता का भूकंप

**कारगिल (लद्दाख)।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के करगिल जिले में सोमवार रात 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, इससे किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप रात नौ बजकर 21 मिनट पर आया और इसका केंद्र करगिल से 148 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था।

## कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे, नकुल कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव

- पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी सज्जन वर्मा ने अटकलों को किया खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे तथा उनके पुत्र नकुल नाथ कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगे। कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर उनसे मुलाकात के बाद वर्मा ने यह टिप्पणी की।

वर्मा के मुताबिक, उनकी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ विस्तृत चर्चा हुई और कमलनाथ ने उन्हें बताया कि वह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की मध्य प्रदेश में सफलता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही भोपाल में एक बैठक करेंगे। यह यात्रा मार्च महीने की शुरुआत में मध्य प्रदेश में दाखिल होगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा-उन्होंने (कमलनाथ) मुझसे कहा कि मैं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रभारियों को बुलाऊंगा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करूंगा। मैंने उनके बारे में मीडिया की अटकलों के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने कहा कि मैं क्यों एक काल्पनिक प्रश्न का उत्तर दूं।

वर्मा के मुताबिक कमलनाथ ने उनसे कहा-मुझे नहीं लगता कि मुझे ऐसे काल्पनिक सवालों का जवाब देने की जरूरत है। मैंने किसी भी मीडियाकर्मी को यह नहीं बताया कि मैं (कांग्रेस) छोड़ रहा हूं या भाजपा के साथ समझौता कर रहा हूं...मुझे काल्पनिक प्रश्न का उत्तर क्यों देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के कांग्रेस छोड़ने का सवाल ही नहीं उठता और वह कहीं नहीं जा रहे। वर्मा ने कहा कि यह सोचना ही व्यर्थ है कि जिस व्यक्ति ने इंदिरा जी, राजीव जी और संजय जी के साथ काम किया है, जिन्हें इंदिरा (गांधी) का तीसरा बेटा कहा जाता है, वह पार्टी छोड़ देंगे। जिस व्यक्ति ने कांग्रेस में 40 साल बिताए हैं, वह कहीं भी कैसे जा सकते हैं ?

## केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने पर चर्चा के लिए सहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### एचपीसी की बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने दी जानकारी

केंद्र लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करने और काफी ऊंचाई पर स्थित इस केंद्रशासित प्रदेश के लिए एक विशेष लोक सेवा आयोग गठित करने की मांगों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया।

लद्दाख के विभिन्न संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे शीर्ष निकाय लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में लद्दाख के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक में यह सहमति बनी। एबीएल और केडीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में हमारी मुख्य मांगों पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया जिनमें लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा, इसे संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करना और 24 फरवरी को लद्दाख के लिए विशेष लोक सेवा आयोग के गठन की मांग शामिल है।

## पवार गुट अगले आदेश तक राकांपा शरदचंद्र पवार नाम का इस्तेमाल कर सकता : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि शरद पवार के गुट को पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' देने का निर्वाचन आयोग का सात फरवरी का फैसला अगले आदेश तक जारी रहेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आयोग के सात फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार की याचिका पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जवाब मांगा है।

### सिद्धारमैया, अन्य के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में कर्नाटक में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने मामले में कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया और सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों एम.बी. पाटिल और रामलिंगा रेड्डी के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी। न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर भी रोक लगा दी जिसमें उन पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

## मतपत्र, मतगणना की वीडियो आज पेश करने का निर्देश

### चंडीगढ़ महापौर चुनाव

- उच्चतम न्यायालय ने रिकॉर्ड लाने के लिए न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने खरीद-फरोख्त होने का जिक्र करते हुए कहा है कि वह मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मतपत्रों और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो-रिकॉर्डिंग का अवलोकन करेगा। न्यायालय ने कहा कि नए सिरे से मतदान का आदेश देने के बजाय, वह पहले ही डाले गए वोटों के आधार पर नतीजे घोषित करने पर विचार कर सकता है। अदालत ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से दिल्ली लाने के लिए एक न्यायिक अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया।



भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठबंधन के खिलाफ जीत हासिल की। महापौर पद के लिए भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया, उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी के 12 के मुकाबले 16 वोट मिले। आठ वोट अवैध घोषित किए गए। निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह पर आठ मतों को विरूपित करने का आरोप लगा है। पांच फरवरी को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने महापौर चुनाव कराने वाले निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों को विरूपित किया है और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

### चुनाव अधिकारी ने मतपत्रों पर लगाए निशान मुकदमा चलाया जाना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चंडीगढ़ के महापौर के 30 जनवरी को हुए चुनाव में मतपत्रों पर अवैध रूप से निशान लगाना एक बेहद गंभीर मामला है और इसके लिए पीठासीन चुनाव अधिकारी अनिल मसीह पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मामले में पंजाब सरकार की उस याचिका को भी अनुमति देने का संकेत दिया, जिसमें बदली हुई परिस्थितियों के मद्देनजर नए सिरे से मतदान के बजाय वोटों की दुबारा गिनती की अनुमति देने की गुहार लगाई गई थी। पीठ ने पिछले माह 30 जनवरी को हुई वोटों की गिनती के दौरान चुनाव अधिकारी द्वारा मतपत्रों पर निशान लगाने के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि चुनावी लोकतंत्र में हस्तक्षेप करना सबसे गंभीर बात है और इसके लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।



# रोज 500 गेंद खेल स्पिन पर सरफराज ने बनाई पकड़

## पिता के मार्गदर्शन में 15 साल तक की कड़ी मेहनत, राजकोट टेस्ट में दो अर्धशतक जड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के आई काम
- मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की गेंद खेलते थे

सरफराज खान का अपने पदार्पण टेस्ट में इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ दबदबा बनाना संयोग नहीं है बल्कि यह अपने पिता नौशाद खान के मार्गदर्शन में 15 साल तक हर दिन 500 गेंद खेलने की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

सरफराज ने राजकोट में अपने पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जड़कर दिखा दिया कि भारतीय टीम में उनका भविष्य उज्ज्वल है। इस क्रिकेटर को अपने पिता के 'माचो क्रिकेट क्लब' में कौशल निखारने और घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक ढेरों रन बनाने के बाद पदार्पण का मौका मिला। कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के काफी काम आई। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत की। मुंबई के सरफराज की प्रगति को करीब से देखने वाले कोच ने कहा, मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की 500 गेंद खेलने से ऐसा हो पाया।

उन्होंने कहा कि (कोविड) लॉकडाउन के दौरान उसने कार से 1600 किमी की यात्रा की। मुंबई से अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, कानपुर, मथुरा और देहरादून। उसने यात्रा की और ऐसी जगहों पर खेला जहां गेंद बहुत अधिक टर्न करती है, कुछ गेंद काफी उछाल लेती हैं और कुछ नीची रहती हैं। स्पिनरों के खिलाफ आसानी से कदमों का इस्तेमाल करने वाले सरफराज ने अपने कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है। सरफराज को तैयार करने का श्रेय हालांकि सिर्फ नौशाद को नहीं जाता।

भुवनेश्वर कुमार के कोच संजय रस्तोगी, मोहम्मद शमी के कोच बदरूद्दीन शेख, कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडे, गौतम गंभीर के कोच संजय भारद्वाज और भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के पिता आरपी ईश्वरन ने भी सरफराज को निखारने में कुछ ना कुछ योगदान दिया है। इन सभी ने स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के नेट सत्र का आयोजन किया विशेषकर लॉकडाउन के दौरान। कपिल पांडे ने बताया, लॉकडाउन के दौरान नौशाद ने मुझे फोन किया क्योंकि हम दोनों आजमगढ़ के हैं और जब मैं भारतीय नौसेना का कर्मचारी था तो मुंबई में हमने क्लब क्रिकेट खेला है। इसलिए जब वह चाहता था कि उसके बेटे को अभ्यास का मौका मिले तो मुझे लगा कि यह मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान सरफराज ने हमारी कानपुर अकादमी में कुलदीप का सामना किया। उन्होंने एक साथ काफी नेट सत्र किए।

# पूर्व कप्तानों ने 'बैजबॉल' को बनाया निशाना

लंदन, एजेंसी



- नासिर और माइकल ने कहा- मेहमान टीम को मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत

इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वान ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि मेहमान टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत है। भारत ने रविवार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराकर टेस्ट क्रिकेट में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत के 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ढेर हो गई। मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही है। अंतिम दो टेस्ट रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे। वॉन ने कहा, यह स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा। हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे।

हुसैन ने कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है। इसके विपरीत अब तक श्रृंखला में दो दोहरे शतक लगाने वाले भारत के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और पदार्पण कर रहे सरफराज खान ने राजकोट में परिपक्व पारियां खेलीं और शॉट खेलने से पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा कि उन्हें यह देखने की जरूरत है कि तीसरे दिन जायसवाल और शुभमन गिल ने कैसा प्रदर्शन किया। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक दबाव झेला और फिर उन्होंने बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गईं। मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को फायदा मिला।

## खेल डायरी

### घरेलू क्रिकेट के 5 खिलाड़ियों ने कहा अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले पांच दिग्गज खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ ही खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों में बंगाल के दिग्गज मनोज तिवारी, झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी और तेज गेंदबाज वरुण आरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फैज फजल हैं। इन खिलाड़ियों ने संन्यास लेने के अलग-अलग कारण बताए हैं जिनमें इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध नहीं होना तथा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त होना है। इन कारणों से ये खिलाड़ी दूसरे काम या फिर राजनीति से जुड़ना चाहते हैं। आरोन, मनोज और फजल ने उसी मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहा जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। इन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट में निश्चित तौर पर कमी खलेगी। बंगाल के मनोज तिवारी ने सोमवार को बिहार के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर अलविदा कहा।

### केकेआर ने किया दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के विकल्प के तौर पर सोमवार को श्रीलंका के दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल किया। आईपीएल आयोजकों ने बयान में कहा कि चमीरा 50 लाख की आधार कीमत पर केकेआर से जुड़े हैं। श्रीलंका का यह तेज गेंदबाज 2018 और 2021 सत्र में क्रमश: राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का हिस्सा रह चुका है। चमीरा ने 2022 सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स का प्रतिनिधित्व किया और 12 मैच में नौ विकेट चटकाए।

### बायर्न म्यूनिख की तीसरी हार, बोकुम ने हराया

बर्लिन, एजेंसी। बायर्न म्यूनिख को रविवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जब बोकुम ने बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 11 बार के गत चैंपियन को 3-2 से हराया। इस हार के बाद बायर्न म्यूनिख की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लीवरकुसेन से आठ अंक पीछे है जबकि 12 दौर का खेल बाकी है। बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि चैंपियन्स लीग में लाजियो ने भी उसे हराया। इस प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में थामस टचेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।



### रीयाल मैड्रिड को रेयो वालेकानो ने बराबरी पर रोका

मैड्रिड, एजेंसी। रीयाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लीगा में 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में 25वां मैच जीतने में नाकाम रही जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी। रीयाल मैड्रिड को जोसेलु ने तीसरे ही मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन मेजबान टीम ने 27वें मिनट में पेनल्टी पर राल डि टॉम्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की। दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ से मैड्रिड की दूसरे स्थान पर गिरोना पर बढ़त छह अंक की रह गई है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 अंक हैं। गिरोना की टीम सोमवार को पांचवें स्थान पर चल रहे एथलेटिक बिलबाओ से खेलेगी। गिरोना के 24 मैच में 56 अंक हैं। बार्सीलोना 54 अंक के साथ तीसरे जबकि एटलेटिको मैड्रिड 51 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। अन्य मुकाबलों में छठे स्थान पर चल रहे रीयाल सोसीदाद ने मालोर्का को 2-1 से हराया जबकि सातवें स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस को 12वें स्थान पर चल रहे अलावेस ने गोल रहित बराकरी पर रोका।

# बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है विश्राम, राहुल की वापसी संभव

## पांच मैचों की श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह ने 80.5 ओवर फेंके और 17 विकेट

राजकोट, एजेंसी



भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि 'क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियों)' चोट से उबर कर लोकेश राहल टीम में वापसी कर सकते हैं। पांच मैचों की इस श्रृंखला में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 3 मैचों में 17 विकेट है। उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। भारत इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा कि टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम में शामिल होने की संभावना है। बुमराह को आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि पहले 3 टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था। भारतीय टीम रांची में श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी। वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है। उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए। श्रृंखला के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। वह इसके बाद चोट के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके।


### हम रांची में जीतने के इरादे से उतरेंगे : बेन स्टोक्स



राजकोट। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम जल्द तीसरे टेस्ट मैच में मिली हार के सदमे से उबरते हुए रांची में चौथे मैच को जीतने के इरादे से उतरेगी। स्टोक्स ने हो रही आलोचनाओं पर कहा कि हमें हार की हताशा को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। स्टोक्स भी पहली पारी में रवींद्र जाडेजा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में 41 के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे। स्टोक्स ने कहा कि हर किसी के पास किसी चीज को लेकर अपनी राय है लेकिन वास्तव में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के विचार ही हमारे लिए मायने रखते हैं। हमें पता है कि नतीजा हमेशा आपके पक्ष में नहीं आता लेकिन अभी भी हमारे पास इस श्रृंखला को 3-2 से जीतने का मौका है। हम अगले मैच की ओर बढ़ने से पहले इस हार की हताशा को यहीं छोड़ देंगे।

# नए खिलाड़ियों ने दिखाया कि अनुभव सब कुछ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- शृंखला में यशस्वी ने दो दोहरे शतक जड़कर खुद को आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर किया स्थापित

इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारत की हार के बाद टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठे थे लेकिन दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में टीम के युवा बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली है।

श्रृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल ने खुद को आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित किया और लगातार दो दोहरे शतक जड़कर इस खिलाड़ी ने साबित किया कि वह लंबी रेस का घोड़ा हैं। जायसवाल के खेल में रनों की भूख दिखती है। राजकोट में उन्होंने धैर्य से बल्लेबाजी की और क्रीज पर समय बिताने के बाद बेखौफ बड़े शॉट लगाए। अनुभवी जेम्स एंडरसन के खिलाफ 3 छक्के उनके आत्मविश्वास की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने दिखाया कि वह जरूरत के मुताबिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों शैली में खेल सकते है। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी अपने खेल से प्रभावित किया। सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ा तो जुरेल ने पहली पारी में 46 रन बनाकर बेहतर बल्लेबाजी का सबूत दिया।

जुरेल को हालांकि स्पिनरों की पिचों पर विकेटकीपिंग कौशल को थोड़ा और निखारने पर काम करना होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इन तीनों युवा खिलाड़ियों से प्रभावित दिखे। उन्होंने इनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, ये आजकल के बच्चे। लंबे समय से राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे सरफराज को विराट कोहली और लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पारी की पहली ही गेंद से पूरा आत्मविश्वास दिखाया।

# भारतीय महिलाओं ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम हारी

बुसान, एजेंसी

### विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप



भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान द. कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को हराया। दिया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को हराकर भारत की जीत की।

# छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश का रणजी मुकाबला ड्रा

- कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच इकाना स्टेडियम में खेला गया रणजी मुकाबला सोमवार को ड्रा हो गया। मैच के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के प्रियम गर्ग ने नाबाद शतकीय पारी खेली। आखिरी दिन यूपी को जीत के लिए 376 रन का लक्ष्य मिला। चाय के समय तक टीम ने तीन विकेट खोकर 201 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। बाद में दोनों टीमों के कप्तानों की सहमति से मुकाबले को ड्रॉ घोषित किया गया। मुकाबले में पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर छत्तीसगढ़ ने तीन अंक अर्जित किए, जबकि उत्तर प्रदेश को महज एक अंक से संतोष करना पड़ा। अंकों से अब दोनों टीमों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। दोनों ही टीमें पहले ही नॉकआउट राउंड से पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने आज पांच विकेट खोकर 124 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने करीब 45 मिनट बल्लेबाजी की और आठ विकेट पर 199 रन पर पारी घोषित कर दी। अजय ने 51 रनों की नाबाद पारी खेली। उत्तर प्रदेश से शिवम शर्मा ने 34 पर तीन और सौरभ कुमार ने 72 पर दो विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश को 72 ओवर में 376 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश टीम को पहला झटका 44 रन पर लगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी 14 रन पर आउट हो गए। उन्होंने जीवेश की गेंद पर अनुज तिवारी को आसान कैच थमा दिया। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने उतरे शिवम ने प्रियम गर्ग के साथ पारी को संभला। लेकिन शिवम शर्मा ज्यादा देर नहीं टिक सके। उन्हें रिटायर हर्ट करार दिया गया। कप्तान नितीश राणा 20 और करन शर्मा 10 रन बनाकर आउट हो गए।



शतकीय पारी खेलने वाले प्रियम।

# बॉलीवुड हलचल

## बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक जारी



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' के टाइटल ट्रैक को अनिरुद्ध रविचंदर और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे है, जबकि विशाल मिश्रा ने इसे कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष रिलीज की जाएगी।

### अरविंद और पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत गाना करेजा करीना नियन को अरविंद अकेला कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है। गाना करेजा करीना नियन को लेकर कल्लू ने कहा कि यह गाना भोजपुरी के तमाम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेगा इसमें वह पूरी क्षमता है। गाने का निर्माण भव्य पैमाने पर हुआ है, जो किसी को भी अपना दीवाना बना लेने वाला है। शिल्पी राज एक बेहतरीन सिंगर है और पारुल ठाकुर उतनी ही बेहतरीन अभिनेत्री है। दोनों के साथ मिलकर हमने एक मजेदार गाना बनाया है। उम्मीद करता हूं कि सभी को पसंद आयेगा और आप खूब आशीर्वाद से नवाजेंगे साथ ही इस गाने को चार्टबस्टर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी गाने अपने दर्शकों के लिए बनाते हैं और यह गाना भी उन्हीं को समर्पित है। अक्सर लड़कियों की ख्वाहिश आम जिंदगी में बॉलीवुड स्टार जैसे दिखने की होती है।

## माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज



मुंबई, एजेंसी। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज हो गया है। 'रंग डाला रंगदार' होली सांग वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में गोल्डी यादव के साथ माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को होली में रंग गुलाल लगाने की हिदायत दे रही है और उसे होली खेलने का ऑफर भी कर रही है। गाने की वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को ऑफर देते हुए कहती है कि... रंग छोटा लगाइएगा गाल को कवर मत करिएगा लेकिन दिल से मोहब्बत को जता के जाईएगा। इस बात को माही श्रीवास्तव शानदार ठुमका लगाते हुए रंग से सराबोर और सखी सहेलियां के साथ नाचते, गाते हुए कहती है कि... 'होली में तोहरा के देत बानी ऑफर, छोटा लगाइहा गाल करब ना काभर, दिल के मोहब्बत तू जता के जइहा हो, ये इयार रंगदार रंग लगा के जइहा हो...' इस गाने को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि फागुन का महीन अब बस शुरू होने ही वाला है। जिसमे हर तरफ रंग और गुलाल उड़ता हुआ नजर आएगा। ऐसे में लोगों को फागुन के गीत सुनना बहुत पसंद आते हैं इसी त्योहार को ध्यान में रखते हुए हमने होली के गीत रिलीज करने शुरू कर दिए हैं जिससे दर्शकों की होली इस बार और भी रंगीन हो जाए। गाने को दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जो दर्शकों को अभी से पसंद भी आ रहा है। वही माही श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे गाने में काम करके बहुत मजा आया है क्योंकि होली मेरा फेवरेट त्योहार है। इस गाने में मैंने होली आने से पहले ही होली का आनंद ले लिए। वन में सभी एक दूसरे को रंग लगा रहे हैं। गाना परफॉर्म करते समय पता ही नहीं चला कि हम शूट पर हैं।

## छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाएंगे रितेश देशमुख



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रितेश देशमुख, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। रितेश देशमुख फिल्म 'राजा शिवाजी' का निर्देशन करने जा रहे हैं, जबकि जेनेलिया देशमुख, ज्योति देशपांडे फिल्म की प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म 'राजा शिवाजी' की अनाउंसमेंट की। साथ ही कैप्शन में मराठी में लिखा गया है, इतिहास के गर्भ में एक ऐसी शख्सियत ने जन्म लिया जिसका अस्तित्व नश्वरता से भी आगे निकल गया। एक छवि, एक किंवदंती, जो ज्वलंत प्रेरणा की एक शाश्वत भट्टी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज.. सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हैं। ये साढ़े तीन सौ साल की एक अनुभूति है, असाधारण वीरता की एक चिंगारी है.. हर किसी के दिल में उगता हुआ आशा का एक महान सूरज है। शिव राय की महागाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करना हमारी प्रबल महत्वाकांक्षा थी। एक शानदार बेटे की महाकाव्य यात्रा जिसने एक विशाल शक्ति को उखाड़ फेंका और स्वराज्य की लौ जलाई. एक योद्धा, जहां बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती. जिन्होंने ज़मीन पर नहीं बल्कि रैयतों के दिमाग पर शासन किया... और इसलिए सभी के मुखी का नाम... 'राजा शिवाजी।


### निरहुआ-आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पूर्वांचल वेब सीरीज का निर्माण यशी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से हुआ है। यह फिल्म 21 फरवरी को ओटीटी ऐप चौपाल पर रिलीज की जाएगी। इसे लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व वेब सीरीज है जिसकी कहानी सत्य घटनाओं से प्रेरित कहा जा सकता है। यह पूर्वांचल के लोगों की अपनी कहानी है। इसलिए हम पूर्वांचल की जनता से आग्रह करेंगे की विशेष कर अपनी इस कहानी को जरूर देखें और अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अभय सिन्हा की पहल पर इस वेब सीरीज का निर्माण हुआ है और हम इसकी सराहना भी करते हैं कि उन्होंने भोजपुरी में भी एक शानदार शुरुआत की है, क्योंकि जिस दौर में दुनिया भर में सिनेमा आ चुकी है, उसे दौर में अब भोजपुरी काफी पदार्पण इस सीरीज के माध्यम से हो रहा है यह हम सबों के लिए गर्व की बात है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## मनमोहक



गुवाहाटी में सोमवार को आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। ● एजेंसी

## ब्रिटेन के स्कूलों में मोबाइल प्रतिबंधित

**लंदन, एजेंसी:** ब्रिटेन सरकार ने अधिकारियों को विद्यार्थियों के व्यवहार, ध्यान को बेहतर बनाने, सीखने में व्यवधान को रोकने तथा बच्चों को साइबरबुलिंग और चिंता से बचाने के लिए हर स्कूल में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए दिशानिर्देश जारी हुआ है, जिसमें स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश हैं। स्कूल को मोबाइल फोन के प्रयोग पर रोक लगानी चाहिए, न केवल कक्षाओं के दौरान बल्कि ब्रेक और दोपहर के भोजन के समय भी।

### कटरा से बारामूला तक विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

- परियोजना पूरा होने से जम्मू से श्रीनगर साढ़े 4 घंटे में जा सकेंगे
- संगलदान से बनिहाल तक 16 पुल, जिनमें 11 प्रमुख

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर में पहली विद्युत चालित ट्रेन मंगलवार से शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू में एक जनसभा में कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली श्री माता वैष्णो देवी कटरा से बनिहाल के बीच के 111 किलोमीटर के निर्माणाधीन खंड में बनिहाल से खड़ी, सुंबड़ के रास्ते संगलदान तक 48 किलोमीटर के खंड के साथ ही संगलदान से बारामूला तक करीब 185 किलोमीटर की लाइन के विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे और घाटी की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। नई लाइन के चालू होने और विद्युतीकृत ट्रैक के उद्घाटन के साथ ही अब कश्मीर घाटी में बारामूला से संगलदान तक 20 स्टेशनों वाले इस सेक्शन में स्वच्छ ईंधन से रेल परिवहन का नया इतिहास लिखा जाएगा। श्रीनगर होते हुए बारामूला तक लगभग 138 किलोमीटर का खंड तथा ऊधमपुर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक 23 किमी का खंड पहले ही बन चुका है।

रामबन जिला मुख्यालय के पास स्थित शहर संगलदान से बनिहाल के खंड में कुल 16 पुल हैं, जिनमें 11 प्रमुख पुल, 4 छोटे पुल और 1 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) शामिल हैं। इस खंड का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सुरंगों में है, जिसमें कुल 11 सुरंगें हैं जो 43.37 किलोमीटर की लंबाई में हैं, जिसमें देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग, टी -50 भी शामिल है, जो खड़ी-सुम्बर खंड में 12.77 किलोमीटर लंबी है।

सुरक्षा और बचाव के लिए, 3 एस्केप सुरंगें हैं, जिनकी कुल लंबाई 30.1 किमी है। इस खंड में 23.72 किमी तक फैले 30 मोड़ शामिल हैं। यात्री सुरक्षा और आराम को और बढ़ाने के लिए, कई उन्नत सुविधाओं को शामिल किया गया है।

## एक नजर

### पूर्वी अफगानिस्तान में भूस्खलन से 5 की मौत

**इस्लामाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण हुए भूस्खलन के चलते दूरदराज के एक गांव में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 25 लोग लापता हैं। नूरिस्तान प्रांत में तालिबान द्वारा नियुक्त सूचना एवं संस्कृति निदेशक समीउलहक हकबयान के अनुसार, रविवार रात हुए भूस्खलन के कारण नूरग्राम जिले में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए।

### आतंकियों से फिलिपीनी सैनिकों की झड़प में 8 मरे

**फिलीपीन।** सैनिकों की दक्षिणी क्षेत्र के कोहरे से ढके अंदरूनी इलाकों में उग्रवादियों से झड़प हो गई जिसमें कम से कम सात सैनिक और दो विद्रोही मारे गए। सेना के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेना प्रमुख जनरल रोमियो ब्राउनर जूनियर ने कहा कि लानाओ डेल नॉर्ट प्रांत के मुनाई शहर के पास इस्लामिक स्टेट समूह से संबंधित एक छोटे समूह दौला इस्लामिया के लड़ाकों के खिलाफ रविवार को सेना के हमले में चार अन्य सैनिक घायल हो गए। सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सैनिक अभी भी उग्रवादियों की तलाश कर रहे हैं जो घटना स्थल से भाग गए।

### धार्मिक टिप्पणी की आरोपी शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन

**मंगलुरु।** विहिप और बजरंग दल ने सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार को घंटाघर के पास विरोध-प्रदर्शन किया। शिक्षिका ने पढ़ाने के दौरान हिंदू धर्म के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन करने के लिए भाजपा विधायकों, वेदव्यास कामत और वाई. भरत शेट्टी, विहिप नेता शरण पंपवेल और पार्षदों भरत और संदीप गरोड़ी के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की। आरोप है कि सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका प्रभा ने रवींद्रनाथ टैगोर की कविता 'कार्य ही पूजा है' पढ़ाते समय हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने जांच लंबित रहने तक उनके पद से हटा दिया था।


### लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र बने थल सेना उप प्रमुख

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को थल सेना के उपप्रमुख का पदभार संभाला। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार से यह जिम्मेदारी ली है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें सैनिक सलामी दी गई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार द्विवेदी 2022 से उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश) से शिक्षित-प्रशिक्षित जनरल द्विवेदी को 1984 में 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में नियुक्त किया गया था और तरक्की करते करते एक दिन उन्होंने इस इकाई की कमान संभाली।

# पीटीआई ने कहा- सुन्नी इत्तेहाद में निर्दलीय होंगे शामिल

### चुनावी परिणाम से पाकिस्तान में त्रिशंकु संसद की स्थिति, निर्दलियों को अधिसूचना के 3 दिन में पार्टी में शामिल होना था

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सोमवार को कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। मुस्लिम बहुल देश में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का एक गठबंधन है जो सुन्नी इस्लाम के मत के अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर खान ने कहा नेशनल असेंबली, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं में हमारे उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। पीटीआई द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने संसद में अधिकतम सीटें जीती हैं लेकिन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा की है कि वे 8 फरवरी के चुनावों के परिणाम के बाद गठबंधन सरकार बनाएंगे। चुनाव के परिणाम के बाद देश में त्रिशंकु संसद की स्थिति बन गई। चुनाव में जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को परिणामों की अधिसूचना के तीन दिनों के भीतर एक पार्टी में शामिल होना था। पीएमएल-एन और पीपीपी द्वारा चुनाव के बाद गठबंधन का मतलब यह हो सकता है कि पीटीआई अगली संघीय सरकार बनाने में सक्षम नहीं होगी।

खान की पार्टी ने आरोप लगाया कि दोनों प्रतिद्वंद्वी दल जनादेश को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। खान की संकटग्रस्त पार्टी को शनिवार को उस समय बड़ा हौसला मिला जब रावलपिंडी में चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया कि चुनाव में धांधली हुई है। पीटीआई ने मतदान में धांधली के आरोप लगने पर रविवार को चुनाव परिणामों में हेरफेर की न्यायिक जांच की मांग की। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में नेशनल असेंबली की 93 सीटें जीती। पीएमएल-एन ने 75 सीटें जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी अपनी 17 सीटों के साथ उनका समर्थन करने पर सहमत है। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 265 सीटों में से 133 सीटों पर जीत दर्ज करना जरूरी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव रद करने की याचिका लगाने वाले को फटकारा

**इस्लामाबाद।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कथित धांधली के कारण चुनावों को अमान्य घोषित करने की अपील करने वाले याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी को सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित नहीं रहने पर कड़ी फटकार लगाई और तलब किया। डान अखबार की खबर के मुताबिक प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अगुवाई वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अली खान की याचिका पर सुनवाई की लेकिन याचिकाकर्ता अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली भी शामिल थे। अदालत ने कहा, "क्या याचिका केवल प्रचार के लिए दायर की गई थी? इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। हम उच्चतम न्यायालय का गलत तरीके से इस्तेमाल नहीं होने देंगे।" पीठ ने यह भी कहा कि याचिका 12 फरवरी को दायर की गई थी लेकिन मीडिया में इसकी रिपोर्ट पहले ही आ गई थी।

## सेना में महिलाओं को उच्च पद देने से जुड़ी नीति 31 मार्च तक

- पीठ ने केंद्र से अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र ने उच्चतम न्यायालय को सोमवार को बताया कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों को उच्चतर पद दिये जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर बालासुब्रमण्यन की दलील पर गौर किया और निर्देश दिया कि एक अप्रैल तक एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए।

पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। बालासुब्रमण्यन ने पीठ से कहा, ''महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति और नियमित बड़ी इकाई में कमान सौंपे जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी।'' कुछ महिला अधिकारियों का न्यायालय में प्रतिनिधित्व कर रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहन ने कहा कि पदोन्नत किये गए सभी 225 पुरुष अधिकारियों को नियमित बड़ी इकाइयों में कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि 108 महिला अधिकारियों में से केवल 32 को नियमित इकाइयों में कमान सौंपी गई है। पिछले साल चार दिसंबर को शीर्ष अदालत को बताया गया था कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति के मुद्दे का हल करने के लिए एक नीति तैयार करने और कर्नल से ब्रिगेडियर रैंक पर उनकी पदोन्नति पर विचार करने का कार्य जारी है। उस वक्त शीर्ष अदालत ने सेना को एक नीति तैयार करने के लिए 31 मार्च 2024 तक का समय दिया था।

## हूती विद्रोहियों के हमले में बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान

- अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया

**दुबई, एजेंसी**

लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले बाब अल-मनदेब जलडमरूमध्य में हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में मध्य अमेरिकी देश बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते चालक दल के सदस्यों को जहाज खाली करना पड़ा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने बताया कि रविवार को हूती विद्रोहियों के हमले की चपेट में आए जहाज को काफी नुकसान हुआ है। केंद्र ने कहा, सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि चालक दल ने जहाज खाली कर दिया है। जहाज को किनारे लाकर खड़ा कर दिया गया है और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हूती ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि जहाज पर अब डूबने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, जहाज को भीषण नुकसान हुआ है और उसे पूरी तरह से रोक दिया गया है। अभियान के दौरान हमने चालक दल की जहाज से सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया है। हालांकि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी बलों ने तत्काल इस दावे की पुष्टि नहीं की है। हूती विद्रोही इससे पहले अमेरिकी ड्रोन को मार गिरा चुके हैं। सारी ने दावा किया कि एक अन्य हमले में हूती बलों ने लाल सागर से लगे यमन के हुदैदा बंदरगाह के निकट एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि हूती "वायु रक्षा बलों ने यहूदियों के इशारे पर हमारे देश के खिलाफ शत्रुतापूर्ण मिशन को अंजाम देने जा रहे अमेरिकी ड्रोन एमक्यू-9 को मिसाइल के जरिए मार गिराया।

## पकिस्तान में संगीत कार्यक्रम में पथराव

**लाहौर।** पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान कट्टरपंथी छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने इस्लामी नारे लगाते हुए प्रतिभागियों पर पथराव किया। घटना रविवार शाम पत्रकारिता विभाग के बाहर हुई, जहां 180 से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षक रात्रिभोज के लिए एकत्र हुए थे। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार एक छात्र पंजाब विश्वविद्यालय के संचार अध्ययन विद्यालय में अपने हार्मोनियम के साथ प्रख्यात गायक नुसरत फतेह अली खान के गीत पर प्रस्तुति दे रहा था, तभी कट्टरपंथी इस्लामी जमीयत तुलेबा (आईजेटी) के करीब 10 सदस्यों का समूह वहां पहुंचा और प्रतिभागियों पर पथराव कर दिया उन्होंने कहा कि हमलावरों ने इस्लामी नारे लगाए।

## पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत में तलब

- लापता बलोच छात्रों के मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट के निर्देश
- दूसरी बार पेश नहीं होने पर न्यायाधीश ने जताई नाराजगी

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ को कई लापता बलोच छात्रों से संबंधित मामले में दूसरी बार पेश होने में विफल रहने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मोहसिन अख्तर कयानी ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अदालत में आने को अपमान नहीं समझना चाहिए। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, न्यायाधीश ने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अगली सुनवाई के लिए कराची नहीं जाना चाहिए, बल्कि इस अदालत के सामने पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को इसलिए बुलाया गया क्योंकि वह जवाबदेह हैं। उच्च न्यायालय ने सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित करते हुए काकड़ को फिर से तलब किया। यह दूसरी बार है जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पिछले साल नवंबर में अदालत ने सरकार को लापता छात्रों को सात दिन के भीतर बरामद करने का निर्देश दिया था।

## दिल्ली दंगेः हत्या के 4 आरोपी कोर्ट से बरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 के दंगों में हुई दो की हत्या के 4 आरोपियों को बरी करते हुए कहा है कि कोई सबूत नहीं पेश किया गया कि आरोपी दंगाई भीड़ का हिस्सा थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रामचला यहां अशोक, अजय, शुभम और जितेंद्र कुमार नाम के व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज दो मामलों की सुनवाई कर रहे थे। इन पर, संप्रदायिक हिंसा के दौरान 25 फरवरी 2020 को बृजपुरी में अशफाक हुसैन और जाकिर की हत्या का आरोप है। अदालत ने पिछले हफ्ते जारी किये दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि कोई भी आरोपी व्यक्ति हुसैन और जाकिर की हत्या में संलिप्त था।

## भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामदगी पर जमानत में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिएः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतों को ऐसे मामले में आरोपी को नियमित जमानत देने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, जिसमें भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया हो और खासकर तब जब आरोपी का कथित तौर पर आपराधिक इतिहास हो। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 232.5 किलोग्राम गांजा की कथित जब्ती से संबंधित एक मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस बात पर विचार करने में विफल रहा कि आरोपी का आपराधिक इतिहास था और उसे पहले से ही स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। पीठ ने 12 फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि इतनी भारी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी के मामले में, अग्रिम जमानत की तो बात छोड़िए, अदालतों को आरोपी को नियमित जमानत देने में धीमी गति से काम करना चाहिए, खासकर तब जब आरोपी का आपराधिक इतिहास हो। अदालत उच्च न्यायालय के जनवरी 2022 के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु राज्य द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसने एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी थी।

## इजराइल-हमास युद्ध में अब तक 29 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत

- गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया खुलासा, मरने वालों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे

**रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास के शासन वाले गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 24 घंटे में 107 शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिसके बाद युद्ध शुरू होने से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 29,092 हो गई है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितने आम लोग और कितने लड़ाके मारे गए हैं। हालांकि उसने बताया कि मारे गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि 69 हजार से अधिक फलस्तीनी घायल हुए हैं। सात अक्टूबर को हमास के चरमपंथियों ने दक्षिण इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1,200 के आसपास लोग मारे गए थे, जबकि करीब 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था।

## अट्टुकल पोंगाला उत्सव



तिरुवनंतपुरम में सोमवार को अट्टुकल पोंगाला उत्सव से पहले बच्चे अटुकल भगवती मंदिर में कुथियोट्टम अनुष्ठान करते हुए। ● एजेंसी

**नई खोज** एक अदृश्य चंद्रमा क्षुद्रग्रह के छल्लों की रचना करता है, शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने

# किसी क्षुद्रग्रह के भी होते है शनिग्रह के समान छल्ले

**संवाददाता, नैनीताल**



**अमृत विचार :** किसी क्षुद्रग्रह के शनिग्रह के समान छल्ले (वलय) भी हो सकते हैं। यह हैरान करने वाली खबर है। वैज्ञानिकों को इस क्षुद्रग्रह पता 2013 में चल गया था। मगर इसके छल्लों का रहस्य अब उजागर हो पाया है। नई खोज के अनुसार एक अदृश्य चंद्रमा इस क्षुद्रग्रह के छल्ले बनाने में मदद कर रहा है।

चारिक्लो एक छोटी सी दुनिया है, जो मात्र 320 किमी से भी कम चौड़ी है। यह अन्य क्षुद्रग्रह की तरह ही है और शनि व यूरेनस के बीच परिक्रमा करता है। चारिक्लो के दो पतले छल्ले हैं, जिनकी चौड़ाई केवल कुछ मील की है। वर्ष 2013 में इसे खोजा गया था। तब से वैज्ञानिक इस बात पर हैरान थे कि इस

क्षुद्रग्रह के छल्ले कैसे बने होंगे और वह किस तरह का व्यवहार करते हैं। इसका पता लगाने के लिए टक्सन, एरिज़ोना में प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट और सैन एंटोनियो, टेक्सास ट्रिनिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दाफाश किया है। उनका कहना है कि इसका एक छोटे से आकर का अदृश्य चंद्रमा है। शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि वे संभवतः पानी की बर्फ से बने हैं। लाखों वलय कणों का मॉडलिंग करके निर्धारित किया कि एक छोटा सा चंद्रमा उन्हें बनाए रखने में मदद कर सकता है।

शनि ग्रह की पतली एफ रिंग भी इसी तरह की है। चारिक्लो के चारों ओर दो पतले छल्लों की खोज अपनी तरह की पहली आश्चर्यजनक खोज है। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए यह रहस्य उजागर हो सका। पिछले साल वेब को इसकी जांच को लगाया गया था और जो डेटा हासिल प्राप्त हुआ, उसीसे वैज्ञानिक इस निष्कर्ष तक पहुच पाए।

### 1600 के दशक में पहली बार दूरबीन से देखे गए थे शनिग्रह के छल्ले

**नैनीताल :** हमारे सौर मंडल में गैस के विशाल ग्रहों में रिंग सिस्टम हैं। जिनमें शनि की वलय प्रणाली को 1600 के दशक में दूरबीन से पहली बार देखा गया था। 1970 और 80 के दशक में नासा के वोयाजर अंतरिक्ष यान ने बृहस्पति और नेपच्यून के छल्ले देखे। 1977 में यूरेनस के छल्ले देखे गए थे। हमारे सौर मंडल में सभी चार गैस विशाल ग्रह को वलय के रूप में जाना जाता है।

# अनुच्छेद 370 से संबंधित दावे के लिए नेशनल कांफ्रेंस आजाद पर भड़की

**श्रीनगर, एजेंसी**

नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद पर यह दावा करने के लिए सोमवार को निशाना साधा कि अनुच्छेद 370 हटाने से पहले पार्टी के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला से विचार-विमर्श हुआ था। आजाद ने आरोप लगाया कि ऐसी अफवाह थी कि फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बारे में पहले से पता था और सार्वजनिक रूप से उन्होंने सरकार से उन्हें जेल में रखने के लिए कहा था। श्री आजाद ने यह भी कहा कि एनसी नेता अक्सर केंद्रीय नेताओं के साथ देर रात का समय मांग रहे थे। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि बहुत दुख की बात है कि "राजनीतिक हल्के में बने रहने के लिए आजाद ने इतने निचले स्तर का बयान दिया है। उनके जैसे नेता को ये बातें नहीं करनी चाहिए, जिन्हें वह खुद गपशप कहते हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस हमेशा धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी रही है, खड़ी रहेगी और अब समय आ गया है कि आजाद कांग्रेस से अलग होने व जम्मू-कश्मीर में अपनी पार्टी बनाने का असली कारण बताएं।

### आजाद 2015 में राज्यसभा सीट के लिए मांग रहे थे भीख



**श्रीनगर।** एनसी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुलाम नबी आजाद पर निशाना साधा और कहा कि पूर्व कांग्रेस नेता 2015 में जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीट के लिए उनसे भीख मांग रहे थे। एनसी उपाध्यक्ष ने आजाद के दावों का मजाक उड़ाते हुये कहा, "वाह भाई वाह गुलाम नबी आज़ाद, आज इतना गुस्सा। वह गुलाम कहां है जो हाल ही में 2015 में जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीट के लिए हमसे भीख मांग रहा था? अब्दुल्ला को 370 के बारे में पता था। फिर भी हमें पीएसए सहित आठ महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया और आप आज़ाद थे, पांच अगस्त के बाद जम्मू-कश्मीर में एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री आज़ाद थे।